# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 02 फरवरी 2025 । वर्ष –69 । अंक –81 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ गिरजे का कंगूरा...
■ कालाहांडी के स्याह पक्ष... 04
■ खालिस्तान के बारे में क्या सोचते हैं कनाडा...
■ ऐक्शन मोड में डोनाल्ड ट्रंप, कनाडा और... 09
■ किसानों पर मेहरबान रहा बजट 2025..
■ बजट के बाद घटे सोने-चांदी के दाम... 11
■ बीसीसीआई ने तेंदुलकर...
■ विराट के मैच में दूसरी... 10



# मध्यम वर्ग को राहत.. विकसित भारत की ओर कदम

## आम बजट-2025 12 लाख की आय तक कोई कर नहीं

*नई दिल्ली, देशबन्धु।* *वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपने कार्यकाल का 8वां आम बजट पेश किया। उन्होंने उम्मीदों के अनुरूप नागरिकों को आयकर में बड़ी छूट देते हुए 12 लाख की आय तक कोई कर नहीं लेने का ऐलान किया। बजट के प्रावधान जहां मध्यम वर्ग को राहत देने वाले हैं वहीं विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाने का संकेत दे रहे हैं। गरीब, किसान, महिला, स्वास्थ्य, परमाणु ऊर्जा, शिक्षा पर खास फोकस रखने के साथ बिहार को सौगातों से नवाजा गया है। प्रावधानों से रोजगार सृजन की बात भी कही गई है। वहीं कैंसर की 36 दवाओं को करमुक्त करने की घोषणा के साथ सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास की बात कही गई है। दूसरी ओर बीमा क्षेत्र के लिए सौ फीसदी एफडीआई का ऐलान हुआ है।*



### जनता जनार्दन का बजट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे जनता जनार्दन का बजट करार दिया। उन्होंने कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं।

## गरीब, किसान, महिला, स्वास्थ्य, परमाणु ऊर्जा, शिक्षा पर खास फोकस, बिहार को सौगातें

> पिछले 10 वर्षों में हमारे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड और ढांचागत सुधारों ने विश्व का ध्यान हमारी ओर खींचा है। इस अवधि के दौरान, भारत की योग्यता और सामर्थ्य में भरोसा बढ़ता गया है।
> **– निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

| सस्ता | महंगा |
|---|---|
| मााबाईल फोन | आयातित मोमबत्तियां |
| बैटरी वाली कार | आयातित नौकाएं |
| मो. फोन बैटरी | आयातित जूते |
| भारत में बने कपड़े | सोलर सेल |
| मेडिकल उपकरण | स्मार्ट मीटर |
| इलेक्ट्रानिक्स आइटम, जूते | नीटेड फैब्रिक |
| कैंसर की दवाएं | फ्लैट पैनल डिस्प्ले |

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पेश कर दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूरे वर्ष का बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती हुई और बड़ी है। हमने पिछले 10 सालों में दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान कहा, हमारा फोकस 'ज्ञान' (जीवाईएएन) यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, मैन्युफैक्चरिंग और मेकिंग इंडिया, रोजगार और इनोवेशन पर हमारा ध्यान केंद्रित है। साथ ही कृषि और निर्यात पर हम काम कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य विकसित भारत बनाने पर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इकोनॉमी को गति देंगे। ये विकसित भारत का बजट है। उन्होंने किसानों के लिए 'धनधान्य योजना' का ऐलान किया है। उन्होंने कहा, 'किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना शुरू की जाएगी। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख की गई है।' उन्होंने कहा, 'यह बजट सरकार के विकास को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हमने इस सदी के 25 साल पूरे करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है।' ( बजट समाचार पृष्ठ 2 एवं 11 पर भी )

**- किसानों के लिए 'धनधान्य योजना'**
**-किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख**

### नई आयकर व्यवस्था

#### 12 लाख तक आय पर कोई टैक्स नहीं

| राशि | टैक्स | फायदा |
|---|---|---|
| - 4 लाख तक | कोई टैक्स नहीं | |
| - 4 से 8 लाख तक | 5 प्रतिशत | |
| - 8 से 12 लाख तक | 10 प्रतिशत | 80,000 |
| - 12 से 16 लाख तक | 15 प्रतिशत | 50,000 |
| - 16 से 20 लाख तक | 20 प्रतिशत | 90,000 |
| - 20 से 24 लाख तक | 25 प्रतिशत | 1,10,000 |
| - 24 लाख से अधिक पर(50 तक) | 30 प्रतिशत | 1,10,000 |

### बीमा क्षेत्र के लिए एफडीआई 100 फीसदी की गई

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करते हुए कहा कि बीमा क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य अगले पांच वर्षों के दौरान सभी छः क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सुधारों की पहल करना है इससे वृद्धि क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में से एक वित्त क्षेत्र है, जिसमें बीमा, पेंशन, द्विपक्षीय, निवेश, संधिया (बीटीटी) और इससे जुड़े अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

### बजट की मुख्य घोषणाएं

- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट बढ़ाकर 1 लाख रुपए की
- भारत खिलौना हब बनेगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी की गई।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन- मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।
- मखाना बोर्ड बनाया जायेगा
- रेहड़ी-पटरी वालों को क्रेडिट कार्ड पर 30 हजार लोन।
- ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा।

### यह केवल गोली के घाव पर पट्टी लगाने जैसा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस बजट को गोली के घावों के लिए बैंडेज जैसा बताया। उन्होंने कहा कि यह सरकार विचारों के मामले खोखली है।

### सरकार की तरह हर आंकड़ा झूठा : अखिलेश



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, यह सरकार झूठी है, जो एक महाकुंभ नहीं करा सकती, उसका हर आंकड़ा आज के बजट में झूठा है। जो मरने वालों का आंकड़ा न दे पाए, हम बजट के आंकड़ों का क्या करेंगे।

### क्रांतिकारी बजट : डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कल्याणकारी, सर्व-स्पर्शी और समावेशी है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** केन्द्र सरकार ने 12 लाख की आय तक कोई कर नहीं लगाने का ऐलान किया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** सालाना 12 लाख आय हासिल करने के साधन भी बनाए जाना चाहिए।

### केंद्रीय बजट में रेलवे 2.55 लाख करोड़ आवंटित



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय बजट में रेलवे मंत्रालय के लिए 2.55 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इनमें राजस्व में 3445 करोड़ रुपये और कैपिटल एक्सपेंडिचर में 2,52,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस तरह रेलवे बजट में कुल 2,55,445 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बजट में पेंशन फंड में 66 हजार करोड़ रुपये रखे गए हैं। नई लाइनें बिछाने के लिए 32,235 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। लाइनों के दोहरीकरण में 32,000 करोड़ और गॉज लाइन में बदलने में 4,550 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। बजट में सिग्नलिंग और टेलीकॉम के लिए 6800 करोड़, विद्युत लाइनों के लिए 6,150 करोड़ रुपये, स्टाफ कल्याण पर 833 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। रेलवे स्टाफ की ट्रेनिंग उद्देश्य के लिए 301 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं रेलवे सेफ्टी फंड में >>शेष पृष्ठ 2 पर

**ऐलान** **नया आयकर कानून लाने जा रही सरकार**

## संसद में अगले सप्ताह पेश होगा नया आयकर विधेयक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत दी है। सरकार ने घोषणा की कि 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नया आयकर विधेयक अगले सप्ताह संसद में पेश किया जाएगा। निर्मला सीतारमण ने करदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए कर सुधारों को लागू करने में सरकार के एक दशक लंबे प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की है कि सरकार के सुधार एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए अगले सप्ताह एक नया आयकर विधेयक पेश किया जाएगा।

दरअसल, देश में इस समय आयकर अधिनियम, 1961 लागू है। सरकार अब इसकी जगह पर एक नया आयकर कानून लाने जा रही है, जिसे बजट सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा। इसे लाने का सबसे बड़ा उद्देश्य है मौजूदा आयकर प्रक्रिया को आसान, स्पष्ट और सरल बनाना है। आयकर विधेयक का मसौदा हाल ही में विधि मंत्रालय के पास भेजा गया था। वित्त मंत्री ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करते हुए बताया कि नया इनकम टैक्स कानून एक नया कानून होगा, न कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन। नया इनकम टैक्स कानून आसान और छोटा होगा और इसे अगले सप्ताह लोकसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने बजट में मानक कटौती के साथ 12 लाख रुपये तक की आय को कर मुक्त करने की घोषणा की। करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर के स्लैब में बड़े बदलाव किए गए हैं।

**देश में इस समय आयकर अधिनियम, 1961 लागू है**

### चार लाख तक की आय पर कोई कर नहीं

उन्होंने कहा, मैं कर दर संरचनाओं को संशोधित करने का प्रस्ताव करती हूं। शून्य से चार लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा, चार लाख रुपए से आठ लाख रुपये पर पांच फीसद, आठ लाख रुपये से 12 लाख रुपए पर 10 फीसद, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए पर 15 फीसद, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए पर 20 फीसद, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए पर 25 फीसद और 24 लाख रुपए से अधिक पर 30 फीसद आयकर देय होगा। इसके अलावा 75 हजार रुपए की मानक कटौती का लाभ भी मिलेगा। पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर वाली आय पर कर की गणना अलग से होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 75 हजार रुपए की मानक कटौती के कारण 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई कर नहीं देना होगा।


पतंजलि दिव्य
आरोग्यता का वरदान
वात, पित्त व कफ़ रोगों के लिए मेडिकल साइंस के इतिहास में पहली बार आयुर्वेद की रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स
वात रोग– डी-जेनेरेटेड कार्टिलेज सैल्स को रिपेयर एवं सभी पेन मार्कर्स को रेगुलेट कर के समस्त वात रोगों से मुक्ति दिलाने के लिए।
इसके ऊपर किये गए अनुसंधान हेतु विज़िट करें : https://pmc.ncbi.nlm.nih.gov/articles/PMC9114492/


पीड़ानिल गोल्ड एवं ऑर्थोग्रिट
कफ़ रोग– आयुर्वेद में पहली बार फेफड़ों के एल्वियोलाई को रिजुविनेट कर के, श्वसन तन्त्र को मज़बूत बनाकर, रेस्पिरेटरी सिस्टम के समस्त रोगों की निवृत्ति व कफ़, कोल्ड और अस्थमा के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधियां।
इन अनुसंधानों के लिए विज़िट करें : https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/38807596/
https://molmed.biomedcentral.com/articles/10.1186/s10020-024-00888-7


ब्रोंकोम, श्वासारि वटी, श्वासारि गोल्ड, श्वासारि प्रवाही एवं श्वासारि अवलेह
पित्त रोग– लिवर, आंतों व पाचन तन्त्र के समस्त रोगों व क्रोनिक एसिडिटी आदि के लिए सर्वश्रेष्ठ औषधियां।
इसके ऊपर की गई रिसर्च हेतु विज़िट करें : https://pmc.ncbi.nlm.nih.gov/articles/PMC9208489/
https://www.cell.com/heliyon/fulltext/S2405-8440(25)00235-X
https://www.tandfonline.com/doi/abs/10.1080/01480545.2024.2320189


लिवोग्रिट, लिवोग्रिट वाइटल, लिवामृत एड्वांस, एसिडोग्रिट व एलोवेरा जूस
पतंजलि के रिसर्च पेपर सर्च करने के लिए वेबसाइट विज़िट करें : https://patanjali.res.in/research-paper.php
हमारी सभी औषधियाँ पतंजलि स्टोर्स, प्रमुख मेडिकल, आयुर्वेदिक और बड़े स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।
ऊपर वर्णित दवा का उपयोग सुझाव मात्र है। उपर्युक्त रोगों के प्रबंधन हेतु उपचार में इसका मुख्यतः प्रयोग किया जाता है। स्वविवेक से दवाएं न लें। दवाओं का प्रयोग हमेशा चिकित्सकीय निरीक्षण में करें।

# देश-विदेश

## दक्षिणी गाजा में हमास ने रेड क्रॉस को सौंपे दो बंधक

**गाजा।** इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने दक्षिणी गाजा पट्टी में दो बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया। इस साल की शुरुआत में 19 जनवरी से शुरू हुए इस युद्ध विराम का उद्देश्य इस्राइल और हमास के बीच घातक और विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करना है। बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम का पहला चरण मार्च की शुरुआत तक चलेगा, जिसमें हमास इस्राइल के 33 बंधकों को रिहा करेगा। इसके बदले में इस्राइल करीब दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए तैयार हुआ है। हमास ने अमेरिकी इस्राइली बंधक कीथ सीगल को रेड क्रॉस को सौंप दिया। वे इस्राइल के साथ युद्धविराम समझौते के तहत शनिवार को रिहा किए जाने वाले तीसरे बंधक हैं। इससे पहले, आतंकवादियों ने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में 35 वर्षीय यार्डन बिबास और 54 वर्षीय फ्रांसीसी-इजरायली ओफर काल्डेरोन को रेड क्रॉस को सौंप दिया था।

### बजट 2025

## सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास पर ध्यान

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा –अगले 5 वर्षों को हम सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास में तेजी लाते हुए 'सबका विकास' को साकार करने के अद्वितीय अवसर के रूप में देखते हैं।'

वित्त मंत्री ने कहा, मेक इन इंडिया, इम्प्लॉयमेंट और इनोवेशन, एनर्जी सप्लाई, स्पोर्ट्स का डेवलपमेंट, एमएसएमई का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल हैं और इसका ईंधन रिफॉर्म्स हैं। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद की संभावना है। ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण राज्यों की भागीदारी से शुरू किया जाएगा। कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार बढ़ेगा। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा किसानों, ग्रामीण महिलाओं, और छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया, खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार राष्ट्रीय तेल मिशन को चला रही है। 10 साल पहले हमने ठोस प्रयास किए थे और दलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की थी। तब से आय में वृद्धि और बेहतर आर्थिक क्षमता की वृद्धि हुई है। अब सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान दे रही है। इसका विवरण दिया गया है। केंद्रीय एजेंसियों में पंजीकरण और करार करने वाले किसानों से 4 साल के दौरान सभी दलहन खरीदी जाएंगी।

### पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 11.21 लाख करोड़ रुपए किया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने शनिवार को पेश किए बजट 2025-26 में बड़ी टिकट साइज के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे हाइवे, पोर्ट्स, रेलवे और पावर सेक्टर के लिए 11.21 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसमें वित्त वर्ष 2024-25 के 10.18 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 10.2 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह आंकड़ा 2024-25 के बजट अनुमान 11.11 लाख करोड़ रुपए से मामूली 0.9 प्रतिशत अधिक है, वित्त मंत्री सीतारमण ने इस वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.11 लाख करोड़ रुपए से घटाकर 10.18 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा।

### बिहार के लिए ऐलान

**मखाना बोर्ड:** किसानों की आय बढ़ाने के लिए विज्ञान और तकनीक का सहारा लिया जाएगा। **ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट:** बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। पटना एयरपोर्ट को विस्तार दिया जाएगा। **पश्चिमी कोशी नहर परियोजना:** बिहार के मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना शुरू की जाएगी। इसके दायरे में 50 हजार हेक्टेयर का क्षेत्र आएगा। -**बिहार में नया संस्थान:** बिहार में राष्ट्रीय फूड टेक्नोलॉजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इससे पूरे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### सपा नेता ने संसद परिसर में बजट पर दी तीखी प्रतिक्रिया

## हमें बजट नहीं, महाकुभ में मौतों का आंकड़ा चाहिए : अखिलेश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो सरकार सुरक्षित महाकुंभ नहीं करा सकती, उसके बजट का हर आंकड़ा झूठा है। श्री यादव ने संसद परिसर में बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा, हमारे लिए बजट जरूरी नहीं, बल्कि महाकुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जानना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि हम बजट के आंकड़ों का क्या करेंगे, हमें कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा चाहिए। वहां अब भी लोग अपनों की तस्वीर लेकर उनकी तलाश में भटक रहे हैं।

**-अब भी लोग अपनों की तस्वीर लेकर उनकी तलाश में भटक रहे**

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को श्रद्धालुओं की मौत के जो आंकड़े बताये जा रहे हैं, वे झूठे हैं। जिस सरकार को 17 घंटे लग गये यह बताने के लिये कि वहां भगदड़ हुई है, जानें गयी हैं। महाकुंभ में हजारों सीसीटीवी कैमरे हैं, ड्रोन हैं। क्या सरकार के पास लोगों के आंकड़े नहीं हैं। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि जो सरकार हिन्दुओं के सबसे बड़े महाकुंभ का समुचित आयोजन नहीं कर पा रही है वह दुनिया में क्या अर्थव्यवस्था को खड़ा कर पायेंगे। वह बात करते हैं, विकसित भारत की, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि आप लोगों को सुरक्षित स्नान भी न करा पाएं।

उन्होंने कहा, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि शंकराचार्य कह रहे हैं कि आपका मुख्यमंत्री झूठा है। कुछ लोग खुलकर कह रहे हैं और जितने भी वहां साधु-संत और शंकराचार्य आए हैं, वे भी कह रहे हैं कि इससे बुरा महाकुंभ नहीं हो सकता था। वहां लोगों की लाशें पड़ी थीं, उस वक्त सरकार वहां फूल बरसा रही थी। क्या मरने वालों पर फूल डाले जा रहे थे या श्रद्धा के साथ आए थे, उन पर फूल बरसाए जा रहे थे।

## आचार्यकुलम विश्व का एकमात्र शिक्षण संस्थान है, जहाँ योग व आध्यात्म से प्राप्त संस्कारों से विद्यार्थी का नित्य शिखरारोहण होता है : स्वामी रामदेव



दीक्षाप्राप्त विद्यार्थियों को योग व यज्ञ के अनुशासन का सदैव पालन करना चाहिए: आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** स्वामी रामदेव महाराज व आचार्य बालकृष्ण द्वारा स्थापित आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम् में सत्र -2024-25 की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षारोहण का पावन उत्सव वैदिक रीति से संपन्न हुआ। इस सुअवसर पर आचार्यकुलम् शिक्षण संस्थान में 13 कुण्डीय विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि स्वामीजी महाराज (व परमश्रद्धेय आचार्यश्री की सूक्ष्म उपस्थिति में) गरिमामयी उपस्थिति में सत्र - 2024-25 की कक्षा 12वीं के 57 बालकों व 40 बालिकाओं सहित कुल 97 विद्यार्थियों का दीक्षारोहण वैदिक रीति से संपन्न हुआ।

मंत्रोच्चार के मध्य स्वामीजी महाराज ने प्रत्येक क्रियाविधि की सरल व्याख्या की तथा सभी विद्यार्थियों ने स्वामीजी महाराज द्वारा प्रज्ज्वलित 'महाज्ञान ज्योति' से अपने दीपों को प्रज्ज्वलित कर दीक्षारोहण की प्रतिज्ञा ली और आचार्यकुलम् से प्राप्त शिक्षा व संस्कारों को सर्वत्र प्रसारित करने का संकल्प व्यक्त किया। अंततः स्वामीजी महाराज ने सभी विद्यार्थियों को अपने करकमलों से प्रतीकचिह्न भेंट किए और सुमनवृष्टि कर शुभाशीष प्रदान किया।

आचार्यकुलम् प्रबंधन की उपाध्यक्षा डॉ0 ऋतंभरा शास्त्री 'बहनजी' व प्राचार्या सुश्री मुंशी ने भी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं हेतु शुभकामनाएँ व शुभाशीष प्रदान किए।

उक्त सुअवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका व डीन साध्वी देवप्रिया, दीदी आशु, दीदी पारुल, विशिष्ट अतिथि डॉ स्नेहा, पतंजलि शोध संस्थान के शोध विशेषज्ञ डॉ0 अनुराग वार्ष्णेय, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन0 पी0 सिंह, भारत स्वाभिमान व पतंजलि सोशल मीडिया के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल, पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलानुशासक स्वामी आर्षदेव, वैदिक गुरुकुलम् के प्राचार्य स्वामी ईशदेव, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अनिल यादव, पतंजलि कैरियर अकादमी के प्रमुख प्रदीप तथा स्वामी अर्जुनदेव सहित सभी आचार्य, कर्मचारीगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 18 बांग्लादेशी नागरिकों को डिपोर्ट किया गया

**नई दिल्ली,( एजेंसियां )।** दिल्ली के पहाड़गंज में पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 21 की पहचान की और 18 को डिपोर्ट कर दिया। पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। एक घर में छापेमारी के दौरान संदिग्ध लोग मिले, जिनके पास भारतीय और बांग्लादेशी दोनों प्रकार के दस्तावेज थे। इनके पास से पासपोर्ट और आधार कार्ड बरामद किया गया। गिरफ्तार महिला स्वीटी सरकार, उसकी बेटी और इसके साथ ही एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक महिला स्वीटी 20 साल से अवैध रूप से भारत में रह रही थी और उसका असली नाम जोहरा खातून था। वह एक ट्रैवल कंपनी में काम करती थी। स्वीटी के बारे में जानकारी मिली है कि उसने और भी लोगों के लिए इसी तरह के दस्तावेज तैयार किए हैं। इसके अलावा, एक मध्यस्थ का नाम भी सामने आया है, जिसने

**-दिल्ली के पहाड़गंज में अवैध रूप से रह रहे थे**

**-भारतीय व बांग्लादेशी दोनों प्रकार के दस्तावेज थे**

पासपोर्ट तैयार करने में मदद की थी। स्वीटी का आधार कार्ड मुनिरका से बना था और उसने 3 जुलाई 2020 को वोटर कार्ड भी बनवाया था। सेंट्रल दिल्ली जिला के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने इस संबंध में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि ये आज से 20 साल पहले दिल्ली में आ गए थे। ये लोग जब पहली बार दिल्ली में आए थे, तो मुनिरका इलाके में रुके थे, इसलिए इनके आधार कार्ड पर मुनिरका का पता है। इसके बाद ये पहाड़गंज इलाके में रहने लगे, इसलिए इनके आधार कार्ड में मुनिरका का एड्रेस है और इनका वोटर आईडी कार्ड 3 जुलाई 2020 को जारी किया गया था। इनके पहाड़गंज वाले इलाके के नाम से यह वोटर आईडी कार्ड जारी किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि इनके पास वोटर आईडी कार्ड भी था, तो ऐसे में इनके लिए पासपोर्ट बनाना आसान था, क्योंकि इन लोगों ने सबसे पहले पासपोर्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों को पहले से ही बनवा लिया। पासपोर्ट में जन्म स्थल दिल्ली बताया गया है।



## लखनऊ : औसान माता की दुरदूरिया का आयोजन

**लखनऊ।** आचार्य पार्क जानकी पुरम सेक्टर॥ लखनऊ में औसान माता की दुरदूरिया का आयोजन राजकुमार गुप्ता के द्वारा किया गया जिसमे कुल 98 सुहागिनों ने हिस्सा लिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केन्द्रीय बजट में.....

45 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। रेल मंत्रालय रेल हादसों को कम करने के लिए खास कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत देश के प्रमुख रेलवे रूट पर कचव का अपग्रेड वर्जन 4.O लगाने का काम तेजी से किया जाएग। कवच के नए वर्जन को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड आर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने हाल में अप्रूवल दे दिया है। मंत्रालय ने बजट में इसे लेकर कोई भी नई घोषणा नहीं की है और इसके बजाय पूर्व की घोषणाओं को पूरा करने पर जोर दिया गया है। रेलवे मंत्रालय के अनुसार भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त रूटों में से दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता शामिल हैं। इन दोनों रूटों को कवच से लैस किया जा रहा है। साथ ही मुंबई-चेन्नई व चेन्नई-कोलकाता रूट पर भी कवच लगाया जाएगा। इस तरह कुल मिलाकर करीब 9 हजार किमी लंबे ट्रैक को कचव से लैस करने की तैयारी है।

**रेलवे में कैपेक्स पर आवंटन बढ़ाने की थी उम्मीद-** रेलवे से जुड़े एक सूत्र के अनुसार आने वाले बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर आवंटन 20 फीसदी तक बढ़ाए जाने की उम्मीद थी। रेलवे के अनुमानों के अनुसार पिछले बजट में इस मद में मिले 2.65 लाख करोड़ रुपये में से रेलवे ने करीब 80 फीसदी खर्च कर लिए हैं। एक शीर्ष अधिकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं नवीन कुमार शर्मा आत्मज श्री विनोद कुमार शर्मा 6वीं बटालियन एस.ए.एफ रांझी जबलपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय सुरक्षा कंपनी (पी.एस.ओ.) में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ मेरा बैच नंबर 703 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम नवीन कुमार शर्मा पिता का नाम विनोद कुमार शर्मा एवं माता का नाम श्रीमती रमा देवी दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड परिचय पत्र मे मेरा नाम नवीन शर्मा पिता विनोद शर्मा दर्ज है तथा मेरी माता जी के आधार कार्ड में मेरी माता जी का नाम रामचन्द्री देवी दर्ज है! अतः मुझे नवीन शर्मा पिता का नाम विनोद शर्मा एवं माता का नाम रामचन्द्री देवी के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें !

पुराना नाम -नवीन कुमार शर्मा
पिता का पुराना नाम-विनोद कुमार शर्मा
माता का पुराना नाम-श्रीमती रमा देवी
नया नाम - नवीन शर्मा
पिता का नया नाम -विनोद शर्मा
माता का नया नाम-
श्रीमती रामचन्द्री देवी

र.नं. 2891

## न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1344/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 31/01/25

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम लाल पटैल बगैरह पिता स्व. झुन्नी लाल पटैल निवासी रानीताल चौक जबलपुर के द्वारा मौजा हिनौतिया ब्लॉक नं. .... प्लॉट नंबर .... स्थित भूमि खसरा नं. 74/2 में से रकवा 0.0080 हे. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में झुन्नीलाल पटेल के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। स्व. झुन्नी लाल पटेल की मृत्यु दिनांक 10/05/1972 को हो जाने के कारण पेपर प्रकाशन हेतु। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/02/25 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-31/01/2025
पेशी दिनांक-16/02/2025

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

र.नं. 2869

## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा
दिनांक 31.01.2025

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** सीपीएम-जीएसयू-जबल-02-2025, दिनांक 31.01.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहित: पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल पर गोसलपुर स्टेशन पर गुड्स शेड के विस्तार के कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹ 9,78,61,215/-. **बयाना राशि:** ₹ 6,39,300/-. **समापन अवधि:** 18 माह। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 28.02.2025. **निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथि:** 28.02.2025. उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बार्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

*सहायक मंडल अभियंता*
*गति शक्ति यूनिट, जबलपुर*

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 14634584W EX. NAYAK अशोक कुमार पाठक पिता श्री यज्ञनारायण पाठक निवासी- मकान नं. 27, वार्ड नं. 02, शिव मंदिर के पास, किरहाई, अन्दवा, जिला रीवा मध्य प्रदेश- 486223 कि मेरा आधार कार्ड नं. 5667 5425 8971 है।

यह कि मैं आर्मी में नायक के पद पर पदस्थ था. मेरा वर्ष 2018 को रिटायर्डमेंट हुआ है।

यह कि मेरी सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम बेलादवी ( BAILA DAVI ) एवं उनकी जन्म तिथि 01 जुलाई 1954 त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गयी है।

यह कि मैं पूर्ण रूप से सत्यापित करता हूँ कि मेरे माताजी के आधार कार्ड में उनकी जन्म तिथि 01/01/1957 हैं एवं उनका नाम बेलाकली पाठक और पेन कार्ड जिसका कमाक- HIVPP8433G है। जिसमें मेरी माताजी की जन्म तिथि 01/01/1957 और नाम बेलाकली पाठक दर्ज है जो सत्य एवं सही है।

यह कि मेरे ई.सी.एच.एस. कार्ड में मेरी माताजी का नाम बेलादवी ( BAILA DAVI ) एवं उनकी जन्म तिथि 01 जुलाई 1954 दर्ज है जो कि गलत है।

यह कि मेरा महोदय जी से निवेदन है कि मेरी माताजी का नाम एवं उनकी जन्म तिथि मेरी सर्विस रिकार्ड में उनके आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के अनुसार दर्ज की जावें।

दिनांक-28/01/2025

शपथकर्ता
अशोक कुमार पाठक

र.नं. 2797

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती रानू जैन पति दीपक कुमार जैन पता 95, देवताल रोड चिकनी कुंआ वीरेन्द्र पुरी वार्ड जबलपुर के प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार ने संपत्ति मौजा गढा, नं बं. 599 प. हल्का नं. 6 प्लाट नं. 18 खसरा नं. 468/5, 508/3, 508/4 में से प्लाट रकवा 1029 वर्गफीट रानीदुर्गावती वार्ड नं. 17 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर को क्रय किये जाने का सौदा विक्रेता श्री नारायण सिंह पिता श्री धीरज सिंह से किया है उपरोक्त संपत्ति विक्रेता ने रजि. विक्रय पत्र दिनांक 04.12.2023 ई रजि. नं. MP182552023 A12616312 के जरिये श्री पंकज महेरे, अतुल महेरे दोनों के पिता श्री फुंदीलाल महेरे एवं ऋषभ महेरे पिता स्व. सुभाष महेरे, प्रकाश महेरे पिता स्व. जागेश्वर प्रसाद महेरे, श्रीमती सुशीला महेरे पति स्व. जागेश्वर प्रसाद महेरे, अभिलाष महेरे पिता स्व. जागेश्वर महेरे, विकास महेरे पिता स्व. श्री जागेश्वर महेरे से क्रय की थी उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी/गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को क्रय-विक्रय में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 03 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष मय दस्तावेजों सहित, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर दिनांक : 29-01-2025

प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा
जबलपुर, मो.नं. 9300122264

## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं, रितिक सोनकर, पिता श्री नीलू सोनकर, निवास-म.नं. 514, भरतीपुर, सांई मंदिर के पास, हाई कोर्ट, जबलपुर (म.प्र.) - 482007 के पहचान पत्रों में पिता का नाम "नीलू सोनकर" एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक दस्तावेजों में "अनिल सोनकर" दर्ज है। मेरे पिता का नाम सुधार कर "नीलू सोनकर" कर रहा हूँ। अतः आज दिनांक 25.01. 2025 से मेरे पिता को परिवर्तित नाम "नीलू सोनकर" से जाना, पहचाना, लिखा-पढ़ा व समझा जावें ।

मेरे पिता का पुराना नाम-
नीलू सोनकर, अनिल सोनकर
नया नाम-नीलू सोनकर

र.नं. 2803

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बरगी जिला जबलपुर

क्रं./277/री.ना.तह./बरगी/2025
जबलपुर, दिनांक 31.01.2025

### आम इश्तहार

ग्राम बरबटी तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रेवाराम पिता भजनलाल, निवासी रैपुरा, तह. व जिला जबलपुर ने ग्राम रैपुरा प.ह.नं. 44 रा.नि.नं. बरगी तह. व जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 201 रकवा 0.830 हे. भूमि मृत खातेदार श्यामबाई साहू पिता सुखई साहू का नाम विलोपित कर स्वंय का नाम दर्ज किये जाने अविवादित फौती नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 10.02.2025 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 31/01/2025
पेशी दिनांक 10/02/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील बरगी

र.नं. 2892

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं विजय कुमार उम्र 56 वर्ष आत्मज स्व श्याम लाल निवासी म.नं 1918. डिफेन्स कालोनी, फेस-2. बिलपुरा वार्ड नंबर 78. थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 1301 है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम श्याम लाल दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड, अंकसूची बैंक पासबुक ड्रायविंग लायसेंस में मेरे पिता का नाम श्याम लाल कनोजिया दर्ज है। में अपने सर्विस रिकार्ड में अपने पिता का नाम श्याम लाल कनोजिया संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ अतः मेरे पिता को श्याम लाल कनोजिया के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जायें !

पुराना नाम -
श्याम लाल
नया नाम -
श्याम लाल कनौजिया

र.नं. 2891

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार अजय तिवारी पिता स्व. रामलाल तिवारी उम्र लगभग 57 वर्ष, निवासी म.नं. 51 वार्ड क्रमांक 2 किसानी मौहल्ला बरेला जिला जबलपुर म.प्र. ने एक संयुक्त विक्रय पत्र लक्ष्मण श्रीपाल, विद्या बाई श्रीपाल, सुखदेव गडरिया सभी निवासी बरेला म.प्र. से दिनांक 18.07.2022 को इकरारनामा/विक्रय अनुबंध पत्र सम्पत्ति कृषि भूमि मौजा कलगौड़ी, पटवारी हल्का नं. 77. रा.नि.मं. खमरिया, नया बरेला, जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 11 का विक्रय रकबा 0.600 हे. भूमि का उचित मूल्यांकन कर उपरोक्त से विक्रय पत्र अनुबंध पत्र के माध्यम से अनुबंध किया है। जिसका पंजीकृत विक्रय पत्र भविष्य में निष्पादित किया जाना है। साथ ही उपरोक्त अनुबंधित व्यक्तियो ने अपनी जमीन का कब्जा भी मेरे पक्षकार को प्रदान किया जा चुका है। उक्त सम्पत्ति भूमि के संबंध में मुझे यह ज्ञात हुआ है कि उक्त अनुबंधित व्यक्ति कही और भी तथ्यों को छुपाकर एवं लोगों को बहला फुसलाकर उक्त कृषि भूमि का पुनः विक्रय अनुबंध करने की कोशिश में है। इस आम सूचना के माध्यम से लोगो को सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमि के संबंध में उपरोक्त नामांकित व्यक्तियो से कोई भी पक्षकार संस्था कोई भी व्यक्ति न झांसे में आये न ही कोई लेनदेन करें, यदि इस प्रकार से कोई भी व्यक्ति पूर्व से विक्रित अनुबंध पत्र के माध्यम से विक्रित भूमि के संबंध में कोई भी अवैधानिक कार्यवाही करता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं की होगी एवं भविष्य में होने वाली न्यायालयीन प्रक्रिया संबंधी जबावदारी उन लोगो की होगी। अगर उक्त पूर्व से निर्मित अनुबंध पत्र अजय तिवारी के अतिरिक्त अन्य कोई संस्था या व्यक्ति विक्रय अनुबंध का उपयोग कोई करता है तो शीघ्र पुलिस में शिकायत कर मेरे कार्यालय में सूचित करें और भविष्य में होने वाली किसी भी असुविधा से बचे।

सुधांशु दुबे (अधिवक्ता)
पता- सीट न. 2, डायमंड हॉल,
हाई कोर्ट परिसर, जबलपुर म.प.
हाई कोर्ट जबलपुर
मोबाइल- 7999440395

र.नं. 2888

## कार्यालय कलेक्टर (न्यायालय अपर कलेक्टर शहर) जबलपुर म.प्र.

Room no.10 II Telephone-07612624351 II E-mail: admja-balpur@gmail.com

राजस्व प्रकरण कमांक/0075/अ-20(1)/2024-25 जबलपुर दिनांक 24/01/2024

### आम इश्तहार

आवेदिका सैय्यदा बानो पति सादिक हुसैन निवासी- 1514 नेपियर टाउन जबलपुर द्वारा सि.स्टे. नजूल ब्लॉक नंबर 05 स्थित प्लाट नं. 27/18-2, कुल रकवा 930 वफु, जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में सपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 14/02/20.35 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष कमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।स्थाई पट्टे का विवरण- ब्लॉक नम्बर-05, प्लाट नं. - 27/18-2, रकवा - 930, उप पट्टेदार - सैय्यदा बानो पति सादिक हुसैन निवासी- 1514 नेपियर टाउन जबलपुर, भू भाटक- 346/- रूपये प्रतिवर्ष

जारी दिनांक 24/01/2024
पेशी दिनांक 14/02/2024

अपर कलेक्टर
जबलपुर

र.नं. 2882

प्रारूप छः-6

## (मध्य प्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49-ड(3) के अंतर्गत) कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. दमोह

पंजी. क्र. 417 दिनांक 01.02.2025

क्रमांक / दिनांक-01.02.2025

### निर्वाचन कार्यक्रम

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक 173 दिनांक 08/01/2025 के द्वारा मुझे लाल बहादुर शास्त्री प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. दमोह के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। संचालक मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ प्रकाशित करता हूँ।

| | |
|---|---|
| 1. सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक......के.........अनुसार संचालक मण्डल के लिए निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या-11 | |
| | विवरण निम्नांकित है- |
| (अ) समान्य वर्ग (अनारक्षित) से : 10 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 02) |
| (ब) अनुसूचित जाति वर्ग से : 01 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00) |
| (स) अनुसूचित जनजाति वर्ग से : 00 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित 00) |
| योग- 11 | योग:-02 |
| टीप- जिस वर्ग में महिला आरक्षण नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जावें | |
| 2. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान समय | दिनांक 08.02.2025 समय 11.00 एएम से 300 पीएम तक समिति कार्यालय दमोह |
| 3. नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक 09.02.2025 को समय 3.00 पीएम से जांच पूर्ण होने तक। स्थान- संस्था कार्यालय दमोह |
| 4 नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उनीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक 10.02.2025 समय 12.00 पीएम से 2.00 पीएम तक स्थान- संस्था कार्यालय दमोह |
| 5. विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक 15.02.2025 समय 11.00 एएम से 3.00 पीएम तक स्थान- संस्था कार्यालय दमोह (चुनाव समाप्त होने के पश्चात् एक घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जावेगी।) |
| 6. रिक्त स्थानों एवं वृत्तिक संचालकों के सहयोजन की तिथि | दिनांक 16.02.2025 समय 12.00 पीएम से 2.00 पीएम तक स्थान संस्था कार्यालय दमोह |
| 7. रिक्त स्थानों हेतु नामांकन की तिथि | दिनांक 17.02.2025 समय 12.00 पीएम से 2.00 पीएम तक स्थान संस्था कार्यालय दमोह |
| 8. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक 18.02.2025 |
| 9. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटीओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनोंक समय एवं स्थान | दिनांक 21.02.2025 समय 12.00 पीएम से 2.00 पीएम तक स्थान- संस्था कार्यालय दमोह |

(पूनम जैन) रिटर्निंग अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्या. दमोह

## न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर-1 जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2045/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक 31/01/2025

### आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बदनपुर प.ह.नं. 07 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक तारादेवी चंदेल, राजेश सिंह, रेखा सिंह चंदेल, नुपुर चंदेल, पता- रतननगर, मदन महल के द्वारा मौजा बदनपुर प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. जबलपुर-1 में स्थित भूमि खसरा नं. 264, 265, 266, 267, 268, 269/1, 269/2 एवं 270 रकवा 1988 वर्गफुट/हेक्टे. भूमि का फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में पेश किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय-दस्तावेज पेशी दिनांक 15/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 31/01/2025
पेशी दिनांक - 15/02/2025

तहसीलदार गोरखपुर एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

र.नं. 2870

## न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1665/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक 30/01/2025

### आम इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम भड़पुरा प.ह.नं. 24 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ममता सोनकर पति/पिता गोकरन सोनकर जाति सोनकर निवासी म.नं. 448/4 मोती महल भरतीपुर मदन महल मालवीय वार्ड के द्वारा ग्राम भड़पुरा बंदोबस्त नंबर 338 प.ह.नं. 24 में स्थित भूमि खसरा नंबर 165/2 में से रकवा 1.14 व.फु./हेक्टे. पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी182552024 ए 11370031 दिनांक 03/12/2024 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-30/01/2025
पेशी दिनांक-07/02/2024

र.नं. 2889

तहसीलदार गोरखपुर
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

## न्यायालय तहसीलदार साईखेडा तहसील साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर

### - ईश्तहार:-

रा.मा.क्र.0699/अ/6 वर्ष 2024-25
मौजा करहैया रा.नि.म. सांईखेड़ा

एतत् द्वारा आम जनता एवं सर्व साधारण मौजा करहैया सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण नीतू पुत्री स्व. सत्यभान श्रीवास्तव, नीलू आ. स्व. सत्यमान श्रीवास्तव निवासी जबलपुर तहसील जबलपुर जिला जबलपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि, मौजा करहैया प.ह.नं. 17 रा.नि.म. सांईखेड़ा स्थित भूमि ख.नं. 29/4 रकवा 0.167 हे. भूमि संशोधन क्रमांक 1/167 आदेश दिनांक 24/03/2004 से पीड़ित होकर माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय गाडरवारा के समक्ष अपील प्रस्तुत की थी जिसका अपील प्रकरण क्रमांक 0125 अ/वर्ष 2023-24 है। यह कि अपील में माननीय श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी महोदय द्वारा स्वीकार कर दिनांक 09/07/2024 को आदेश पारित किया गया हैं। जिससे माननीय न्यायालय ने आदेश दिनांक 09/07/2024 का परिपालन कर बसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किया करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के साथ वरिष्ठ न्यायालय के आदेश की प्रति, खसरा नकल संलग्न की है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो या आवेदक प्रस्तुत करना हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05/02/25 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकता है। बाद आई आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा। ईश्तहार आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

जारी दिनांक-25/11/2024
पेशी दिनांक -05/02/2025

तहसीलदार
साईखेड़ा

र.नं. 2893

# देश-प्रदेश

## उवाच: ग्रामीण भारत की गरीबी दूर करने वाला बजट: शिवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय बजट 2025-26 को ग्रामीण भारत की गरीबी उन्मूलन करने वाला करार देते हुए कहा है कि इसमें विकास की ललक, विश्वास की महक और विकसित भारत के निर्माण की तड़फ है। श्री चौहान ने आम बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि ग्रामीण गरीबी दूर करने का सबसे अच्छा माध्यम आजीविका मिशन है और उसके माध्यम से बहनों को सशक्त बनाने का अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये बजट देश के 140 करोड़ भारतीयों के लिए अभूतपूर्व और आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का बजट है।



जापान यात्रा से लौटे मुख्यमंत्री ने दिल्ली में मीडिया को दी जानकारी, कई बड़ी कंपनियां कर सकती हैं मप्र में निवेश

# 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले



- जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना होगी
- जापानी पर्यटकों के लिए बनेगा बौद्ध सर्किट
- भोपला समिट में आकर्षण का केंद्र होंगे ऑटो-टेक्सटाइल

**नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जापान की चार दिवसीय यात्रा के दौरान जापान की कई बड़ी कंपनियों ने यहां निवेश करने में गहरी रुचि दिखाई है। राज्य में जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। डॉ. यादव ने यहां मीडिया से बातचीत में अपनी जापान यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि प्रदेश में जल्द जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब की स्थापना हो सकती है। इसके अलावा सरकार ने राज्य में जापान प्लस सेल स्थापित करने का फैसला किया है। इसके तहत एक डेडिकेटेड टीम जापान के निवेशकों के साथ संपर्क और फॉलोअप करेगी। इतना ही नहीं, प्रदेश के विकास के लिए अब यहां जापानी मॉडल अपनाया जाएगा। जापान के निवेश करने से प्रदेश में औद्योगिक विकास, रोजगार, स्व-रोजगार सहित कई सेक्टर में जबरदस्त बदलाव आ जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस यात्रा के दौरान जापान के उद्योगपतियों-निवेशकों को भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का न्योता भी दिया।

सीएम डॉ. यादव ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और अंतराष्ट्रीय कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश में 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव मिले। राज्य सरकार ने 30 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव को भूमि आवंटित की है। उन्होंने बताया कि जीआईएस में जापान और अन्य देशों की दिग्गज कंपनियों की सक्रिय भागीदारी इस समिट की विशेषता होगी। जापान यात्रा के दौरान टोयोटा, ब्रिजस्टोन, योकोगावा, यूनिक्लो, और पैनासोनिक जैसी विश्वस्तरीय कंपनियों ने समिट में भाग लेने की पुष्टि की है। जीआईएस 2025 न केवल निवेश का मंच होगा, बल्कि यह भारत-जापान औद्योगिक सहयोग का एक नया अध्याय लिखेगा। इसमें मध्य प्रदेश केंद्रीय भूमिका निभाएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि क्योटो के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों सांजूसंगेदो मंदिर, निजो कैसल और टू-जी मंदिर के भ्रमण से पारंपरिक धरोहरों के आधुनिक प्रबंधन का एक श्रेष्ठ मॉडल सामने आया। क्योटो ने अपनी प्राचीन विरासत को आधुनिक विकास के साथ जिस तरह संतुलित किया है, वह मध्यप्रदेश के लिए एक आदर्श उदाहरण है। इस यात्रा के बाद हमने विरासत स्थलों के प्रबंधन के लिए जापानी तकनीकों और प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने का निर्णय लिया है। विशेषकर उज्जैन में महाकाल लोक, सांची का बौद्ध परिसर और खजुराहो के मंदिरों के प्रबंधन में जापानी तकनीकों और प्रबंधन विधियों का उपयोग किया जाएगा। बौद्ध सर्किट के विकास में क्योटो के अनुभवों का विशेष महत्व होगा। सांची से देवनी-जाखोरा तक के बौद्ध स्थलों को जापानी पर्यटकों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में विकसित किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 फरवरी की शाम स्वदेश लौटे। उन्होंने राजधानी नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि मध्यप्रदेश की ये महत्वपूर्ण जापान यात्रा राज्य के लिए अनेक संभावनाएं लेकर आई है। टोक्यो और ओसाका में आयोजित बैठकों-रोड-शो में जापानी कंपनियों ने मध्य प्रदेश में गहरी रुचि दिखाई है। जापान भारत का पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है, जिसने पिछले दो दशकों में भारत में 38 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 बिलियन डॉलर का है, जो निरंतर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश और जापान के बीच मजबूत व्यापारिक रिश्ते रहे हैं।

सीएम डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहले से ही कई जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। ब्रिजस्टोन ने पीथमपुर में विश्वस्तरीय टायर प्रोडक्शन प्लांट लगाया है। यह प्लांट रोजगार सृजन और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पैनासोनिक जैसी दिग्गज कंपनी ने प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। एनएसके, सानोह और कामात्सु जैसी जापानी कंपनियां भी प्रदेश में काम कर रही हैं। ये कंपनियां ऑटोमोटिव और मशीनरी क्षेत्र में अहम योगदान दे रही हैं। मध्यप्रदेश से जापान को होने वाला निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जापान यात्रा के दौरान बैठकों से इन व्यापारिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। साथ ही नए निवेश और व्यापारिक अवसर भी खुलेंगे।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि टोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके के साथ हुई बैठक ऐतिहासिक थी। कोइके के साथ सरकार की बैठक से शहरी विकास के नए आयामों पर चर्चा हुई। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन गवर्नमेंट की विशेषज्ञता का लाभ प्रदेश के शहरों को मिलेगा। भोपाल और इंदौर के लिए मेट्रो रेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी समाधान, जल प्रबंधन और कचरा प्रबंधन में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। टोक्यो के विकास मॉडल को प्रदेश में अपनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जापान के विदेश मंत्रालय में संसदीय उप-मंत्री हिसाशी मात्सुमोतो के साथ भी अहम बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश में जापानी निवेश को सुगम बनाने के लिए विशेष प्रयास करने पर सहमति बनी। व्यापार मिशन का आदान-प्रदान, कौशल विकास में जापानी विशेषज्ञों की भागीदारी, जापान-मध्य प्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि टोक्यो में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन शानदार रहा। %सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप% फोकस मध्य प्रदेश% रोड-शो में जापान की प्रमुख कंपनियों और व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया। इसके दौरान मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश नीतियों और विशेष क्षेत्रों, फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोटिव और खाद्य प्रसंस्करण में अवसरों पर प्रस्तुतियां दी गईं। प्रतिभागियों ने राज्य की बुनियादी सुविधाओं, कुशल श्रमशक्ति और व्यापार सुगमता में विशेष रुचि दिखाई। इस कार्यक्रम में किटामुरा केमिकल्स, निप्पॉन कोएई इंजीनियरिंग, एप्सन, मित्सुई, हिताची, नोकिया, सुमितोमो, सोजित्ज इंजीनियरिंग, यासुदा लॉजिस्टिक्स और जापान लॉजिस्टिक्स जैसी कंपनियों ने भाग लिया। इसी तरह ओसाका में हुए रोड-शो में युमेया-हाचिमन, याहाता इंजीनियरिंग, अल्पाइन जापान, मिकी कॉर्पोरेशन, डायसे, ओसाका गैस, कोइजुमी अपैरल, मोराबु हांशिन, कुबोटा, कंसाई पेंट।

### केंद्रीय बजट से बूस्ट होगी मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मोदी सरकार का बजट सराहनीय है। इसमें हर वर्ग की चिंता की गई है। हमने भी उनकी ही तरह गरीब-किसान-युवा के लिए नीतियां बनाई हैं। केंद्र सरकार का यह बजट मध्यप्रदेश के लिए हितकारी है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर ही आधारित है। धन धान्य योजना से मध्यप्रदेश को काफी लाभ होगा। इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। केंद्र सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई है। इसका बढ़ाया जाना हमारे किसानों के लिए लाभदायक है। क्रेडिट लिमिट का लाभ मध्यप्रदेश को मिलेगा। ये बजट मध्यप्रदेश को बूस्टअप करेगा। इस बजट से प्रदेश के टूरिज्म, गरीब-कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, स्कूल, हॉस्पिटल सभी को लाभ मिलेगा। प्रदेश को 12 हजार करोड़ का ब्याज रहित ऋण मिल सकेगा। शहरों के सृजनात्मक विकास का भी लाभ मध्यप्रदेश को मिलेगा। मध्यप्रदेश मेडिकल कॉलेजों का हब बन जाएगा। हमारे पास 52 मेडिकल कॉलेज होंगे।

# बजट 2025 : भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प का बजट, कांग्रेस बोली , मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला बजट

**भोपाल, देशबन्धु। लोकसभा में आज पेश हुए बजट को जहां भाजपा ने विकसित भारत के अटल संकल्प को पूरा करने वाला बताया है। वहीं विपक्ष ने इस मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला जनविरोधी बजट करार दिया है।**

## 12 लाख तक आयकर में छूट ऐतिहासिक कदम



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केन्द्रीय बजट को लेकर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट अर्थव्यवस्था के नए आयाम को स्वरूप देगा। बजट में गरीब, किसान, महिलाओं और नौजवानों के सशक्तिकरण के प्रावधान किए गए हैं।

श्री शर्मा ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट ऐतिहासिक और आम जनता को खुश करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इसमें एक तरफ जहां शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं, वहीं मेडिकल एजुकेशन और आईआईटी में 75 हजार सीटें बढ़ाने की घोषणा भी की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना की घोषणा की गई है, जिससे देश के सौ जिले और 1.70 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। साथ ही मध्यम वर्ग को एक बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक की आय को कर मुक्त किया गया है, जो एक ऐतिहासिक निर्णय है। जिसमें 12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं देना होगा। वहीं, आवश्यकता होने पर 4 साल का इन्कम टैक्स रिटर्न एकसाथ फाइल किया जा सकेगा। इसके साथ ही सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है। श्री शर्मा ने कहा कि बजट में पीएम धनधान्य योजना लागू करने के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख तक का लोन देने का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने बजट का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया है।

## बजट जनविरोधी, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर दी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी के चिंताजनक दौर में दाखिल हो चुका है। उन्होंने इसे मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाला जनविरोधी बजट बताया। श्री पटवारी ने कहा कि यह बजट आम जनता के लिए निराशाजनक और पूंजीपतियों के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही जनता को सरकार ने इस बजट में कोई राहत नहीं दी। श्री पटवारी ने कहा कि इस बजट में भी किसानों के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए भटक रहे बेरोजगारों को रोजगार के अवसर देने की बजाय सरकार ने बजट में केवल आंकड़ों की बाजीगरी की है।

उन्होंने कहा कि यह बजट उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग को इसमें कोई राहत नहीं दी गई। महंगाई चरम पर है, आवश्यक वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं, लेकिन सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि बजट साफ नजर आता है कि यह सरकार केवल कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। श्री पटवारी ने कहा कि इस बजट ने जनता की उम्मीदों को तोड़ा है, यू पूरी तरह से निराशाजनक बजट है।

## विकसित भारत का रोड़मैप है केंद्रीय बजट



**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत का बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का रोड़मैप है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि 12 लाख रूपये तक की सालाना आय पर आयकर न लगाकर एक बड़े वर्ग को राहत दी है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार का क्रांतिकारी कदम है। आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यह बजट हर नागरिक के सपनों का बजट है। यह पूरी तरह प्रधानमंत्री श्री मोदी के ज्ञान के मंत्र पर आधारित बजट है, जो गरीब कल्याण, युवा कल्याण, नारी शक्ति और किसानों की समृद्धि पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट में कई ऐसे अनूठे प्रावधान किए गए हैं, जिससे मध्यप्रदेश जैसे तेजी से आगे बढ़ते राज्य को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट से विकास की प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और समावेशी विकास मजबूत होगा। निजी क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। श्री देवड़ा ने कहा कि यह बजट मुख्य रूप से कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को मजबूती देने वाला बजट है। भारत की विकास यात्रा के यही चार मुख्य स्तंभ है। इससे मध्यप्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान देने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन चारों क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व काम किया है।

## गुजरात दंगों के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने वाली जकिया जाफरी का निधन

**अहमदाबाद।** 2002 के गुजरात दंगों में मारे गए पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की विधवा जकिया जाफरी का 86 वर्ष की आयु में अहमदाबाद में निधन हो गया। उनके बेटे तनवीर जाफरी ने इस बारे में जानकारी दी।

उनके बेटे तनवीर जाफरी ने पीटीआई-भाषा को बताया, मेरी मां अहमदाबाद में मेरी बहन के घर गई हुई थीं। वह अपने रूटीन काम कर रही थीं और अपने परिवार के सदस्यों के साथ सामान्य रूप से बातचीत कर रही थीं, तभी उन्होंने बेचैनी की शिकायत की। जिस डॉक्टर को बुलाया गया, उसने करीब साढ़े 11 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। जाफरी के पति एहसान जाफरी उन 69 लोगों में शामिल थे जो 28 फरवरी, 2002 को अहमदाबाद के मुस्लिम इलाके गुलबर्ग सोसाइटी में मारे गए थे। यह घटना गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बों में आगजनी के एक दिन बाद गुजरात में भड़की हिंसा के बाद हुई थी, जिसमें अयोध्या से लौट रहे 59 कारसेवकों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे राज्य में भयानक दंगे भड़क उठे थे।

**2002 के गुजरात दंगों में जकिया जाफरी की कानूनी लड़ाई**-जकिया जाफरी ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां तब बटोरीं जब उन्होंने गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद हुए दंगों की बड़ी साजिश के लिए शीर्ष राजनीतिक नेताओं को जिम्मेदार ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी थी। जकिया जाफरी ने एक याचिका दायर कर बड़े षड्यंत्र के आरोपों की जांच की मांग की और 2002 के गुजरात दंगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 63 अन्य को क्लीन चिट दिए जाने पर सवाल उठाया था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। शीर्ष अदालत ने 2022 में जाफरी की याचिका को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया था। जकिया जाफरी ने 2006 में अपनी शिकायत में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के पीछे नौकरशाही की निष्क्रियता, पुलिस की मिलीभगत और नफरत भरे भाषण के जरिए एक बड़ी साजिश को उजागर किया था।

# इंदौर एयरपोर्ट का देश में दूसरा स्थान

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने 2024 की अंतिम तिमाही में जबरदस्त सुधार करते हुए देश में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ ही यह केवल त्रिची एयरपोर्ट से 0.01 अंक पीछे है, जिसने 4.97 अंक प्राप्त कर देश में पहला स्थान हासिल किया है।

### नंबर वन बनने से बस 0.01 अंक दूर

जबकि, 2024 की पहली तिमाही में इंदौर एयरपोर्ट का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक था और उसे देश के प्रमुख 14 एयरपोर्ट में 12वीं रैंकिंग मिली थी। विश्व रैंकिंग में भी इंदौर एयरपोर्ट ने सुधार किया है और अब यह 66वें स्थान से उठकर 61वें स्थान पर आ गया है। एयरपोर्ट डायरेक्टर वी. के. सेठ ने जानकारी दी कि शुक्रवार देर शाम एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बीते साल की चौथी तिमाही (अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर) के सर्वे के परिणाम जारी किए गए, जिसमें इंदौर एयरपोर्ट को पांच में से 4.96 अंक मिले हैं। इससे पहले जुलाई, अगस्त और सितंबर की तिमाही में एयरपोर्ट को 4.91 अंक मिले थे, जबकि उससे भी पहले अप्रैल, मई और जून की तिमाही में यह स्कोर 4.66 था। डायरेक्टर सेठ के अनुसार, बीते छह महीनों में इंदौर एयरपोर्ट ने उल्लेखनीय सुधार किया है और अब यह देश के शीर्ष एयरपोर्ट में अपनी स्थिति मजबूत बना चुका है।

इंदौर एयरपोर्ट, जो एक समय देश में पहले स्थान पर था, इस साल की शुरुआती दो तिमाहियों में लगातार 12वें नंबर पर रहा था, जिससे एयरपोर्ट प्रबंधन की काफी आलोचना हुई थी।

# लखनऊ हरदोई रोड को 4 लेन बनाने के कार्य की प्रगति का निरीक्षण

**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा, एनएचएआई की निर्माणाधीन परियोजना लखनऊ हरदोई रोड को 4 लेन बनाने के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त रोड को 280.72 करोड़ की लागत से 4 लेन में परिवर्तित किया जा रहा है। परियोजना की कुल लंबाई 31.730 किलोमीटर है और किसान पथ फ्लाईओवर NH731 से हरदोई बार्डर तक 4 लेन रोड का निर्माण कराया जा रहा है।

परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि लगभग 74.28 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। शेष काम प्रगति पर है। यूटिलिटी शिफ्टिंग का सारा काम पूरा हो गया है। जिलाधिकारी द्वारा किसान पथ अंडरपास काकोरी रोड से निरीक्षण की शुरुआत करते हुए किए जा रहे कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परियोजना अधिकारी को निर्देश दिए गए की सर्विस रोड (रिंग रोड) से हरदोई लखनऊ रोड प्रारंभ बिंदु तक सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक कार्य जैसे जी आई शीट, रिफ्लेक्टर, साइन एज



आदि लगवाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के अतिरिक्त हरदोई लखनऊ रोड के काकोरी आरओबी मध्य भाग में भी सुरक्षा संरक्षण कार्य (जी आई शीट, ग्रीन नेट आदि) लगाने की आवश्यकता है, जिसको तुरंत सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उक्त क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं मिट्टी कार्य से हो रहे वायु प्रदूषण को रोकने के लिए ग्रीन नेट, वाटर स्प्रिंकलिंग इत्यादि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि यात्रियों को असुविधा न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि सर्विस रोड (रिंग रोड) और हरदोई लखनऊ रोड 260+800 के बीच मार्जिंग हिस्से पर बिटूमिनस का कार्य कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रमुख पुल के डिस्मेंटल हिस्से में ग्रीन नेट और सुरक्षा संरक्षण कार्य आवश्यक है और क्रैश बैरियर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि किसान पथ अंडरपास के पास जो सर्विस लेन का कार्य प्रगति पर है वहां पर डाइवर्जन के लिए सभी क्रैश बैरियर पर रिफ्लेक्टर और यू शेप बना कर रोड डायरेक्शन के बड़े साइन एज लगवाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य के दौरान धूल मिट्टी न उड़े इसके लिए जल छिड़काव की व्यवस्था और मिट्टी ले जाने वाले डंपरों और कंस्ट्रक्शन एरिया में ग्रीन नेट का प्रयोग करना सुनिश्चित किया जाए। उक्त निरीक्षण में पीडी NHAI श्री सौरभ चौरसिया, आर ओ पीसीबी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से बढ़ाया प्रदेश का गौरव : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 81 कि.ग्रा. पुरुष वर्ग में वेटलिफ्टिंग में वाह्यूरी अजय बाबू, एक्रोटिक खेल के हाई बोर्ड प्लेटफार्म डाइविंग इवेंट में पलक शर्मा और ड्यूएलॉन महिला केटेगरी में आध्या सिंह को स्वर्ण पदक अर्जित करने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्रेटिक खेल के 3 मीटर स्प्रिंग बोर्ड इवेंट में पलक शर्मा, 1500 मीटर फ्री स्टाइल मेन्स इवेंट में अद्वैत पागे, दाओशु इवेंट में रोहित जाधव और वुशु के क्रिंगशु महिला इवेंट में भूरक्षा दुबे को रजत पदक प्राप्त करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारोत्तोलन के 45 कि.ग्रा. भार वर्ग में रानी नायक, एक्रेटिक के 400 मीटर इवेंट में अद्वैत पागे तथा वुशु के शानशु इवेंट में संयोगिता सिंह को कांस्य पदक प्राप्त करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खिलाड़ियों को सफलता के पथ पर निरंतर अग्रसर होने और नित नए कीर्तिमान रचने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि प्रदेश के खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण से मध्यप्रदेश को खेल जगत में नव शिखर पर प्रतिष्ठित करेंगे।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**Change of Name**

I Mane Ashwani Ankush wife of No. 15180215L L/NK (GNR) Mane Ankush Vittal resident of Village-Shendre, Post- Shendre, Teh-Satara, Distt- Satara, State-MH, PIN- 415519 I have changed my name form Mane Ashwani Ankush to Ashwani Ankush Mane. vide affidavit No. CN 37228 Dated 30 Jan. 2025 before notary Jabalpur M.P.

Old Name
Mane Ashwani Ankush
New Name
Ashwani Ankush Mane

**नाम सुधार सूचना**

मैं, गोविन्द सिंह राजपूत पिता सुन्दर सिंह राजपूत निवासी प्लाट नंबर 55, समदड़िया रेसीडेंसी, न्यू ग्रीन सिटी, माढ़ोताल, पंडित दीन दयाल उपाध्याय वार्ड 30 जबलपुर मप्र-482002 आधार कार्ड क्रमांक - 3045 7237 9518 का स्थाई निवासी हूँ मुझ शपथकर्ता के पासपोर्ट क्रमांक K-860438 में मुझ शपथकर्ता का नाम GOVIND SING THAKKUR एवं मेरे पेन कार्ड क्रमांक - AUTPR2976D में मुझ शपथकर्ता का नाम त्रुटिवश GOVINDSINGH SUNDAR SINGH RAJPUT दर्ज हो गया है जो कि गलत व असत्य नाम है मुझ शपथकर्ता का सही व सत्य नाम GOVIND SINGH RAJPOOT है जो कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक - 3045 7237 9518 एवं मेरे अन्य दस्तावेजों में दर्ज है मुझ शपथकर्ता का सही व सत्य नाम GOVIND SINGH RAJPOOT मेरे उपरोक्त दस्तावेज एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मान्य किया जावे शपथ पत्र दिनांक 01/02/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय जिला जबलपुर मप्र

गलत व असत्य नाम
GOVIND SING THAKKUR
GOVINDSINGH SUNDARSINGH RAJPUT
सही व सत्य नाम
GOVIND SINGH RAJPOOT


# हरियाणा के फतेहाबाद में भीषण हादसा, नहर में गिरी कार, 6 की मौत, रेस्क्यू जारी

**फतेहाबाद।** हरियाणा के फतेहाबाद में रतिया क्षेत्र के गांव सरदेवाला के समीप एक कार नहर में गिर गई। इस हादसे में अब तक 6 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि 6 अन्य लोगों की तलाश जारी है। एक बच्चा और एक बुजुर्ग को जीवित बचा लिया गया। यह हादसा घने कोहरे और नहर पर सेफ्टी वॉल न होने के कारण हुआ।

जानकारी के मुताबिक, एक परिवार पंजाब से शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव सरदेवाला लौट रहा था। घने कोहरे के कारण ड्राइवर को अचानक रास्ते का सही अंदाजा नहीं हुआ और गाड़ी नहर में गिर गई। इस गाड़ी में कुल 14 लोग सवार थे। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान गाड़ी का शीशा टूटने पर अरमान नाम का बच्चा बाहर निकल आया और उसे सुरक्षित बचा लिया गया। इसके अलावा एक बुजुर्ग को भी जीवित निकाल लिया गया। वहीं, गांव के लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद हरियाणा और पंजाब दोनों राज्यों की टीमें रेस्क्यू अभियान में जुट गईं। अब तक कुल 6 शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें 2 महिलाएं, 2 बच्चे और एक व्यक्ति शामिल हैं। ये शव सिरसा के पास कलावाली के पास मिले हैं। प्रशासन ने पुष्टि की है कि हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि अभी भी 6 लोग लापता हैं।



र.नं. 2232

# साहित्य

# गिरजे का कंगूरा

■ आनंद प्रकाश जैन

हस्तिनापुर पांडवों की प्रसिद्ध नगरी थी। आजकल वहाँ पर जैनियों के दो मंदिर हैं- एक दिगंबरियों का और दूसरा श्वेतांबरियों का। यहाँ के दिगंबर मंदिर और महाराष्ट्र जनपद में सरधने के सबसे ऊँचे कँगूरे वाले गिरजाघर में कुछ आपसी संबंध भी है। यह संबंध कैसे बना- यह कहानी उसी की है।

समरो की बेगम विधवा थी, हजरत ईसा में विश्वास रखती थी और सरधने के इलो की एकमात्र कठोर शासिका थी। दीवान संगमलाल जैन युवा थे, खूबसूरत और साथ ही बेहद धर्मभीरू !

दसलाक्षणी पर्व समाप्त हो चुका था । चतुर्दशी निराहार व्रत से निवृत्त हो दीवान संगमलाल पड़वा के दिन बेगम से उत्सव की स्वीकृति लेने महल में पहुँचे थे। सब जरूरी कामों में निश्चय दीवान का होता था और अंतिम स्वीकृति बेगम की होती थी ।

बहुत देर हो गई। दीवान के आने पर बेगम कभी इतनी देर नहीं लगाती थी। अचानक सिर उठाकर दीवान ने देखा-परी की तरह सजी हुई सरधने की निरंकुश शासिका की गंभीर पदचाप बाजाखाने की खिड़की के सामने जाकर रुक गई।

'दीवान!' बेगम ने सूरज की ओर दृष्टि गड़ाए हुए पुकारा।

'श्रीमती जी!' दीवान ने उत्तर दिया।

'तुम्हें मैं इस वक्त कैसी लगती हूँ?' बेगम ने अप्रत्याशित प्रश्न किया ।

'खूबसूरत!' दीवान ने उत्तर दिया।

'बहुत खूबसूरत?' बेगम खिल उठी।

'बहुत ही खूबसूरत!' दीवान ने आँखें बंद कर लीं।

'कितनी?' बेगम ने विभोर होकर पूछा।

'मेरी माँ भी अगर शाही लिबास में होती तो ऐसी ही लगती।'

'दीवान!' बेगम गुस्से से चिल्लाई ।

स्थिति बिगड़ चुकी थी। दीवान संगमलाल इसकी चपेट में आ चुके थे। उन्होंने घबराकर सिर झुका लिया।

'किसलिए आए थे?' बेगम ने कठोर होकर पूछा ।

'जैनियों के उत्सव के लिए आपकी मंजूरी के लिए।' संक्षिप्त उत्तर देते हुए दीवान ने कागज खोलकर बेगम के सामने रख दिया।

बेगम ने उस पर हस्ताक्षर कर दिए और बोली, 'जाओ!'

दीवान सिर झुकाए बालाखाने से उलटे पैरों बाहर निकल गए। उस दिन उत्सव हुआ, किंतु आश्चर्यचकित होकर लोग यह देखते रह गए कि श्रीजी की गद्दी के लिए दीवान संगमलाल की नीलामी बोली नहीं बोली गई। कुछ सोचते-सोचते दीवान ने पूरा दिन दीवानखाने में व्यतीत कर दिया। अपने निश्चय की पक्की थी बेगम, दीवान उसकी आदतों से अच्छी तरह वाकिफ थे। बेगम के क्रोध का शिकार उनका बेटा स्वयं हो चुका था । उसे उसने चरित्रहीनता के आरोप में सूली पर चढ़वा दिया था । बालाखाने की घटना भी रंग लाएगी। आज की शाम खैरियत से गुजर जाना मुश्किल बात थी। जब कभी बेगम क्रोधित होती तो उसकी निगाह सबसे पहले अपराधी के गर्वोन्नत मस्तक की ओर रहती थी और बाद में उस गरदन को उड़ा देने का आदेश हो जाता था ।

अंधकार हो जाने पर कुछ निश्चय कर दीवान संगमलाल पगड़ी सिर पर रख, बेगम के महल की ओर चले। एक बार बेगम जो निश्चय कर लेती तो उसे कुछ इधर से उधर होते दीवान ने कभी नहीं देखा था।

ड्योढ़ी पर पहुँचे तो लौंडी आदाब बजा लाई। दीवान आँखें नीची किए अंदर चले आए। हाथ जोड़कर ताजीम से खड़े खवास से कहलवाया, 'दीवान साहब कदमबोसी चाहते हैं।'

आरामगाह में पड़ी बेगम ने अपनी खास लौंडी से पुछवाया, 'क्या काम है?'

यह तो बिल्कुल नई बात थी। आज तक हर एक खास और आम बात किसी बिचौलिए के जरिए बेगम ने नहीं कहलवाई थी । यह उपेक्षा मिश्रित मान है या क्रोध ? दीवान ने फिर कहलवाया, 'हुजूर को अभी फुरसत न हो तो नाचीज फिर कभी हाजिर हो जाए? '

वह उत्तर से मिलता-जुलता प्रश्न था। दीवान ने कभी बेगम के सामने अपने को नाचीज नहीं कहा था। समरू की बेगम का दीवान और नाचीज ! बेगम के दिल पर यह बात सीधे जाकर तीर की तरह लगी। हुक्म हुआ कि उन्हें सीधे आरामगाह में भेजा जाए।

'हे भगवान्,' दीवान ने सोचा, 'क्या सब अनहोनी आज ही घटेगी? बेगम अपनी आरामगाह में मुझसे बात करेगी!' वह आश्चर्य से खवास के पीछे-पीछे एक सुंदर से कमरे में पहुँचे। अपनी तीन साल के दीवान के पद ग्रहण के बाद उन्होंने पहली बार इस कमरे में प्रवेश किया था। वह कभी यहाँ नहीं आए थे।

उन्हें मोढ़े पर बैठने का इशारा किया, बेगम ने पूछा, 'अब क्यों आए हो?'

बेगम के यौवन- प्रदर्शन से घबराकर दीवान की नजरें फिर झुक गई। वह बोले, 'डर था कि आपके दर्शन किए बिना यों ही चला गया तो कहीं रात को सूली पर न चढ़ा दिया जाऊँ।'

यह सुना तो बेगम ज्यादा देर गंभीर न रह सकी। उनकी ओर करवट लेते हुए मुसकराकर उसने पूछा, 'क्यों, तुम्हारे लिए सूली पर चढ़ने से पहले मेरे दर्शन करना क्या जरूरी था?'

'जी हाँ, बहुत जरूरी था । '

दीवान के इस उत्तर को पाकर बेगम ने छत की ओर देखा और हँसते हुए पूछा, 'क्यों?'

'सुना है कि मरने से पहले, बिना मालिक के दर्शन किए नौकर को स्वर्ग नसीब नहीं होता।'

मालिक और नौकर ! आशा के प्रतिकूल दीवान के उत्तर से बेगम बेशक खुश तो नहीं ही हुई, लेकिन इस बात से बेगम को दीवान की अब तक की उसके प्रति की गई वफादारी अवश्य ध्यान आ गई। उसका क्रोध तिरोहित हो गया। उसने पूछा, 'क्या चाहते हो?'

दीवान ऐसे ही सवाल की प्रतीक्षा कर रहे थे। बोले, 'मैं जानता हूँ, आपके गुस्से से बचना मुश्किल है। इससे पहले कि मैं सूली पर चढ़ूँ, मैं चाहता हूँ कि गृह कलह में अपनी जान बच जाने के एवज में जो मनौती मैंने माँगी थी, वह पहले पूरी हो जाए, ताकि मरने के बाद उसका बोझ कंधों पर न रखा रह जाए।

राजगृह में काफी झगड़ा और खून खराबी होने के बाद ही बेगम का सिक्का चला था। एक बार उसके और दीवान के जानलेवा फंदे में फँस जाने पर दीवान ने यह मनौती मानी थी कि अगर वह बेगम को इस फंदे से बचा सके तो अपनी जन्मभूमि शाहपुर में एक विशाल जैन मंदिर बनवा देंगे। यह तो पता नहीं कि उनके बचने में इस मनौती का कहाँ तक भाग रहा, किंतु इसके बाद तीन साल तक एक व्यवस्था में फँसे रहने के कारण दीवान को उसका खयाल तक न रहा। समरू की बेगम को मालूम था कि यह मनौती दीवान ने अपने लिए नहीं, बल्कि स्वयं बेगम के लिए माँगी थी।

आज मौत को अपने सिर पर मँडराता देख दीवान ने उसकी चर्चा न करके वह अपनी जान बचने के एवज की बात की थी। उससे दीवान के प्रति बेगम का मोह द्विगुणित हो गया। उसके ऊपर से दीवान की उसके प्रति उपेक्षा से उसके नेत्र आर्द्र हो आए और उसने पीठ फेरकर कहा, 'आप जाइए, छुट्टी का परवाना पहुँच जाएगा।' वह थोड़ा रुकी और फिर बोली, 'सूली से पहले ही।'

अनुभवी दीवान बेगम के उन आँसुओं को अपनी आँखों से नहीं देख सके। लेकिन उसकी आँखों की नमी देखकर उनके मन:प्रदेश में एक ठंडी-सी सिहरन दौड़ गई। घर पर उनकी सुंदर-सी पत्नी है, बच्चा है, किंतु क्या किसी के प्यार की तुलना बेगम के मोह से की जा सकती है?

उसी रात एक तेज घोड़ी पर सवार होकर दीवान संगमलाल शाहपुर की ओर दौड़ पड़े। अगले दिन सुबह मंदिर की नींव रख दी गई। सात दिन तक ताबड़तोड़ मेहनत की गई। आठवें दिन वेदी की प्रतिष्ठा कराके दीवान संगमलाल ने पूजा की और साष्टांग दंडवत् कर निरंकार निर्लेप पारसनाथ की मूर्ति के सामने गिर पड़े। सकल जनों को सुनाते हुए उन्होंने कहा, 'हे भगवन्, यदि बेगम के क्रोध से मेरी रक्षा हो तो हस्तिनापुर के उजड़े हुए वनखंड में एक मंदिर और बनवाऊँगा, वहाँ हर वर्ष हजारों धर्म के दीवाने जाकर धर्मलाभ करेंगे।' निर्विकार भगवान् ज्यों के त्यों ही बने रहें और अपने मन की भावना से आप ही संतोष प्राप्त कर दीवान संगमलाल रोते हुए घरवालों से बिदा ले सरधने की ओर चल दिए। किंतु बेगम का गुप्तचर उनसे पहले सरधने रवाना हो चुका था ।

अगले रोज बेगम के हुजूर में हाजिर होते ही सबसे पहले बेगम ने पूछा, 'तुमने नए जैन मंदिर में कुछ मनौती मानी है?'

दीवान ने नतमस्तक होकर कहा, 'जी हाँ!'

'तुम समझते हो, दीवान, ' बेगम ने चहलकदमी करते हुए पूछा, 'यह मनौती माँगकर तुमने कितनी बड़ी तोहमत हम पर लगाई है? जिसे तुम दुनिया की सबसे बड़ी ताकत मानते हो, उसे तुमने हमारे खिलाफ भड़काने की कोशिश की है। हमने तुम पर ऐसा कोई जोर नहीं डाला, न ही तुम्हें मजबूर किया। औरत ऊँचे-से-ऊँचे पद पर भी बैठ जाए, तो भी वह चाहेगी कि कोई छाती ऐसी भी हो, जो उसे जीत ले। हमने तुम्हें उसका एक मौका दिया था। मगर अफसोस, दीवान! तुम हमारी जात की नब्ज को पहचानने में कासिर रहे। '

दीवान ने उसी मुद्रा में बिना किसी भाव को मुख पर लाए उत्तर दिया, 'मुझे अपनी गलती का आभास है । '

अचानक घूमकर कठोर दृष्टि से देखते हुए बेगम ने कहा, 'तब क्यों तुमने हमें उस बगावत में हलाक नहीं होने दिया? क्यों तुमने हमारी जान के एवज खुदा को उसका बड़ा घर बनवा देने का लोभ दिया? क्या तुम अपनी गलती को ठीक करने के लिए तैयार हो ?'

'मुझे अफसोस है, बेगम, ' दीवान ने असहमति को दूसरी तरह बयान करते हुए कहा, 'मेरा मजहब इसकी इजाजत नहीं देता।'

'और तुम एक गैरमजहबी जान पर मनौती मान सकते हो, और उसके ऊपर इतना बड़ा मंदिर बनवा सकते हो! मोहब्बत के लिए मजहब में अजीब फतवे हैं! ईसामसीह की कसम, तुम्हारी जगह अगर और कोई होता तो उसके मजहब का नामोनिशान हमारे इलाके में नजर न आता। दुनिया में रहकर दुनिया की मोहब्बत पर ईमान लाने और उसकी कद्र करने की इजाजत जिसका मजहब नहीं देता, वह समरू की बेगम का दीवान नहीं रह सकता। जाओ, चौबीस घंटे के अंदर अपनी जान की सलामती लेकर हमारी रियासत की हद से बाहर निकल जाओ।' दीवान बिना पीठ फेरे ही झुकते हुए बाहर निकल गए। समरू की बेगम के कोप से वे सही-सलामत रहे थे, किंतु किस बेगैरती और बेइज्जती के साथ!

बुझे मन से पंडितों, संगसाजों और राजों व बिरादरी के दूर-दूर के मुखियाओं को साथ लेकर दीवान संगमलाल अपनी मन्नत पूरी करने के लिए हस्तिनापुर की ओर कूच कर गए। पंडितों ने शास्त्रों का अवलोकन किया। उन्होंने हस्तिनापुर की जमीन को देखकर मंदिर का एक स्थान निश्चित किया । लेकिन वहाँ हस्तिनापुर के आसपास के गाँवों के आदि-निवासी गूजरों का वृक्ष देवता पीपल खड़ा था । वह पीपल का पेड़ वहाँ से हटाकर ही मंदिर की नींव वहाँ पड़ सकती थी । उन्हें प्रलोभन देने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन इस प्रश्न को लेकर एक तुमुल विरोध ग्रामीण जनता की ओर से उठ खड़ा हुआ। संगमलाल को धमकी दी गई कि अगर पेड़ कट गया तो उनकी जान की खैर नहीं। पंडितों से फिर विचार-विमर्श हुआ। शास्त्रों के अनुसार और कोई स्थान मंदिर बनाने के लिए इतना उपयुक्त दिखाई नहीं दिया।

शनै:-शनै: जैन समुदाय के लोग वहाँ एकत्रीत होने लगे। रात के अँधेरे में एक तेज आरे से उस पेड़ को काटने के लिए पहलवानों को लगा दिया गया। पंद्रह मिनट में वृक्ष कटकर धरती पर गिर पड़ा। हजारों की संख्या में जनसमूह, गूजरों के गोल-के-गोल अपने देवता की रक्षा करने के लिए हस्तिनापुर की ओर निकल पड़े। जैसे ही पेड़ कटा, वैसे ही उस जगह पर नींव की ईंट रखकर दीवान संगमलाल बहली पर सवार हो, तेज बैल जुतवाकर, वायुवेग से बहसूमे की ओर प्रस्थान कर गए। गूजरों को पंछी के उड़ जाने का पता चला, तो सैकड़ों घोड़े बहली के पीछे-पीछे अपराधी को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े।

आधे रास्ते में ही घोड़ों ने बहली को पकड़ लिया। छतरी पर सैकड़ों लाठियाँ पड़ीं और उसकी झिर्री- झिर्री उड़ गई। इससे पहले कि दीवान अपने किए के नतीजे को भुगतते, पीछे से मार-काट शुरू हो गई। सिर उठाकर दीवान ने उधर देखा तो पाया, वे समरू की बेगम के सिपाही थे। थोड़ी देर में खेत साफ हो गया, लेकिन डर अभी बाकी था। सिपाही बहली को अपनी रक्षा में लेकर जल्दी से बहसूमे के राजा के महल की ओर बढ़ चले । अगले दिन प्रात: सिपाहियों के नायक से दीवान ने पूछा, 'तुम्हें किसने भेजा था?'

'बेगम साहिबा ने।' नायक ने उत्तर दिया।

'कहाँ हैं बेगम साहिबा ? '

'शाहपुर का जैन मंदिर लूटने के लिए कल रात ही वे रवाना हो चुकी हैं।'

दीवान ने यह सुना तो स्तंभित रह गए। उन्हें बेगम का यह मिजाज समझ में नहीं आया।

दीवान ने तुरंत एक घोड़ा लिया और शाहपुर की ओर दौड़ पड़े। वहाँ जाकर मालूम हुआ कि मंदिर तो पहले ही लुट चुका था; बेगम ने लूट के माल के सात ऊँट भरे थे। उजड़े हुए मंदिर को दीवान ने एक बार खड़े होकर निहारा। उन्होंने तुरंत घोड़े की रास मोड़ी और सरधने की राह पर उसे सरपट दौड़ा दिया। दीवान करीब-करीब बेहोशी की हालत तक पहुँच गए थे। सरधने के करीब पहुँची बेगम ने ऊँट पर बैठे-बैठे दीवान को घोड़े की पीठ से गिरते देखा । दीवान की सेवा-शुश्रूषा शुरू हो गई। अपनी रानों पर दीवान का सिर रखे बेगम उनके मुँह में जल टपकाती रही।

आँखें खुलीं तो दीवान की नजर बेगम पर पड़ी। वे जल्दी से उठ गए और उससे पूछा, 'आपने उन लोगों से मुझे क्यों बचाया?'

बेगम ने गंभीर होकर जवाब दिया, 'अहसान का बदला चुकाना था।'

'आपने यह भी नहीं सोचा कि मंदिर लूटकर आपने हजारों लोगों की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुँचाई है?'

बेगम उठकर खड़ी हो गई। बोली, 'काश कि हस्तिनापुर में वह पीपल का पेड़ कटवाते हुए भी तुम यही सोचते!'

दीवान निरुत्तर हो गए। वे बोले, 'लेकिन यह मंदिर आपकी जान के एवज में बनाया गया था ।'

'हूँ," बेगम बोली, 'फिर तो मेरी जान की एवज में तुम्हें मंदिर नहीं, बल्कि गिरजाघर बनवाना चाहिए था । ' क्या कहते?

दीवान चुप हो गए। बेगम के अंदर जो यह धार्मिक पक्षपात की भावना उत्पन्न हुई थी, उसका कारण दीवान ही तो थे । वह निराश होकर उन्होंने अंतिम बात कही, 'किंतु मंदिर में मेरी जान बचने की मनौती भी तो शामिल थी।' 'उसके लिए तुम्हें एक ऊँट वापस किया जाता है। हम बुतशिकन नहीं हैं, चलो।' और बेगम का काफिला एक ऊँट वहीं छोड़कर आगे बढ़ चला। दीवान वहाँ खड़े उस काफिले को पीछे से तब तक देखते रहे, जब तक वह उनकी आँखों से पूरी तरह ओझल होकर एक धब्बे के रूप में परिवर्तित नहीं हो गया।

उसके बाद गिरजाघर बना और तब तक बनता रहा, जब तक कि मंदिर की लूट की एक-एक पाई उसमें खर्च नहीं हो गई। उसके तैयार हो जाने पर बेगम ने हुक्म दिया कि गिरजे का कंगूरा राजधानी के तमाम धार्मिक भवनों से ऊँचा रहे । बिना और कुछ कष्ट के एक जैन मंदिर की जरा-सी ऊँचाई को गिरजे के कंगूरे के मुकाबले कम करने के लिए, उसके एक कलश को उखाड़कर अलग कर दिया गया।

गिरजाघर के इस कंगूरे में छिपा था - प्रेम से प्रवंचित एक नारी का सिर ऊँचा करके चलने का अभिमान!

## ग़ज़ल

■ फ़ख़्र अब्बास

रेशम ज़ुल्फ़ के तार भी बातें करते हैं
उस के तो रुख़्सार भी बातें करते हैं

इतना वक़्त में देता हूँ उस लड़की को
अब तो मेरे यार भी बातें करते हैं

सौ अफ़्साने बन जाते हैं दोनों के
हम दोनों दो चार भी बातें करते हैं

हर इक शे%र नहीं हो सकता अच्छा शे%र
शाइ%र कुछ बे-कार भी बातें करते हैं

इतने ज़ख़्म दिखाता हूँ मैं आए दिन
मुझ को तो ग़म-ख़्वार भी बातें करते हैं

रोती हुई आँखों का वो मंज़र नहीं देखा
छोड़ आए तो फिर हम ने पलट कर नहीं देखा

कुछ वो भी समझने का तकल्लुफ़ नहीं करते
कुछ हम ने ज़बाँ से कभी कह कर नहीं देखा

शायद उसी कमयाब को कहते हैं तबस्सुम
हम ने तिरे चेहरे पे जो अक्सर नहीं देखा

हम हुस्न ब-अंदाज़-ए-हसीं देखने वाले
सच बात है तुझ सा कोई पैकर नहीं देखा

इस ज़ख़्म का ज़ालिम को तो एहसास बहुत है
जिस ज़ख़्म को हम ने कभी गिन कर नहीं देखा

हम को तो सर-ए-हश्र थी इक और कसक भी
जाते हुए हम ने रुख़-ए-दिलबर नहीं देखा

## कालाहांडी के स्याह पक्ष का जीवंत दस्तावेज़

■ श्री अमरेंद्र किशोर

एक लंबे समय से हमारे देश में 'कालाहांडी' भूख, कुपोषण, सूखे और पिछड़ेपन का पर्याय बना हुआ है। श्री अमरेंद्र किशोर की पुस्तक 'मजदूरों की मंडी कालाहांडी' इन्हीं स्याह पक्षों का सांगोपांग विवेचना करती है। हालाँकि, कालाहांडी कभी प्राकृतिक संसाधनों यथा, जल, जमीन और जंगल से समृद्ध था, लेकिन लूटमारी और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन ने इसकी तस्वीर को रंगीन से श्याम-श्वेत बना दिया और आदिवासियों के जीवन को भी बेरंग कर दिया।


आज कालाहांडी के आदिवासी पानी और दो वक्त के भोजन के लिए तरस रहे हैं। निश्चित जीवकोपार्जन के अभाव में वे मजदूर बन गये हैं। सौदागरों ने उन्हें देसी शराब और तंबाकू की लत लगा दी है। प्रशासन, राजनीतिज्ञों और नशे के कारोबारियों ने आदिवासियों को इंसान से कीड़ा-मकौड़ा बना दिया है। कुछ रुपयों के लिए बच्चे, बेटियाँ और ननदें बेची जा रही हैं। रसुखदारों के यौन पिपासाओं के कारण कालाहांडी में अनब्याही माँओं की संख्या में इजाफा हो रहा है।

समाज के पारिस्थितिक तंत्र में आस्था और धर्म की अहम भूमिका होती है। ये इंसान के जीवन को सरस व सहज बनाते हैं, लेकिन धर्म के ठेकेदारों ने कालाहांडी के आदिवासियों से उनके देवी-देवताओं को छीन लिया और उन्हें उनकी आस्था, धर्म, पूजा के अधिकार आदि से महरूम कर दिया. आज मन की अशांति और जठराग्नि ने उनके जीवन को विद्रूप बना दिया है।

**प्रकाशक**-बुकस्मिथ, रोहिणी, सेक्टर-13, नई दिल्ली-110085
प्रकाशन वर्ष-2024
मूल्य (पेपरबैक) 999 रूपये
समीक्षक-सतीश सिंह, अहमदाबाद

कालाहांडी में विकास करने के सरकार के कई दावे हैं, जिनमें गाँव को निकतम शहर से जोड़ना, मुफ्त में चावल वितरण, आर्थिक सहायता देना, बिजली की उपलब्धता, स्कूल, प्राथमिक अस्तपताल की सुनिश्चितता आदि हैं, लेकिन लेखक पुस्तक में इन दावों की पोल खोलता नज़र आता है।

संक्षेप में यह पुस्तक आदिवासियों के शोषण, प्राकृतिक संसाधनों की लूट, प्राशासनिक कुव्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक विसंगतियां और कागज़ पर




विकास करने की कहानी है। साथ ही, यह देश के दूसरे प्रदेशों में रह रहे आदिवासियों की भी कहानी कहती नज़र आती है। पुस्तक की सामग्री व भाषा-शैली के सरस, सहज और रोचक होने के कारण यह पाठकों को एक बैठक में पढ़ने के लिए प्रेरित करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

पुस्तक मजदूरों की मंडी कालाहांडी

## परिचय सम्मेलन

चलो झटकापुर - चलो झटकापुर - चलो झटकापुर । झटकापुर में आयोजित विशाल सजातीय युवक, युवति परिचय सम्मेलन में अवश्य पधारें। यहाँ मनचाही कुंडली , फ़र्ज़ी, डुप्लीकेट बायोडाटा कंप्यूटर द्वारा बनाने की विशेष व्यवस्था है. कुंडली निर्माण और मिलान मुफ्त किया जाता है. विधुर एवं परित्यकता हेतु विशेष व्यवस्था, झटका देकर शादी कराने की गारंटी

आइये, परिचय सम्मेलन से आपका परिचय करादें. पहले लोग फुर्सतिया होते थे, बाल बच्चों की शादी के बहाने, रिश्तेदार्री के चक्कर में महीनों घर से दूर रहे आते थे. तब संयुक्त परिवार में बाल बच्चों की संख्या खूब होती थी. एकाध बच्चा चल बसा तो बहुत गम भी नहीं होता था. हर साल परिवार में शादी नहीं तो जचकी और जचकी नहीं तो शादी होती ही थी. जबसे उच्च शिक्षा, शहरी अंधानुकरण, सुदूर देश या विदेश में नौकरी आदि का चलन बढ़ा तो उसके साथ साथ लव मैरिज, कॉन्ट्रैक्ट मैरिज, इंटरकास्ट मैरिज, लिव इन रिलेशन आदि का भी चलन बढ़ा. माँ - बाप बड़े चिंतित की होनहार युवा कहीं गलत रास्ते पर न चला जाय, आन जात में सम्बन्ध न हो जाय. सो, ऐसी शंका के समाधान हेतु परिचय सम्मेलन आरम्भ हो गये. मजे की बात यह की इन परिचय सम्मेलन के कर्ता धर्ता वे महापुरुष हैं जिनके परिवार में सात जात की बहुयें और दामाद हैं. इन्हें समाज की भारी चिंता है. परिचय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दूल्हा रामजी जो आजीवन कुंवारे हैं का सम्मान होता है. ततपश्चात् सामाजिक एकता, समाज के प्रतिभाशाली युवाओं की उपलबधियों, पिछले वर्ष की गतिविधियों का बखान हो रहा है, तभी कहीं पंडाल से आवाज़ आती है , समाज के सामने पिछले 10 वर्षों का आय व्यय हिसाब पेश क्यों नहीं किया? आयोजन समिति भ्रस्ट है. मंच पर बैठे लोग मक्कार हैं. परिचय सम्मेलन में प्रविष्टि के नाम पर पैसे लेकर पेल गये. विडंबना यह की सामाजिक संगठन मज़बूत करने के नाम पर एक ही नगर में - एक ही समाज के एक नहीं अनेक परिचय सम्मेलन हो रहे हैं. सबके अपने अपने गिरोह हैं, एक दूसरे से कम्पटीशन है. वे सम्मेलन के माध्यम से दूसरे को नीचा दिखाना चाहते हैं. परिचय सम्मेलन का उपयोग हथियार के रूप में हो रहा है. बात तो सामाजिक समरसता की करते हैं किन्तु चलते अपने रस्ते पर हैं. समाज जाय भाड़ में. समाज में एक गिरोह ऐसा है, जो लोगों के विरुद्ध अफवाह उडाता है. किसी के यहाँ लड़का - लड़की की बात चीत चल रही हो तो, इनका काम भाँ जी मारना है. ये विघ्नसंतोषी किसी का मंगल नहीं देख सकते.




परिचय सम्मेलन में परिचय पत्रिका ग्रंथ प्रकाशित होता है. विवरण के साथ आकर्षक फोटोज़ होते हैं, कई फोटो देखकर मुंह से निकल पड़ता है, अरे बाप रे, इनकी अभी तक शादी नहीं हुई. ऐसे में कई बार लोग आयोजकों को कोसते हुए, बायोडाटा देना बंद कर देते हैं.

आजकल सामाजिक स्तर पर शिक्षित, नौकरीपेशा कन्याओं की बहुत डिमांड है, सम्मेलन में लड़कों के बायोडाटा, कुंडली बहुत मिलते किन्तु लड़कियों की कुंडली ढूढ़ना पड़ती है. मंच पर युवक के साथ अभिभावक भी आते हैं. एक तरफ तो अपनी सम्पन्नता, शान शौकत का बखान करते हैं तो दूसरी ओर याचक बन पुत्र के लिए वधु की याचना करते हैं. परिचय सम्मेलन, आयोजकों के लिए दूध देने वाली गाय सिद्ध हो रहे. अगर ज़ेब से पैसे लग रहे होते तो इतनी मात्रा में सम्मेलन न होते. एक बात और परिचय सम्मेलन में जो अध्यक्ष, मुख्य अतिथि आदि मंचा सीन होते हैं, उनको भी निचोडा जाता है. अब सम्मेलन व्यवसाय से नहीं.

लोगों की व्यस्त दिनचर्या के चलते सामाजिक संपर्क का अभाव निर्मित हो गया है. बेटा बेटी की शादी के लिए विवशता वश परिचय सम्मेलन का आश्रय ले रहा है. यहाँ से मिलने वाले रिश्तों की कोई प्रमाणिकता और विश्वनीयता नहीं. कई कई शादी होने के बाद भी लोग अपने को कुंवारा बता रहे, कई महिलाएं बाल बच्चेदार फिर भी एक और शादी करने को तैयार.

ऐसा भी हुआ कि विधुर पिता के लिए बेटा कोई महिला ढूंढ़ रहा है और पिता विवाह योग्य पुत्र के लिए लड़की ढूंढ़ रहा है. कई बार ऐसा भी हुआ कि लड़की कोई दिखाई और शादी किसी और से कर दी. कहा जाता है जोड़ी ऊपर से बनकर आती है - तो फिर कोर्ट में तलाक़ के ढेरों केस कहाँ से आते हैं?

**- अभिमन्यु जैन.**
( मो.नं. 9425885294)

## फ़लसफ़ा-ए-ज़िंदगी

'फ़लसफ़ा-ए-ज़िंदगी' डॉ. लोक सेतिया (फतेहाबाद) का नव प्रकाशित ग़ज़ल-नज़्म संग्रह है। जिसमें उनकी विविध बह्रों में लिखी 130 ग़ज़लें और 21 नज़्में प्रकाशित हुई हैं। श्वेतवर्णा प्रकाशन द्वारा सुन्दर साज-सजा के साथ प्रकाशित की गई इस 164 पृष्ठीय हार्ड बाइंडिंग वाली कृति का मूल्य 200/- रुपये है।

डॉ लोक सेतिया जी ने यथार्थ और सामयिक ग़ज़लें लिखी हैं।

लोगों के आत्मसमर्पण पर शायर लिखता है-
ग़म से इतनी मुहब्बत नहीं करते
खुद से ऐसे अदावत नहीं करते।
ज़ुल्म की इन्तिहा हो गई लेकिन
लोग फिर बग़ावत नहीं करते।

वे उन लोगों पर भी तंज करते हैं, जो डर से बोलते नहीं हैं-
हद से अब तो गुज़र गये हैं लोग
जाने क्यूँ सच से डर गये हैं लोग।
हमने ये भी तमाशा देखा है
पी के अमृत भी मर गये हैं लोग।

सच्चाई से प्यार करने वाले हर क़ुरबानी को तैयार रहते हैं-
वो पहनकर कफ़न निकलते हैं
शख्स जो सच की राह चलते हैं।

डॉ सेतिया जी ने छोटी बह्र की ग़ज़लों में भी बड़ी बात कही है।

मुझे विश्वास है उनका यह संग्रह लोगों को बहुत पसंद आएगा और उन्हें गम्भीर शायर के रूप में प्रतिष्ठित करेगा।

# बजट प्रतिक्रिया –सोचा भी नहीं था..टैक्स फ्री होगी 12 लाख तक की कमाई




## सशक्त और समृद्ध बनाने वाला बजट : राकेश सिंह

केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह अंतरिम बजट माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के लक्ष्य को साकार करने वाला है यह भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला ऐतिहासिक बजट है यह बात केंद्र सरकार द्वारा पेश किए आम बजट पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कही।

श्री सिंह ने कहा प्रधानमंत्री जी की मंशानुरूप यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। यह बजट इसका प्रबल उदाहरण है।

## समग्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया बजट : सांसद दुबे

जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने 2025 के केंद्रीय बजट को देश के समग्र आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखकर बनाया गया जनहितकारी बजट निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का पूरा ध्यान रखा गया है और किसान,युवाओं,मध्यम वर्ग को प्राथमिकता देते हुए अनुकूल निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तावों से हर वर्ग को बहुत फायदा होगा। आज प्रस्तुत बजट भारत को और सशक्त बनाने में मील का पत्थर प्रमाणित होगा।

## समग्र विकास को समर्पित है बजट : डॉ अभिलाष पांडे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया. जिसमें मिडिल क्लास लोगों का खास ख्याल रखा गया है. घोषणा के मुताबिक अब 12 लाख की सैलरी तक वाले लोगों को कोई भी टैक्स नहीं देना पड़ेगा. वित्त मंत्री के बजट पेश करने के बाद जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने वित्त मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि हर कोई आपकी तारीफ कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है

## बजट से देश के विकास को मजबूती मिलेगी : रोहाणी

केंट विधायक अशोक रोहाणी ने कहा है कि आम बजट से सभी वर्गो के विकास को मजबूती मिलेगी। इसमें सभी का ध्यान रखा गया है। रोहाणी ने आगे बताया कि रोजगार भी बढ़ेगा, लोगों को आयकर से छूट दी गई है, इससे मध्यम वर्ग को सीधा लाभ होगा। उनके परिवार को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने मे मदद मिलेगी।

## आय टैक्स से बाहर रखना क्रांतिकारी कदम : प्रभात साहू

भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं जबलपुर के पूर्व महापौर प्रभात साहू ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में आम बजट 2025 पेश किया। इस बजट में मिडिल क्लास के लिए बड़ी राहत है।12 लाख तक की आय को टैक्स से छूट देने का कार्य मध्यम वर्गीय लोगों को सीधे तौर पर राहत देने वाला कदम है जो कि मिडिल क्लास की बचत और खर्च करने की सीमा बढ़ाएगा और अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा।

## सुबह उठते से सोते तक करों की वसूली : लखन घनघोरिया

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा है कि आम बजट निराशाजनक है। इसमें कुछ भी ऐसा नही है जिससे आम जनों को राहत मिलती दिखे। जीएसटी के माध्यम से आम लोगों को सुबह उठते ही मंजन करने, चाय पीने, नाश्ता पानी और रात को सोते तक टैक्स देना पड़ रहा है। जन्म लेते बच्चे और मरने वालों के परिजनों से जीएसटी के नाम पर वसूली की जा रही है। युवाओं के लिये रोजगार खत्म हो गये हैं। किसान को समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है, आज भी किसान अपनी मांग को लेकर दिल्ली के पास डेरा डाले हुये हैं।

## हर वर्ग के लोग परेशान : सौरभ नाटी शर्मा

कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार लगातार पिछले दस साल से ज्यादा समय से इसी तरह आम बजट में लोगों को झूठे सपने दिखा रही है। इनके पास देश को आर्थिक रूप से चलाने का तरीका नही है। लगातार रूपया गिर रहा है। विदेशी भंडार कम हो रहा है। आने वाले दिनों में और बुरे दिनों का सामना आम लोगों को करना पड़ेगा।

## महंगाई पर लगाम नहीं : विनय सक्सेना

पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा है कि यह बात साफ हो गई है एनडीए सरकार के पास उच्च कोटि के अर्थशास्त्रियों की भारी कमी है। प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री के पास ऐसे सलाहकार नही है जो देश की आर्थिक मजबूती के लिये बेहतर योजना बना सके। सक्सेना के अनुसार महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। अब घर में जितने कमाने वाले लोग हैं, उसके बाद भी परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। पहले घर में एक सदस्य भी अपने परिवार को पालने में सक्षम था। कांग्रेस की सरकार हर वर्ग का ध्यान रखकर देश का बजट बनाती थी।

## भारतीय मूल के संवर्धन का बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का 8 वां बजट भारत की आत्मा के सरंक्षण पल्लवन का बजट कहा जा सकता है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,रोजगार, निवेश विकास, महिला सहभागीता और इनके लिए आवश्यक मध्यम वर्ग को मजबूती प्रदान करने वाला बजट है। प्राथमिक शिक्षा में 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शालाओं में ब्राडबैंड सुविधा, आईआईटी में शिक्षा के अवसरों का विस्तार दिया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के साि साथ मेडीकल क्षेत्र को प्रतियोगितात्मक भी बनायेगा। प्रधानमंत्री धनधान्य योजना, मत्स्तपालन ,मखाना कृषकों को सुविधाऐं कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करेगी। एमएसएमई को बल प्रदान करने अन्य प्रावधान वैश्विक प्रतियोगिता व रोजगार अवसरों में वृद्धि करेगा । बहुप्रितिक्षित आयकर का नया अधिनियम स्वागतयोग्य है लेकिन अप्रयत्क्षकरों का विवेकीकरण सकरात्मक है आयकर में अपेक्षा से अधिक छूट मध्यमवर्ग को मजबूती प्रदान करेगा। वित्तीय घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत रखा जाना संघीय व्यवस्था है, कुछ सदस्यों में अतिरिक्त सहायता चिंताजनक है।

– **डॉ.शैलेश चौबे,** अर्थशास्त्री

## आम आदमी की जेब बचत से भरेगी, अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जैसा कि मंहगाई को देखते हुए यह बड़ी उम्मीद लगाई जा रही थी कि इस बार केन्द्र सरकार अपने बजट में आम आदमी को बड़ी राहत देने के लिए आयकर छूट सीमा को बढ़ायेगी और वित्तमंत्री के पिटारे से आयकर स्लैब में ऐसी सौगात बरसी, जिसने करदाताओं का मन खुशी से गदगद कर दिया, उम्मीद यह लगाई जा रही थी कि सरकार आयकर छूट सीमा ज्यादा से ज्यादा 10 लाख तक बढ़ायेगी लेकिन 12 लाख तक की कमाई में कोई टैक्स का ऐलान करके सरकार ने सभी को चौका दिया। यही नहीं 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन पर भी कोई टैक्स नहीं लगने का ऐलान ने उस खुशी को दुगना कर दिया । कुल मिलाकर इस बार के बजट ने आयकर छूट सीमा में हुई बड़ी बढोत्तरी से चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। किसी ने कहा कि आयकर छूट सीमा में बड़ी बढोत्तरी से न केवल आम आदमी की जेब में पैसा आयेगा बल्कि बचत कर सकेगा और खर्च अधिक कर सकेगा। दूसरी तरफ किसी ने यह भी कहा कि बाजार में मांग और खपत बढ़ने से उद्योग-व्यापार को लाभ होगा और देश की अर्थव्यवस्था का पहिया बढ़ती मंहगाई की बजह से जाम होने लगा था, वह फिर घूमने लगेगा। बजट में किसानों के लिए भी किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख बढ़ाकर 5 लाख तक की गई है उसे किसानों ने स्वागत योग्य कदम बताया है, लेकिन एमएसपी को लेकर सरकार का रवैया गंभीर न होने से निराशा हुई है। एक तरफ सत्तापक्ष इस बजट को देश की तरक्की वाला और आत्मनिर्भर भारत का बजट कह रहा है तो वहीं विपक्ष इस बजट को निराशाजनक असंतुलित दिशाहीन बजट बना रहा है।

## आर्थिक स्थिरता को बनाये रखने वाला बजट

यह बजट आम आदमी की खर्च करने की क्षमता को मजबूत करेगा और आर्थिक विकास को गति देगा, सरकार का लक्ष्य निजी निवेश को बढ़ावा देना है, घरेलू बाजार को सशक्त बनाना और मध्यम वर्ग को राहत देना है। बजट में युवा किसान गरीब और महिलाओं को ध्यान में रखा गया है। कृषि एमएसएमई निवेश और निर्यात को विकास के इंजन के रूप में उभारा गया है। किसान क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ने से किसानों को अधिक राशि कम ब्याज पर मिल जायेगी। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति के सुधार होगा मेडीकल उपकरण कैंसर से जुड़ी दवाऐं बैटरी, ई-वाहन एचईडी एलसीडी स्मार्टफोन हैंडलूम व देशी वस्त्र के सस्ते होने के प्रस्ताव के साथ 12 लाख लक्की टैक्स फ्री कमाई आदि के प्रस्ताव के देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। यह बजट आर्थिक स्थिरता को बचाये रखते हुए विकास को बढ़ावा देने वाला साबित होगा।

– **डॉ.रोहित बलयानी,** अर्थशास्त्री

मध्यम वर्ग को आयकर में बड़ी राहत अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूतीहाल ही में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में मध्यम वर्ग को आयकर के क्षेत्र में महत्वपूर्ण राहत दी गई है। देश की लगभग 80 प्रतिशत आबादी की वार्षिक आय 12 लाख रूपये का उससे कम है, ऐसे में इस कर राहत से बड़ी संख्या में करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इससे कर की बचत बढ़ने के कारण उपभोक्ता खर्च से वृद्धि होने की संभावना है, जिससे बाजारों में रौनक बढ़ेगी। और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि कर में कटौती से लोगों की क्रय शक्ति में सुधार होगा, जिससे व्यापार, और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके परिणामस्वरूप सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में वृद्धि देखने को मिल सकती है, जो देश की आर्थिक मजबूती का एक प्रमुख संकेतक है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर कर कटौती की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रूपये कर दिया गया है, जिससे वृद्ध नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा मिलेगी।

– **प्रो.मंगलाचंद टाटिया** अर्थशास्त्री

## आम आदमी पर टैक्स का बोझ कम होगा

पिछले चार पांच, सालों से करदाताओं की यह बहुप्रतिक्षित मांग थी कि आयकर छूट सीमा बढ़े जिसे सरकार ने इस बजट में बढ़ाकर आम आदमी को अच्छी राहत दी है। इससे आम आदमी पर टैक्स का बोझ कम होगा। आयकर का नया अधिनियम भी प्रस्तावित है, जो वर्तमान आयकर अधिनियम से काफी छोटा और सरलीकरण होगा।

– **सीए मनोज जैन**

## नौकरी पेशा को 12 लाख से ज्यादा की आय पर टैक्स छूट

यह बजट पूरी तरह देश के लिए सकारात्म बजट है। बजट से इस बार आयकर छूट सीमा में जो बड़ी वृद्धि की गई है, उससे छोटे व्यापारी और नौकरीपेशा वालों को फायदा होगा। नौकरीपेशा वालों 75 हजार तक स्टैण्डर्ड डिडक्शन में छूट के कारण 12 लाख 75 तक की आय में टैक्स छूट का लाभ मिलेगा। मेडीकल में जो सीटे बढ़ाई गई वह सराहनीय कदम है, इससे देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी जिसकी बहुत आवश्यकता है। साथ आईआईटी में भी जो सीटे बढ़ाई गई वह स्वागतयोग्य कदम है।

– **सीए उत्तमचंद टाटिया**

## मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा, व सीनियर सिटीजन को मिलेगा टैक्स लाभ

विशिष्ट करों की आय की छोड़कर 12 लाख तक की आय कर मुक्त होगी, इससे नौकरी पेशा,मध्यमवर्ग दोनों को लाभ होगा। सीनियर सिटीजन को ब्याज की आय पर टैक्स छूट लिमिट बढ़ाकर एक लाख कर दी गई है। किराये पर अब 6 लाख तक टीडीएम नहीं लगेगा, जो पहले 2.40 लाख था। अब विगत 4 वर्ष की अपटेडेड रिटर्न को अब एक साथ फाइल कर सकते हैं। जबकि पहले दो साल तक की रिटर्न कर सकते थे। यह सभी कदम सराहनीय है।

**सीए हेमंत लालवानी अध्यक्ष** आईसीएआई, जबलपुर ब्रांच

## टैक्स छूट से मध्यमवर्ग को बड़ी राहत

आयकर छूट सीमा बढ़ने से विशेषकर मध्ययम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। आयकर का नया अधीनियम बिल पेश किया जायेगा इससे सरलीकरण होगा ।

**सीए रवि राठी**

एक लाख महीने को आय वाले चाहे व्यापारी हो या नौकरीपेशा हो सभी के लिए 12 लाख तक की आय सलाना आय को टैक्स फ्री कर दिया। भारत के इतिहास में पहली बार आयकर अधिनियम का नया बिल लाया जा रहा है। सरकार ने जो टैक्स में बड़ी राहत दी है वह एक संदेश है कि अब कर चोरी बंद कर दो और देश के विकास में सहयोग करो। एमएसएमई, स्टार्टअप, कृषि में भी बढ़िया प्रस्ताव हुये हैं यह एक संकलित और देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने वाला बजट है।

**सीए राकेश खंडेलवाल**

## शानदार बजट

सभी माध्यमिक विद्यालयों में फ्री इंटरनेट, लगभग 13,00,000 की सैलरी टैक्स फ्री, जनजातियों के लिए चार गुना बजट बढ़ने से समाज में बराबरी का दर्जा सबको मिलेगा। जीवन रक्षक दवाएं इलेक्ट्रॉनिक आइटम और मोबाइल सस्ते होने से युवाओं में काफ़ी उत्साह है।

**अनुराग सोनी,** चेयरमेन ब्रिटिश फोर्ट फाउडेशन स्कूल

## आयकर छूट सीमा में अपेक्षा से ज्यादा बढ़ोत्तरी

लंबे समय से महंगाई को देखते हुए मध्यम वर्ग नौकरीपेशा सरकार से आयकर छूट सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे थे । आज सरकार ने बजअ में अपेक्षा से अधिक आयकर छूट सीमा 12 लाख तक टैक्स फ्री करके आम आदमी को खुश कर दिया । इससे लोगों को बड़ी बचत होगी जिससे वे बाजार में ज्यादा पैसा खर्च कर पायेगे और व्यापार उद्योग की हालत मांग बढ़ने से सुधरेगी।

**भीमलाल गुप्ता,** अध्यक्ष मुकादमगंज व्यापारी संघ

## संतुलित बजट

यह बजट एक तरह से संतुलित बजट है। आयकर छूट सीमा बढ़ाया , मेडीकल , आईआईटी में सीटें बढ़ाना और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाना सराहनीय कदम है। शेयर में से जुड़े टैक्सों में छेड़छाड़ नहीं होने से बाजार एक तरह फ्लैट रहा, गिरावट रही लेकिन लंबी नहीं और कुछ समय बाद बाजार फिर ठीक हो जाएगा।

**तिलक अग्रवाल,** डायरेक्टर,अग्रवाल बंधु

## आमजनों के लिए राहत नहीं

भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में देश के गरीब मजदूर, किसान बेरोजगार नागरिकों को कोई फायदा नहीं होगा और नही इससे आम जनता को कोई राहत मिलेगी एक बार फिर आम जनता के साथ छलावा किया गया है जिससे एक बार फिर से मध्यम वर्ग के लिए निराशा वाला बजट है जो बजट पेश किया गया है उससे व्यापारियों को और आम नागरिकों को बहुत उम्मीदें थी कि सरकार द्वारा ऐसे कदम उठाये जायेंगे जिससे कि लगातार बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगेगी और बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा। मगर बजट में ऐसा कोई प्रावधान न होने से निराशा दिखाई पड़ी, बजट में न तो किसानों को एम.एस.पी. दी गयी दो देश के किसानों की सबसे बड़ी मांग थी और न ही गरीबों के आवास मनरेगा आदि पर कोई चर्चा की गई।

**चमन श्रीवास्तव,** अध्यक्ष, संस्कारधानी चेम्बर

## मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

इस बजट में सरकार ने सरकारी खर्चों को नियंत्रित करते हुए मध्यम वर्ग को आयकर छूट सीमा बढ़ाकर बड़ी राहत दी है हॉलाकि इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार और किसानों के लिए कुछ खास प्रस्ताव नहीं किये है इस बजट को मैं 100 में से 60 नम्बर दूंगा।

**आशीष कोठारी,** डायरेक्टर कोठारी ग्रुप

## अभी तक सर्वोत्तम बजट

यह बजट अभी तक सर्वोत्तम बजट है क्योंकि सरकार लम्बे समय से जो मध्यम वर्ग की मांग आयकर छूट सीमा को लेकर थी उसमें बड़ी राहत देकर ब्याज सहित भरपाई की है। इसके अलावा एम.एस.एम.आई, स्टार्टअप की है इसके अलावा एम.एस.एम.आई स्टार्टअप और मेडिकल क्षेत्र में काफी अच्छे प्रावधान किये हैं।

**विजय भूरा,** सराफा व्यवसायी

## आयकर में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

सरकार ने बजट में आयकर छूट सीमा में बड़ी बढ़ोत्तरी की है। इससे मध्यम वर्ग को खास मिली है उनके पास बचत होगी, यह पैसा बाजार में मांग उत्पन्न करेगा जिससे उद्योग व्यापार बढ़ेगा।

**मयंक अग्रवाल,** सराफा व्यवसायी

## टैक्स की प्रक्रिया की जटिलाताऐं भी दूर होना चाहिए

बजट में जो आयकर छूट सीमा बढ़ाई गई उससे निश्चित रूप से मध्यम वर्ग और नौकरी पेशा पर टैक्स का बोझ कम होगा और बचत होगी लेकिन व्यापारियों को आज जो टैक्स की प्रक्रिया में जटिलताऐं को सामना करना पड़ रहा है, उसे भी दूर किया जाना चाहिए ताकि सरकार और व्यापारियों के बीच बढ़िया तालमेल बन सके इससे सरकार को रेवन्यू भी अधिक मिलेगा।

**संदीप भूरा,** सराफा व्यवसायी

## बाजार में मंदी को दूर करने के लिए भी ठोस कदम उठे

बजट में सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा वर्ग को राहत दी है लेकिन जो बाजार में मंदी का माहौल है, उसे भी दूर करने के ठोस कदम सरकार को उठाने चाहिये साथ फ्री निधि बांटने के बजाए श्रम के बाद पैसा दिया जाये तो अच्छा कदम होगा।

**दीपक अग्रवाल,** सचिव क्रेडाई

## देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी

यह बजट मध्यम वर्ग के लिए बेहतर रहा वहीं इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी अच्छे प्रस्ताव हुए। मकानों के साथ रोजगार के लिए भी अच्छे प्रस्ताव किये गये हैं। जिससे देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी।

**बीएस खन्ना,** डायरेक्टर, सुख सागर ग्रुप

## पहली बार मध्यम वर्ग को आयकर में बड़ी राहत

इस बजट में पहली बार मध्यम वर्ग को आयकर छूट सीमा में बड़ी राहत मिली है, सरकार ने इस छूट सीमा में करीब दुगुनी से अधिक वृद्धि की है। इससे मध्यम वर्ग को अधिक लाभ होगा। वहीं पैसे की बचत अधिक होने से यह पैसा बाजार में मांग बढ़ाएगा।

**शरद माथुर,** संचालक, स्मैट इंटरप्राईजेज

## इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की खपत बढ़ेगी

टैक्स की दर घटने से स्मार्टफोन, एलईडी, एलसीडी सस्ते होंगे। इससे इसकी खपत में इजाफा होगा। जो गरीब पहले महंगे होने के कारण नहीं खरीद पाते थे वे अब सस्ता होने से खरीद पायेंगे आयकर छूट सीमा बढ़ने से आम आदमी को फायदा होगा साथ ही कर चोरी में लगाम लगेगी।

**अजीत सिंह ठाकुर,** इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी

## मध्यम वर्ग व नौकरीपेशा वालों के लिए वरदान

मध्यम वर्ग और नौकरा पेशा वालों के लिए यह आम बजट बरदान जैसा साबित हुआ क्योंकि आयकर छूट सीमा में बड़ी बढ़ोत्तरी की गई है। आम आदमी के खर्च करने की क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी इससे न सिर्फ जीएसटी संग्रह बढ़ेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट भी मिलेगा।

**मोहन परोहा,** डायरेक्टर, परोहा डेव्लपर्स

## विकास में तेजी लाने वाला बजट

जो केन्द्रीय बजट आया है, निश्चित तौर पर विकास में तेजी लाने वाला बजट है। घोषित की गई योजनाओं से निजी क्षेत्रों में निवेश बढेगा। खासतौर पर मध्यम वर्गीय परिवार के लिए अब तक का सबसे अच्छा बजट माना जाना चाहिए, टैक्स का स्लैब 12 लाख तक बढा देने से लोगों के पास बचत बढेगी, मार्केट में डिमांड बढेगी और पैसा मार्केट में आयेगा, ऐसा करने पर सरकार को जो घाटा लगता वह नहीं लगेगा ऐसी व्यवस्था भी है और पूरी तरह से संतुलित बजट है। इस बजट में मंहगाई को नियंत्रित करने की पूरी क्षमता है। यह बहुत ही प्रशंसनीय बजट है।

**सौरभ बड़ेरिया,** डायरेक्टर, बड़ेरिया मेट्रो प्राईम हॉस्पिटल

## बजट में आम आदमी के लिए अच्छे प्रस्ताव

नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग के लिए यह बजट बहुत ही अच्छा रहा क्योंकि आयकर छूट सीमा में अपेक्षा से अधिक बढ़ोत्तरी की गई वहीं दवाईयां सस्ती होने से मरीजों को इलेक्ट्रॉनिक व अन्य समान सस्ते होने से आम आदमी को महंगाई से राहत मिलेगी।

**डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी,** प्राचार्य श्री जानकीरमण महाविद्यालय

## सभी वर्ग को किया गया खुश

इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में लिथियम बैटरी पर आयात शुल्क मुक्त करने पर मोबाइल फोन, ई बाइक, ई रिक्शा एव ई कार सस्ती होगी,एमएसएमई की स्कीम में 5 करोड रुपए की लिमिट को बढ़ाकर 10 करोड रुपए कर दिया जाना एक अच्छी पहल,अब हर खिलौने पर लिखा होगा मेड इन इंडिया सरकार द्वारा इस बजट में एक बहुत महत्वपूर्ण घोषणा की गई है । हिंदुस्तान में खिलौने का सबसे बड़ा हब बनाया जाएगा, जिससे इस व्यापार से जुड़े व्यापारी एवं मैन्युफैक्चरर्स इंडस्ट्रीज को फायदा होगा एवं मेड इन चाइना के खिलौने को बाय-बाय किया जाएगा।

**दीपक सेठी,** प्रदेश सचिव, केट


महिलाएँ ध्यान दें
महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं हेतु 44 जड़ी बूटियों का संतुलित मिश्रण
श्वेतनिल सायरप
श्वेत प्रदर (सफेद पानी), अनियमित महावारी
कमर एवं पेट दर्द
मूत्र मार्ग में जलन एवं संक्रमण
योनी मार्ग में चिपचिपाहट एवं दुर्गंध
शारीरिक एवं मानसिक थकावट
भूख न लगना
चक्कर आना
खून की कमी
नींद न आना
बैचेनी एवं घबराहट
उपयोग करते ही असर प्रारम्भ
जबलपुर 9826035091 | कटनी 9303092693 | अनूपपुर 9993902291



FOR PRIVATE SCREENING CALL
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888 4069889
समदड़िया सिनेमा
SKY FORCE 09:15AM 11:30AM 02:00PM 05:00PM 08:15PM 10:45PM
DEVA 09:15AM 10:00AM 11:00AM 12:00PM 01:00PM 02:00PM 03:00PM 04:15PM 06:00PM 07:00PM 08:00PM 09:00PM 10:00PM 11:00PM
PUSHPA-2 04:15PM



अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर



JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121
janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur





## बृहद रूप से सुहाग पूजा का आयोजन रहा सफल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में एक पहल जन सेवा समिति के द्वारा शुक्रवार को विकास नगर के गार्डन में बृहद रूप सुहागलो का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 208 से अधिक सुहागिनों ने भाग लिया कार्यक्रम संयोजक अंजू भार्गव और श्वेता दुबे ने बताया कि माता रानी के आशीर्वाद से कार्यक्रम सफल रहा कुछ संस्थाओं ने कार्यक्रम में विघ्न डालने की कोशिश थी लेकिन पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा, पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ भव्य रूप से आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई वहीं कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं का कहना था की कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा, विरोधी संस्थाएं परस्त हुई, कार्यक्रम में शिल्पा तिवारी ,जयंती पोद्दार ,नीति दीक्षित ,प्रज्ञा दुबे ,रानु अग्रवाल रत्ना राजपूत ,रजनी तिवारी, साधना गुप्ता,प्रतीक्षा जैन खुशबू गुप्ता, प्रियंका शर्मा, नेहा पलिया रिशिता रावत का सहयोग रहा।

## सोशल वर्क नए आयामों पर मंथन, कल्चरल फेस्ट ने जमाया रंग

### रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में जुटे एमपी-सीजी और उड़ीसा के प्रतिभागी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस की शुरुआत शनिवार को हुई। कार्यक्रम में एमपी-सीजी और उड़ीसा से पदाधिकारी एवं सदस्य एकत्रित हुए। आयोजन में समाज सेवा के नए आयामों के साथ-साथ सिकल जागरुकता को लेकर विशेष चर्चा हुई। रचना त्रिवेदी की गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद डॉ. राजेश धीरावाणी के समन्वयक में बिश्वजीत पाटी ने मोटिवेशनल व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में निखिलेश त्रिवेदी के समन्वयक में देवदत्त पटनायक ने वक्तत्व दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा कि समाज सेवा का उद्देश्य बदलाव के लिए होना चाहिए। समस्त सामाजिक संगठनों को सिकल सेल से लड़ने के लिए तत्पर और एकजुट होकर काम करना होगा। समारोह में मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, कार्यक्रम सचिव दिनेश कालवे, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा, सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, 3110 पीडीजी शरत चंद्र, 3291 आरआइडी अनिरुद्ध रॉय चौधरी, अमित जायसवाल, आलम सिंह रूपराह, प्रमोद कुमार वैश्य, डॉ. संजीव चौधरी, मंजीत सिंह अरोरा मौजूद थे।



**सिकल सेल गंभीर समस्या**-कार्यक्रम में वक्ताओं ने सिकल सेल बीमारी पर हुए सेशन में बात रखी। वक्ताओं ने कहा कि बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषकर एमपी-सीजी में यह गंभीर समस्या बन कर सामने आ रहा है। बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए लोगों में जागरुकता फैलाना की मुख्य उद्देश्य है। सेवा के लिए सम्मान कार्यक्रम में रोटरी के उन मेंबर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने संस्था के लिए श्रेष्ठ कार्य किए। कार्यक्रम सचिव इस कड़ी में अरुण कांत अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी को रोटरी सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

**कल्चरल परफॉर्मेंस व मोटिवेशनल स्पीच**-कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर्स ने विभिन्न विषयों पर वक्तत्व दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर चला तो विमन बैंड जानकी की प्रस्तुति खास रही। इसके साथ ही नृत्य, गायन, वादन के सोलो और ग्रुप एक्ट खास रहे।

## डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागतम यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के गौरवशाली सन्त और संस्कारधानी की प्राचीन सिद्ध श्रीनृसिंह पीठ के महंत नरसिंहपीठाधीश्वर नरसिंहदास महाराज का विगत दिवस प्रयागराज के गंगा तट पर महाकुंभ में अखाड़ों के परमपूज्य संतों महंतों द्वारा पट्टाभिषेक कर श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज पद पर प्रतिष्ठित होने के पश्चात जबलपुर संस्कारधानी आगमन पर 13 फरवरी को दोपहर 2 बजे भव्य अगवानी स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। उक्त निर्णय नगर पंडित सभा के अध्यक्ष आचार्य वासुदेव शास्त्री की अध्यक्षता में नरसिंह मंदिर में आयोजित वृहद बैठक में लिया गया।

शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत मंच लगाने, तैयारियो के लिए बैठक में नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने कहा कि संस्कारधानी के लिए गौरवशाली क्षण है, नगर के सभी मठ मंदिर सामाजिक,धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ हम सभी बढ़ चढ़कर सहभागी हों । लेखराज सिंह मुन्ना भैया ने कहा कि हम सभी सपरिवार भव्यता के साथ मार्ग के दोनों ओर रंगोली बनाकर दीपक प्रज्ज्वलित कर आरती उतारकर पुण्य लाभ लेना चाहिए। आचार्य वासुदेव शास्त्री, रोहित दुबे, अनूप देव शास्त्री ने कहा कि आचार्य गण , वेदपाठियों व्दारा संपूर्ण मार्ग पर मंत्रोच्चार, वेद पाठ, शंखनाद करते हुए चलेंगे।बजरंग मठ सूपाताल से नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज तक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, श्याम साहनी अशोक मनोध्या गुलशन मखीजा ने कहा कि बैठक में रजनी कैलाश साहू, नीता चावला, विध्येश भापकर ने कहा कि सभी महिलाएं पीत वस्त्र परिधान पहनकर कलश लेकर चलेंगी। स्वागत मंच लगाकर महोत्सव में सहभागिता करेंगे। सनातनी परंपरा के संवाहक नरसिंह पीठाधीश्वर महाराज जी के पट्टाभिषेक नामकरण के पश्चात नगर आगमन 13 फरवरी को 2 बजे बजरंग मठ सूपाताल अगवानी आरती पूजन पश्चात भव्य स्वागत यात्रा में शामिल होकर पुण्यार्जन करने का आग्रह नरसिंह मंदिर गीता धाम परिवार सनातन धर्म महासभा जबलपुर के अध्यक्ष श्याम साहनी, अशोक मनोध्या ,गुलशन मखीजा, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल,लेखराज सिंह मुन्ना भैया, पंकज दुबे, नीरज दुबे, डॉ संदीप मिश्रा, राजेन्द्र यादव जगदीश साहू, रमेश शर्मा,मनोज नारंग , संजय भाटिया,मनोज शर्मा, लकी भाटिया, अनिल तिवारी, संजय गोस्वामी , सत्येंद्र शर्मा,सुजीत सोंधिया, के के बस्सी, लोकराम कोरी, रितु बडगैया, आचार्य रामाधार प्यासी , विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में संस्थाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। सभा का संचालन प्रवेश खेड़ा आभार प्रदर्शन विष्णु पटेल ने किया।

## मेडिसनल प्लांट्स की समझी विशेषता, पोस्टर-पेंटिंग में बताया वेटलैंड का महत्व

### होमसाइंस कॉलेज में वनस्पति शास्त्र और माइक्रोबायोलॉजी विभाग का कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में वनस्पति शास्त्र एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वावधान में जेसी बोस क्लब के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण हर्बल गार्डन पादप कार्यिकी विभाग जेएनकेविवि में ले जाया गया। छात्राओं को विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र तिवारी ने विभिन्न औषधीय पौधों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सीताअशोक, सिन्दूरी, सतावर, गुड़मार, गुग्गल, मौलश्री, खमेर, रामफल, मामफल, शिवनाग, ब्रह्मी, ममीरा, फुचला, कोको ट्री की विशेषता बताई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. समीर कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा दवे, डॉ. प्रणिता भटेले, डॉ. विनोद लोधी, डॉ. सचिन नागरे का सहयोग रहा।

**वेटलैंड मित्र बनने की शपथ**-कॉलेज में विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर इको क्लब के पोस्टर, स्लोगन कॉम्पीटिशन हुए। कॉम्पीटिशन के छात्राओं ने दलदली भूमि की उपयोगिता ग्लोबल वार्मिंग के लिए समझाई। इसके साथ ही छात्राओं ने वेटलैंड मित्र बनने की प्रतिज्ञा ली। डॉ. अनुराधा दवे ने छात्राओं को वेटलैंड का महत्व बताया। इको क्लब प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने वेटलैंड संरक्षण से जुड़ने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। इस मौके पर पोस्टर कॉम्पीटिशन संयोजक पूजा सिंह सिकरवार और स्लोगन कॉम्पीटिशन संयोजक डॉ. पर्णश्री मुखर्जी रहीं।



**विजेताओं को मिले पुरस्कार**-पोस्टर कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान सृष्टि डहेरिया, द्वितीय धरा उइके व श्वेता तन्तुवाय, तृतीय रक्षा परोहा व यशोमती परस्ते रहीं। स्लोगन में प्रथम सरिता गुप्ता, द्वितीय मधु चक्रवर्ती, तृतीय श्रुति सिंह परिहार रहीं। आयोजन में डॉ. रजनी निगम, डॉ. रचना पांडे, डॉ. विजया श्रीवास्तव कौशल, डॉ. गीता चौबे, डॉ. पंकज कुमार साहू ने जजमेंट किया।

## एग्जाम टाइम मिलेट्स डाइट दें पैरेंट्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएमश्री केवि ओएफके में काउंसलिंग सेशन और अभिभावक शिक्षक बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में प्राचार्य अमित श्रीवास्तव, प्राथमिक विभाग की अध्यापिका रितु मिश्रा ने स्टूडेंट्स की काउसंलिंग कर मेन एग्जाम में बेहतर परफॉर्म करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पैरेंट्स ने भी बच्चों से जुड़ी समस्याओं को शिक्षकों से साझा किया। आयोजन में अतुल कुमार गुप्ता, नीरज चौहान, संजय भाटिया ने अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और मिलेट्स व्यंजन देने की बात कही। रितु मिश्रा ने हैंडराइटिंग सुधार के लिए दो पेज प्रतिदिन अंग्रेजी और हिंदी में लिखने की सलाह दी।

## 5000 मातृशक्ति की गोद भराई एवं सुहागले आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास के दसवे वर्ष के 21वें दिन 2 फरवरी रविवार सुबह 9 बजे से 12 बजे तक सुहागले एवं गोद भराई का आयोजन होगा। आश्रम के द्वारा सभी माता बहनों को सुहागिनों का सम्मान एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिन माताओ बहनों को शादी उपरांत मातृत्व की प्राप्ति नहीं हुई है किन्नर मगलामुखी समाज के द्वारा गोद भराई की रस्म अदाई की जाएगी। उपस्थिति की अपील सुहागले एवं गोद भराई की प्रेरणा स्त्रोत श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल ने की है।

## शबे बारात 13 फरवरी को

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुफ़्ती ए आजम मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना डाक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी के अनुसार 30 जनवरी जुमेरात मुताबिक 29 रज्जब को शाबानुल मोअज्जम ( शबे बारात) का चांद नज़र आ गया है। लिहाजा 31 जनवरी को माहे शाबानुल मोअज्जम की पहली तारीख थी। आगामी 13 फरवरी जुमेरात को शबे बारात मनाई जाएगी । **प्रशासन से अपील** - मुस्लिम समाज के प्रमुख हाजी कदीर सोनी, हाजी मकबूल रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, हाजी मुईन खान, जमा खान, याकूब अंसारी, आमीन कुरैशी, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर कादरी, अकबर खान सरवर, शमीम अंसारी गुड्डू, अशरफ़ मंसूरी आदि ने शबे बारात के मौक़े पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों व खास तोर पे मस्जिद व कब्रस्थान के पास साफ सफाई जल आपूर्ति एवं विद्युत प्रवाह निर्बाध रूप जारी रखने की अपील की है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 02 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- उ.भा.।**

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

## जिनधर्म ने सिखाया जीना मुझे - हर्षवर्धन जैन

### संस्कारधानी में पंचकल्याणक महोत्सव आज से: गोल बाजार में बनी सुंदर कुंडलपुर नगरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में 108 आचार्य कुंदकुंददेव की शुद्ध तेरह पंथ आमनाओं में आध्यात्मिक सत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्वप्रभावना योग में संस्कारधानी जबलपुर सहित भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में मनोहारी दिगंबर जैन मंदिरों सहित स्वाध्याय भवन का निर्माण हो रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वाध्याय के बल पर प्रत्येक आत्मा परमात्मा बनने की ओर अग्रसर हो।



इसी क्रम में मध्य प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर में श्री वीतराग मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन द्वारा दो मनोहारी संकुल धर्मायतन एवं ज्ञानायतन का निर्माण किया गया जिसका अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आज रविवार 2 फरवरी से सकल जैन समाज के तत्वावधान में कुंडलपुर नगरी गोल बाजार में प्रारंभ होने जा रहा है। महोत्सव के अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि आज प्रथम दिवस गर्भकल्याणक की पूर्व क्रिया का शुभ दिन है जिसका शुभारंभ प्रात: 06.30 से मंगल प्रभात गीत, 06.45 से शांति जाप, श्री जिनेन्द्र प्रक्षाल एवं पूजन पायलवाला मंदिर में, 07.30 से नांदी कलश शोभायात्रा पायलवाला मंदिर से कुंडलपुर नगरी गोलबाजार तक, 09.15 से कुंडलपुर नगरी उद्घाटन, 09.30 से श्री जिनेन्द्र पूजन, ध्वजारोहण, 10.00 से पांडाल/प्रतिष्ठा मंच / जिनमंदिर उद्घाटन एवं चित्रअनावरण, नांदीकलश विराजमान, 10.45 से इन्द्र प्रतिष्ठा, गोत्र परिवर्तन, दोपहर 01.30 से श्री याग मंडल विधान होगा।

## भगवान को प्राप्त करने के लिए जीव योनि का कोई महत्व नहीं : श्रीप्रिया मानसी दीदी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पचमठा मंदिर सेवक धाम गढ़ा में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत में व्यास पीठ पर विराजमान श्री प्रिया मानसी दीदी ने गजेन्द्र मोक्ष, बावन अवतार, राम जन्म, कृष्ण जन्म की कथाओं का वर्णन किया। कथा में आगे बताया कि किसी भी योनि का जीव भगवान को प्राप्त कर सकता है । गजेन्द्र नाम के हाथी को तालाब में स्नान कर रहा था तब ग्राह नामक हाथी ने उसका पाँव पकड़ लिया और सभी से मदद मांगने के बाद भी किसी ने मदद नहीं की तब गजेन्द्र ने भगवान् को खुद को समर्पित किया और भगवान् ने गजेन्द्र की रक्षा की। इस प्रकार भगवान को प्राप्त करने के लिए जीव योनि का कोई महत्व नहीं, उच्च योनि से लेकर निम्न योनि तक का कोई भी जीव भगवद् प्राप्ति कर सकता है।




इसके बाद वामन अवतार का कथा सुनाई। भगवान् वामन ने राजा बलि से संकल्प करा कर तीन पग भूमि दान में मांगी और इस तीन पग में भगवान् वामन ने पृथ्वी आकाश और तीसरे पग में राजा बलि को मापा और बलि को सुतल लोक का राजा बना के खुद वहां के द्वारपाल बने।

प्रभु राम अवतार का श्रवण कराया। बताया की भगवान राम अपने आचरण के लिए मर्यादा पुरूषोत्तम कहे जाते है क्योंकि भगवान राम सभी नैतिक गुणों से संपन्न है।

फिर कथा में सभी ने कृष्णा जन्मोत्सव का आनद लिया और कथा का विश्राम हुआ। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

आज की कथा में महंत कामता शरण जी, गुरु माता ममता शर्मा, श्रीमति राजरानी झा, महेन्द्र सिंह, श्रीमति आरती चौहान द्वारा, श्रीमति किरण चौहान, श्रीमति रुकमणि सोनी, राकेश कुमार सेन श्रीमति रितु सेन, श्रीमान रविन्द्र सिंह, श्रीमति कुसुम चौहान, दीपिका घुसिया, मालती सिंह यजमानों के साथ आर.के स्थापक, भागवत प्रसाद शर्मा, सौरभ गर्ग सहित सभी भक्तगण और नगरवासी उपस्थित हुये।



## गर्ल्स कैडेट्स ने जाने सेना में कॅरियर विकल्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स को रक्षा क्षेत्र में कॅरियर बनाने के विषय पर सेमिनार में आवश्यक जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता ब्रिगेडियर एजी बरबरे एवं डॉ. फादर बैन ने छात्राओं को रक्षा सेवाओं में महिलाओं के लिए उपलब्ध अवसरों से जुड़ी जानकारी दी। वक्ताओं ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना में प्रवेश की प्रक्रिया, आवश्यक योग्यताओं और कॅरियर ऑप्शन समझाए। कार्यक्रम में मेजर कनकलता, मेजर सोनल राय, 2एमपी गर्ल्स बटालियन मौजूद रहीं।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री रमाकांत रायजादा**- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री रमाकांत रायजादा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बुन्टो नायडू**- बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री बैजू नायडू की धर्मपत्नी श्रीमती बुन्टो नायडू (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मोहन थापा**- सिद्धि विनायक कॉलोनी बिलपुरा मड़ई निवासी श्री मोहन थापा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हेमलता ठाकुर**- आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री दुर्गा शंकर ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती हेमलता ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल में किया गया।

**श्री बाबा राव राउत**- धनंवतरी नगर निवासी श्री बाबा राव राउत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चंद्र खेर**- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री सुभाष चंद्र खेर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती माया बाई पटेल**- यादव कॉलोनी निवासी श्री काशीराम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रति बाई बेन**- द्वारका नगर लालमाटी रंजन मेढिकल के पीछे निवासी श्री लोकमन बेन की धर्मपत्नी श्रीमती रति बाई बेन (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रजनी साहू**- रानी दुर्गावती नगर फेस 2 तिलहरी निवासी श्री राजेश कुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी साहू (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हीरा लाल चौधरी**- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री हीरा लाल चौधरी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती शशिकला वर्मा**- बिलपुरा निवासी श्री छठी लाल वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शशिकला वर्मा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा गुप्ता**- पश्चिमी घमापुर निवासी श्री राम कुमार गुप्ता की धर्मप्नी श्रीमती उमा गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रूप लाल पटेल**- रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री रूप लाल पटेल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश जाट**- कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री राजेश जाट (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती मधु दुबे**- नैना विहार सगड़ा निवासी श्री नरेंद्र कुमार दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती मधु दुबे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरस्वती बाई**- मिलौनीगंज निवासी श्री सुरेश कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## तीन दुकानों में बिक रहे थे महिन्द्रा कंपनी के नकली स्पेयर पार्ट्स

### मदनमहल पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर में महिंद्रा कंपनी के नकली पार्ट्स बेचने का गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा था। जिस पर कंपनी के अधिकारियों ने जबलपुर पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर मामले की शिकायत की। शनिवार को मदन महल पुलिस ने तीन दुकानों से नकली स्पेयर पार्ट्स जब्त करते हुए दुकान मालिकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा द्वारा प्राधिकृत परविंदर सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी गीता कालोनी दिल्ली ने एसपी संपत उपाध्याय (भा.पु.से.) से शिकायत की कि वह ब्रिस्क आई मैनेजमेंट प्रालि. कम्पनी जो गीता कालोनी दिल्ली में स्थित है उसमें मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर पदस्थ है। वह एवं उसकी कम्पनी महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड की ओर से महिन्द्रा के नकली माल को पहचानने और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिये अधिकृत है। जबलपुर के मदन महल क्षेत्र में कुछ दुकानदारों द्वारा महिंद्रा कंपनी के नकली पार्ट्स ग्राहकों को बेचे जा रहे है। एसपी के निर्देश पर मदनमहल पुलिस ने पुराने बस स्टैण्ड अंतर्गत राजपाल मोटर्स में दबिश दी। उक्त दुकान दीपक भाटिया निवासी ग्वारीघाट जबलपुर की होना



पायी गयी। दुकान सें महिंद्रा कंपनी के नकली ट्रेडमार्क स्पेयर पार्ट 6 नग आयल फिल्टर, 2 नग एयर फिल्टर, 4 नग क्लच प्लेट जप्त किये गये। इसी प्रकार एम.आर. मोटर्स दुकान पर दबिश दी गई।

उक्त दुकान मोहम्मद वसीम उम्र 37 वर्ष निवासी मिलौनीगंज थाना हनुमानताल की होना पायी गयी । दुकान से महिन्द्रा कम्पनी के नकली ट्रेडमार्क स्पेयर पार्ट जिसमें 1 नग वाटर पंप असेंबल, 7 नग व्हील बैरिंग, 6 ऑयल फिल्टर जप्त किये गये। तीसरी कार्यवाही चड्ढा मोटर्स दुकान में की गई। उक्त दुकान बाबी चड्डा उम्र 50 वर्ष निवासी सिंडीकेट मार्केट थाना मदन महल की होना पायी गयी । दुकान से महिंद्रा कंपनी के नकली टे डमार्क स्पेयर पार्ट जिसमें 24 नग इनर ब्रेक प्लेट, 2 नग ऑयल फिल्टर जप्त किये गये। तीनों दुकान मालिक बाबी चड्ढा उम्र 50 वर्ष निवासी सिंडीकेट मार्केट मदन महल एवं मोहम्मद वसीम उम्र 37 वर्ष निवासी मिलौनीगंज हनुमानताल तथा दीपक भाटिया निवासी ग्वारीघाट के विरूद्ध कापीराइट एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## रिटायरमेंट पार्टी में सोने के हार सहित रूपयों से भरा बैग गायब

### अधारताल थाना क्षेत्र का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** रिटायरमेंट पार्टी में दिये गये व्यावहार से भरा बैग अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। बैग में सोने का हार भी रखा हुआ था। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

आधारताल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुन सिंह ठाकुर उम्र 60 वर्ष निवासी जयप्रकाश नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जीसीएफ फैक्ट्री में ओएस के पद पर था । रिटायरमेंट के उपलक्ष्य में उसके द्वारा गत रात प्रकाश तिराहा के पास एक पार्टी का आयोजन किया गया था जिसमें उसके परिवार, रिश्तेदार एवं फैक्ट्री के कर्मचारी आये थे। पार्टी के टेंट केटर्स की जिम्मेदारी उदय अग्रवाल, अग्रवाल टेंट हाउस को दी गयी थी जो भोजन, मंच व्यवस्था, साज सज्जा की व्यवस्था अपने साथ आये अन्य लड़कों से करवा रहे थे। मंच के ऊपर वह अपनी पत्नी मालती ठाकुर के साथ बैठा था। परिजन रिश्तेदार, दोस्त जो व्यवहार लाकर देते थे अपने काले सफेद फूलदार बैग में डाल दिया करते थे। उसकी बेटी नेहा ठाकुर नैनपुर मंडला से समारोह में शामिल होने आयी थी। बेटी ने अपना सोने का हार उतारकर मां मालती ठाकुर को दिया था जो उसी बैग में रख लिया था कुछ समय के लिये हम दोनों मंच से उतरकर दोस्तों से मिलने आये थे लगभग 11 बजे मंच पर वापस पत्नी के साथ जाने लगा तो बैग मंच की टेबल पर नहीं मिला। बैग में व्यवहार के लिफाफा एवं बेटी का सोने का हार रखा था । रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## देश के युवा व किसान सबसे अधिक आत्महत्या कर रहे

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा बजट हम दो, हमारे दो वाला

**जबलपुर,देशबन्धु।** दुनिया में भारत देश के युवा व किसान सबसे अधिक आत्महत्या कर रहे है। बजट में गरीब-मध्यवर्गी वर्ग का कोई ध्यान नहीं रखा गया है। बजट पूरी तरह से हम दो हमारे दो वाला है,सिर्फ उद्योगपति के हित में है। गरीब जब आटा खरीदता है तो जीएसटी के नाम उससे भी टैक्स लिया जाता है और कर्जा अमीरों का माफ किया जाता है। उन्होंने कहा है कि हम सूनते थे कि कानून व्यवस्था लचर हो गयी है या बिगड गई है। वर्तमान समय में कानून व्यवस्था बची नहीं है। गृह मंत्री स्थानीय नेता की सिफारिश पर रुपये लेकर पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग करते है। पुलिस अधिकारी जुए व अवैध षराब बैचने की खुली छूट देते है। नेताओं व पुलिस अधिकारियों के संरक्षण से अवैध कार्य संचालित हो रहे है।

उन्होने पटना में चार लोगों की सामूहिक हत्या पर कहा है इसके लिए पुलिस अधिकारी दोषी है। जिन्होंने आरोपियों को जुआ खिलाने की खुली अनुमति देकर रखी थी। मृतक की मां का कहना है कि पुलिस शिकायत पर कार्यवाही करती हो यह घटना घटित नहीं होती। उन्होने कहा है कि प्रदेश सरकार मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान करें। उन्होंने कहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी अधिकारियों को कर्ज लेने के लिए लगाए हुए है। मुख्यमंत्री पर्यटन में लगे हुए है और जापान जाकर बुलेट ट्रेन की सवारी कर रहे। बुलेट ट्रेन की रफ्तार के सामान कर्ज लेने में जुटे हुए है। लोगों से कहा गया था कि उनके खातों में 15-15 लाख रुपये आयेंगे। देश में इतना कर्जा हो गया है कि देश का प्रत्येक नागरिक ढाई-ढाई लाख रुपये के कर्ज में है। उन्होने कहा है हार में बाद जीत है,हम हारे इसलिए विपक्ष में है। विपक्ष की भूमिका निभाते हुए प्रदेश की अराजक सरकार के खिलाफ हम आंदोलन करेंगे। जिसकी शुरुआत जबलपुर से प्रारंभ होगी। जबलपुर में शीघ्र ही पचास हजार लोगों के साथ आंदोलन किया जायेगा।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** सडक हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद षव को पोस्टमार्टम के लिए भिरजा दिया। विजय नगर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी अस्पताल में डिंडौरी गाड़ासरई के ग्राम पटयरहा निवासी 21 वर्षीय शैलेश भारवे की उपचार दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शैलेष को सड़क हादसे में घायल होने पर बीते दिवस उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## दिहाड़ी मजदूरी पर लिखता था सट्टा-पट्टी

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी युवक दिहाड़ी मजदूरी पर सट्टा पट्टी लिखने का काम करता था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरझाई में इंडिया मेन्स सलून के बाजू में एक लड़का अवैध रूप से सट्टा लिख रहा है। सूचना पर थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। जहां एक लड़का प्रांजल केवट उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम निभौरा पनागर का इंडिया मेन्स सेलून के बाजू में लोगो से रूपये लेकर सट्टा पट्टी लिखते मिला। सट्टा लगाने वाले पुलिस को देखकर भाग गये। आरोपी प्रांजल केवट के कब्जे से 2 सट्टा पट्टी एक पेन तथा नगदी 2 हजार 300 रूपये जप्त किये गये आरोपी ने उक्त सट्टा के संबंध में पूछताछ पर दस्सी खटीक के कहने पर रोजाना की मजदूरी पर लोगों से रूपये लेकर कागज पर सट्टा के अंक लिखकर दस्सी खटीक को देना बताया। सटोरियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट तथा 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। सटोरिये को पकड़ने में सहायक उप निरीक्षक मुलायम सिंह, आरक्षक अनुपम त्रिपाठी, सैनिक राजेश दाहिया तथा क्राईम ब्रांच के कैलाश मिश्रा, आरक्षक रंजीत यादव, प्रमोद सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

## फरार आरोपियों पर इनाम घोषित

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला थानान्तर्गत दर्ज अपराध में फरार चार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस ने द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया गया। सफलता नहीं मिलने के कारण आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि बरेला थाने में संदीप बरमईया उर्फ सेन्डी पिता चेतराम बरमईया उम्र 33 वर्ष निवासी ठरका बम्हनी बंजर जिला मंडला,राहुल पटेल पिता रोशन पटेल उम्र 27 वर्ष निवासी शास्त्री कॉलोनी कोतवाली जिला कटनी, कपिल साहू पिता श्री चंद साहू उम्र 24 वर्ष निवासी उदयपुर थाना बीजाडांडी जिला मण्डला तथा रंजीत मरावी पिता स्व. हल्के राम मरावी उम्र 23 वर्ष निवासी उदयपुर थाना बीजाडांडी जिला मंडला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों में दबिश दी। सफलता नहीं मिलने पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने फरार को गिरफ्तार करने वाले या गिरफ्तारी हेतु सूचना देने वाले या गिरफ्तारी मे सहयोग प्रदान करने वाले को 5000-5000/- (पॉच-पॉच हजार रूपये) के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## शराब-पार्टी करने रुपये न देने पर हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल व रांझी क्षेत्र में असमाजिक तत्वों ने शराब पार्टी के लिये रुपये न देने पर युवकों के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि राजीवगांधी नगर आईटीआई निवासी 32 वर्षीय गोपाल अवस्थी ड्रायवरी करता है। बीती शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने साथी अभिषेक सेन ,गोलू उपाध्याय के साथ गार्डन में बैठकर बात कर रहे था। उसी समय मलखान नायक आकर उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा। गोपाल ने रुपये देने से मना किया तो मलखान ने गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि मानेगांव तालाब के समीप रहने वाला 23 वर्षीय मोहित राजपूत मजदूरी करता है। बीती शाम वह अपने दोस्त मयंक सूर्यवंशी के साथ सेंट ग्रेबियल स्कूल की ओर से घूमने गया था। जहां वंश बेन का भाई राज बेन पहुंचा और मयंक से पार्टी करने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करने लगा। मयंक ने रुपये देने से मना किया तो राज बेन ने गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे मयंक के दाहिने पैर की जांघ व कमर में गंभीर चोट आ गई।

## गांजा तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर पुलिस ने गांजे के अवैध कारोबार में लिप्त तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 117 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की। पनागर थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान दीपक जैन स्वयं के आटो पार्ट्स की दुकान के बाहर एक पालीथीन लिये खड़ा दिखा। जो पुलिस को देखकर दौड़कर दुकान के अंदर जाने लगा संदेह होने पर अभिरक्षा में लेकर तलाषी ली तो हरे रंग की पालीथीन के अंदर गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के पास से 117.8 ग्राम अवैध मादक गांजा जब्त करते हुए उसके विरूद्ध धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

### रानीताल पेट्रोलपंप में आधी रात वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** लार्डगंज थाना क्षेत्रातंर्गत रानीताल पेट्रोल पंप में तीन बदमाशों ने गाड़ी आगे-पीछे करते हुए एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे युवक के पेट व बायें पैर की जांघ में गंभीर चोटें आई है। जिसे उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि बड़ी ओमती भरतीपुर निवासी 27 वर्षीय गप्पू सोनकर जिला



अस्पताल विक्टोरिया में साईकिल स्टैण्ड में काम करता है। बीती रात करीब साढ़े तीन बजे वह अपनी मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 केके 7143 में पेट्रोल भराने के लिये रानीताल पेट्रोल पम्प गया था। मोटर सायकल में पेट्रोल भराते समय एक मोटर सायकल में तीन लड़के आये और मोटर सायकल आगे-पीछे करने लगे। गप्पू ने मोटर सायकल आगे पीछे करने से मना किया तो तीनों आरोपी विवाद करने लगे। जिसमें से एक लड़के ने गप्पू को पकड़ लिया और दूसरे लड़के ने जान से मारने की नियत से उस पर चाकू से हमला कर दिया।

जिससे गप्पू क पेट व जांघ में गंभीर चोट आ गई। जिसे तत्काल ही उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## सटोरिया पकड़ाया, साढ़े तीन हजार की नगदी जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्वारीघाट पुलिस ने वैशली परिसर में सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिये को धर दबोचा। जिसके पास से पुलिस ने सट्टा पट्टी व तीन हजार 580 रुपये की नगदी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वैशाली परिसर में दबिश दी गई। जहां से ग्वारीघाट निवासी 44 वर्षीय जयपाल रावलानी को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से चार सट्टा पट्टी व नकदी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की।

## ऑनलाइन ड्रेस बुलाने पर लगा 96 हजार का चूना

**जबलपुर,देशबन्धु।** ऑनलाइन ऑर्डर देने पर ड्रेस नहीं आई तो युवक ने हेल्पलाइन डेस्क में फोन किया। फोन करने के बाद उसके खाते से 96 हजार 5 सौ रुपये कट गये। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ग्वारीघाट थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वीनल परमार उम्र 26 वर्ष निवासी नर्मदा नगर पोलीपाथर ग्वारीघाट ने लिखित शिकायत की कि उसने फ्लिपकार्ट से डेऊस बुलाई थी,जो अभी तक अप्राप्त थी। उसने 24 दिसंबर को सुबह लगभग 11 बजे उसने गूगल से फ्लिपकार्ट का हेल्पलाइन नम्बर निकाला एवं उक्त नम्बर पर बात की तो उक्त व्यक्ति ने उसे अव्वल डेस्क नामक एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया जिस एप्लीकेशन पर कोड डलवाया उसके बाद उसके मोबाइल पर वनमेनी नाम से ओटीपी आया। जो उसने किसी को साझा नहीं किया। इसके बाद उसके बीओआई बैंक से आये मैसेज में लिखा था कि ये अकाउंट किसी विजय नाम पर क्रेडिट हुआ है । उसके बैंक अकाउंट से 96 हजार 500 रुपये कट गये हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में ले लिया है।

## शूटिंग खिलाड़ी द्वारा आत्महत्या के मामले में सीनियर को मिली अग्रिम जमानत

### खुद को अकादमी में मारी थी गोली

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल स्थित एमपी शूटिंग अकादमी में जूनियर खिलाडी द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने वाले मामले में सीनियर खिलाडी को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत का लाभ मिल गया है। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि आवेदक भी एक खिलाड़ी है और जेल जाने से उसका भविष्य बर्बाद हो सकता है।

किये जाने के मामले में मुख्य आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत का लाभ मिल गया है। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी ने अपने आदेष में कहा है कि भावनाओं की लहरों में नुकसान के लिए किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते है। आवेदक एक खिलाड़ी है और भावनाओं को शांत करने जेल भेजकर उसका भविष्य बर्बाद नहीं किया जा सकता है।

भोपाल स्थित एमपी शूटिंग अकादमी में 1 दिसम्बर 2024 को यथार्थ रघुवंशी उम्र 18 साल ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान यह बात सामने आई थी कि सीनियर खिलाड़ी दिव्यांश ठाकुर उम्र 20 की कार से रुपये चोरी हो गये थे। इस दौरान उसकी गाडी से यथार्थ ही कुछ सामान लेने गया था। जिसके बाद से दिव्यांग तथा अन्य साथी उस पर रुपये लौटाने के लिए दबाव बनाने लगे थे। पुलिस ने सुसाइड नोट,गवाहों व परिजनों के बयान के आधार पर मुख्य आरोपी दिव्यांश सहित अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया था।

एकलपीठ ने अपने आदेष मे कहा है कि मृतक तथा आवेदक दोनों एक दूसरे को जानते थे। दोनों ही खेल के क्षेत्र में पुरस्कार विजेता हैं। मृतक की आयु 18 साल तथा आरोपी की आयु 20 साल है। चोरी का दोषी साबित होना उसके लिए बहुत अपमानजनक होता। दबाव की ऐसी स्थिति को संभालना व्यक्ति की मानसिक स्थिति पर निर्भर करता है। कुछ लोग इसका विरोध करते हुए बाहर निकल सकते हैं जबकि कुछ नहीं कर सकते। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसी घटना किसी की भी भावनाओं को परेशान कर सकती है। न्यायालय को यह देखने के लिए संतुलन बनाए रखना होगा कि अपराध वास्तव में किया गया है या नहीं। निर्दोष व्यक्ति को दंडित नहीं किया जाना चाहिए। आवेदक और अन्य सह-अभियुक्तों द्वारा मृतक पर पैसे वापस करने के लिए कुछ दबाव बनाया गया था। प्रथम दृष्टया यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि उसका समग्र आचरण ऐसा माहौल बनाने के इरादे से था, जिसके तहत मृतक के पास आत्महत्या करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। एकलपीठ ने उक्त आदेष के साथ आवेदक को अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान कर दिय। एकलपीठ ने संबंधित पुलिस अधिकारी की संतुष्टि के लिए पचास हजार रुपये का व्यक्तिगत बांड और इतनी ही राशि के एक सॉल्वेंट ज़मानत प्रस्तुत करने के आदेष भी जारी किये है।

### आवेदकों के दावे पर लें उचित निर्णय

### पीएस वित्त विभाग को नब्बे दिनों की मोहलत

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बसंल की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा पेंशन और ग्रेच्युटी लाभों हेतु दायर मामले में आवेदकों के अभ्यावेदन का सहानुभूति पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये है। एकलपीठ ने वित्त विभाग के प्रमुख सचिव को नब्बे दिनों की मोहलत देते हुए कहा है कि यदि आवेदक हकदार है तो उन्हें लाभ दिया जाये।

यह मामला निवासी याचिकाकर्ता महेश कुमार सोलंकी और नियामत उल्ला कुरैशी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला और अपूर्व त्रिवेदी व विनीत टेहनगुरिया ने पक्ष रखा। जिन्होंने




बताया कि याचिकाकर्ता 1986 में औद्योगिक प्रशिक्षण कॉलेज में प्रारंभिक तदर्थ नियुक्ति के बाद विभिन्न क्षमताओं में कार्यरत रहे और 1998 में नियमित किए गए। हालांकि, उन्हें 1990 में नियमितीकरण के लिए पात्र होने के बावजूद अनुचित विलम्ब का सामना करना पड़ा। आरोप है कि उन पर पेंशन और ग्रेच्युटी के उद्देश्यों के लिए सेवा की गणना में भेदभाव किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उनके कनिष्ठों की योग्यता सेवाओं की गणना नियमितीकरण के पूर्व उनकी प्रारंभिक नियुक्ति तिथियों से की गई थी, जिसका लाभ उन्हें नहीं मिला। नतीजतन, उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी लाभ सीमित हो गए हैं। जिस पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### अवमानना मामले में निगमायुक्त को हाजिर होने के निर्देश

### अपेक्षाकृत कनिष्ठों को उपकृत करने के आरोप का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने पूर्व आदेश की नाफरमानी के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ प्रीति यादव आयुक्त नगर निगम, जबलपुर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देश दे दिया। इसके लिए 11 फरवरी 2025 की तिथि नियत की गई है।

अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अनिल कुमार सेन सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार पांडे ने पक्ष रखा। अवमानना याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नगर निगम ने याचिकाकर्ताओं की वरिष्ठता को दरकिनार कर अपेक्षाकृत कनिष्ठ कर्मियों को नियमितिकरण का लाभ दे दिया। इसके विरुद्ध पूर्व में याचिका दायर की गई थी। जिसका महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सहित निराकरण किया गया। इसके बावजूद नगर निगम ने गलती नहीं सुधारी। न्यायालय ने तर्क से सहमत होते हुए निर्देशित किया कि आयुक्त नगर निगम जबलपुर अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें कि क्या अभ्यावेदन में जिन व्यक्तियों के नाम उल्लिखित हैं अर्थात अनुपम शुक्ला, संतोष पांडे, अवधेश बाजपेयी, सियाराम पटेल, पंकज अवस्थी, पवन श्रीवास्तव, अनंत दुबे सहित अन्य को नियमित किया गया था या उन्हें स्थायी वर्गीकरण का लाभ दिया गया था और यदि उन्हें नियमित किया गया था, तो क्या याचिकाकर्ताओं के मामले को नियमितीकरण या स्थायी वर्गीकरण के लिए उस तिथि पर विचार किया जाना आवश्यक है। चूंकि पेश की गई अनुपालन रिपोर्ट इस सिलसिले में मौन है अतः निगमायुक्त व्यक्तिगत रूप से आकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

### रेलवे में पदस्थ दंपत्ति को राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने रेलवे में पदस्थ दंपति के स्थानांतरण पर रोक लगा दी। जस्टिस एसए धर्माधिकारी एवं जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभ्यावेदन के निराकरण तक उन्हें वर्तमान पदस्थापना यानी इटारसी में ही पदस्थ रखें। इटारसी में स्टेशन इंचार्ज अनिल कुमार राय और चीफ बुकिंग सुपरवाइजर भावना साकल्ले की ओर से अधिवक्ता गौरव शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इटारसी के बुकिंग ऑफिस में 6 दिसंबर 2024 को 4 लाख 47 हजार रुपए की गड़बड़ी पाई गई। भावना का कहना है कि वे 4 से 7 दिसंबर तक अवकाश पर थीं और चार्ज रिंकी पटेल के पास था। उन्हें 7 दिसंबर को सीनियर डीसीएम भोपाल ने निलंबित कर दिया और 17 दिसंबर को अशोकनगर ट्रांसफर कर दिया। वहीं 12 दिसंबर को अशोक को फोन आया कि उन्हें 13 दिसंबर को जबलपुर में विजिलेंस के समक्ष बयान दर्ज कराना है। बयान देने के बाद लौटते समय डीसीआई का संदेश कि उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। उसके बाद 17 दिसंबर को इटारसी से अशोकनगर ट्रांसफर कर दिया। दोनों की ओर से दो जनवरी को रेलवे के अधिकारियों को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

### रिटायर्ड पुलिस अधिकारी को समयमान वेतनमान देने का निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाये। जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने एडीजीपी को इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है।

भोपाल निवासी कमला सनन की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति एक मार्च 1982 को हुई थी और 30 नवंबर 2015 को वह सेवानिवृत्त हुआ था। उन्होंने दलील दी कि शासन ने 30 सितंबर 2014 को एक परिपत्र जारी किया था। उसमें यह प्रावधान रखा गया था कि शासकीय कर्मचारी को प्रथम नियुक्ति दिनांक से 30 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर तृतीय समयमान का लाभ दिया जाएगा। उक्त परिपत्र के अनुसार एक जुलाई 2014 अथवा उसके बाद की तिथि से यह लाभ दिया जाना था। इस संबंध में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

## निगमायुक्त के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी

### श्रम न्यायालय के आदेश का 22 वर्ष बाद भी पालन न करने का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** नवम व्यवहार न्यायाधीश डीपी सूत्रकार की अदालत ने नगर निगम जबलपुर के आयुक्त के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया है। कुर्की वारंट की रिपोर्ट के लिए 22 फरवरी 2025 की तिथि नियत की है। मामला श्रम न्यायालय के निर्देश के बावजूद नियमित श्रेणी का वेतनमान सहित अन्य लाभ न दिए जाने से संबंधित है। आवेदक नगर निगम जबलपुर के उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त माली चिरौंजी लाल की ओर से अधिवक्ता राजेश पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि श्रम न्यायालय ने 22 वर्ष पूर्व 25 नवंबर, 2002 को आवेदक के पक्ष में अवार्ड पारित किया था। इसके बावजूद साल-दर-साल गुजरते चले गए किंतु आदेश का पालन नदारद रहा। न्यायालय ने प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुए अनावेदक नगर निगम आयुक्त के विरुद्ध तलवाना अदा किए जाने तथा संपत्ति की जानकारी प्रस्तुत करने पर कुर्की वारंट जारी किए जाने की व्यवस्था दे दी। अदालत को बताया गया कि पिछले दिनों यह मामला नगर निगम जबलपुर की ओर से हाईकोर्ट में भी दायर किया गया था। एकलपीठ के समक्ष नगर निगम के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने का निवेदन किया जिसे स्वीकार करते हुए याचिका निरस्त कर दी गई।







# प्रतिरोध की कविताओं ने जगाया भरोसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** अच्छी कविताएं ऐसी ही होती हैं कि सुनने वाले अभिभूत हो जाएं और देर तक तालियां गूंजती रहें। शनिवार की शाम हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कविता में प्रतिरोध के स्वर कार्यक्रम ने फिर साबित किया कि कविता के श्रोता या पाठक कम नहीं हुए हैं।

रानी दुर्गावती संग्रहालय का कला वीथिका सभागार कविता प्रेमियों से भर गया था। यहां तक कि अतिरिक्त कुर्सियां लगाना पड़ा। यह कार्यक्रम **देशबन्धु** के संपादक दीपक सुरजन की स्मृति को समर्पित था। इस हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जबलपुर इकाई ने आयोजित किया था। शुरुआत में सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष पलाश सुरजन ने जबलपुर इकाई की हौसला अफजाई की और अच्छे आयोजन की बधाई दी।

जबलपुर इकाई के अध्यक्ष कवि कुंदन सिद्धार्थ के नेतृत्व में आयोजित हुए इस पहले कार्यक्रम ने आश्वस्त किया कि कविता में अपार संभावनां हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त, 2018 में एक सांझ कविता की, से जबलपुर इकाई का गठन हुआ और अप्रैल 2023 में कारागार में कविता जैसा अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आमंत्रित कवियों में कुमार अंबुज, भोपाल, कात्यायनी, लखनऊ, नेहा नरूका, शिवपुरी, निशांत, आसनसोल, भास्कर चौधरी, बिलासपुर और निलोत्पल, उज्जैन की कविताओं ने श्रोताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। देश में जब प्रतिरोध की आवाज को दबाने का माहौल बनाया जा रहा है, तब कवि अपनी कविताओं के साथ मुस्तैदी से खड़ा है और उसके पास अपने श्रोताओं और पाठकों का

## स्व. दीपक सुरजन की स्मृति में काव्य गोष्ठी

जीवंत भरोसा भी मौजूद है। नेहा नरूका ने सविता चोर नहीं है, मिलिट्री कैंप और पैसेंजर ट्रेन जैसी कविताएं सुनाईं जो काफी पसंद की गईं।

कात्यायनी ने हत्यारा 18-18 घंटे काम करता है और सात भाइयों के बीच सयानी हुई चंपा और अन्य कविताएं सुनाईं। उनकी कविताओं में शोषित वंचित तबके के स्त्री-पुरुष बोलते हैं, लेकिन कातर भाव से नहीं, बल्कि व्यवस्था पर तंज कसते हुए। लोगों ने उनकी कविताओं को खूब सराहा। भास्कर चौधरी ने युद्ध, तानाशाह और अयोध्या पर कविताएं पढ़ीं। वरिष्ठ कवि कुमार अंबुज की कविताएं बहुत ध्यान से सुनी गईं। उन्होंने पहले विज्ञान को बदला, अब बदला जा रहा है कला को और अन्य कविताएं सुनाईं। वे कम आयोजनों में हिस्सा लेते हैं, लेकिन इस कार्यक्रम में वे आए और कविता प्रेमियों ने भी उन्हें हाथों हाथ लिया। निलोत्पल और निशांत ने भी अपनी कविताओं से समां बांध दिया। निलोत्पल ने घाट पर घंटों सुनती है नदी और अन्य कविताएं सुनाईं।

इसी तरह निशांत ने परिवार के दुख में सबसे ज्यादा दुखी होती हैं लड़कियां, की कविता सुनाई। ढाई घंटे तक बैठ कर लगातार कविताएं सुनना आसान नहीं होता लेकिन आमंत्रित कवि इसे आसान करने में सफल रहे तो इसलिए कि उनकी कविताएं आम आदमी दुख दर्द और संघर्ष की अभिव्यक्ति थी। कार्यक्रम में कथाकार राजेंद्र दानी, दिनेश चौधरी, मनोहर बिल्लौरे, पंकज गोस्वामी, अवधेश वाजपेयी, विवके श्रीवास्तव, मुकुल यादव, डॉ. आभा दुबे, डॉ. निशा तिवारी, देवेंद्र सुरजन, मधु सुरजन, माधुरी सुरजन, क्षितिज सुरजन, आदिती सुरजन इत्यादि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विवेक चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# महाकुंभ में बिछड़ी महिला घर पहुंची



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** प्रयागराज के महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को संगम में स्नान करने के बाद अचानक भीड़ बढ़ने और भगदड़ के कारण अपनों से बिछड़ गई प्रभा पटेल शनिवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे अपने घर घुघरी नवीन पहुंच गई। गोसलपुर स्टेशन से ऑटो में जैसे ही वह अपने घर पहुंची घर परिवार के लोगों में खुशी के आंसू छलक पड़े गांव के लोग भी एकत्रित हो गए महिलाओं ने उन्हें अपनी गले लगा लिया। वही उनके पति सुग्रीव पटेल भी भाव विभोर हो गए और अपलक नयनों से अपनी पत्नी की ओर निहारने लगे,पति को देखते ही प्रभा पटेल रोते हुए उनके चरणों को स्पर्श किया।

**अन्य ट्रेन से नागपुर पहुंच गई थीं**-मौनी अमावस्या को प्रभा पटेल जैसे ही अपने साथ के लोगों के साथ पुल की ओर आ रहे थे और सामने से भीड़ बढ़ गई जिससे वह बिछड़ गई और काफी समय बाद रेलवे स्टेशन पहुंच गई। ट्रेन तलाशने की भूल भुलैया में सामने खड़ी ट्रेन में यह जानकर बैठ गई की इसमें मेरे साथ आए लोग बैठे होंगे । जब वह नागपुर पहुंच गई तो उसे लगा कि मैं तो नागपुर जाने वाली ट्रेन में बैठ गई हूं।

**नागपुर पुलिस ने ट्रेन में बैठाया**-प्रभा पटेल नागपुर स्टेशन पर उतरने के बाद उन्होंने नागपुर पुलिस को बताया कि वे महाकुंभ मेले में अपने साथ आए परिवार के लोगों से बिछड़ गई है, तो नागपुर पुलिस ने पहले उन्हें खाना खिलाया और इसके बाद जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रेन से उन्हें बैठा कर रवाना किया इसके बाद वह गोसलपुर स्टेशन आ पहुंची, स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने गांव घुघरी नवीन पहुंची।

## सार-समाचार



### बजरंग बाल विहार में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**बरेला, देशबन्धु।** धर्म नगरी बरेला बजरंग बाल बिहार प्रांगण में दूसरे दिन भागवत कथा कथा व्यास पं.शिवाकांत शास्त्री के मुखारविंद से श्रद्धालु गण कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं आज की कथा में महाकाली उत्सव समिति पुरानी चक्की कमानिया गेट के समस्त पदाधिकारी, सदस्यों द्वारा व्यासजी का शाल श्रीफल, पुष्पहार से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया समिति द्वारा लड्डुओं का प्रसाद वितरण कराया मुख्य यजमान अशोक ,करुणा साहू, व परिवार के साथ समिति सदस्य दयाराम सेन,श्रीकांत उपाध्याय, विपिन झारिया, गोलू उपाध्याय, एड.इंद्रकुमार श्री पाल,टिंकू चौरसिया, दिनेश सेन, रामासाहू, दिलीप श्रीपाल, गौरव साहू,रवि नामदेव,बाबू चौरसिया, अंकुश साहू, दिलीप साहू, पूर्व पार्षद खजांची पटेल मंच संचालक अरविंद तिवारी सहित भक्त गण मौजूद रहे।

### संजना सिंह ने किया सालीवाडा स्कूल का नाम रोशन



**बरेला, देशबन्धु।** पीएम श्री शा. उ. मा. वि. सालीवाडा गौर कक्षा 12वीं साइंस की छात्रा कुमारी संजना सिंह ने राज्य स्तर पर इंदौर में आयोजित विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2024 -2025 में 54 जिलों के विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा के बाद तृतीय स्थान प्राप्त कर पीएम श्री शा. उ. मा. वि. सालीवाडा गौर जबलपुर का नाम रोशन किया । मार्गदर्शिका शिक्षका श्रीमती मीरा पांडे ने प्रत्येक सोपान में कड़ी मेहनत कर चार बच्चों को जिला स्तर तक एक बालिका को राज्य स्तर तक ले जाने में सफलता अर्जित की इसके लिए प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेडे द्वारा शिक्षिका श्रीमती मीरा पांडे को मोमेंटो देकर एवं कुमारी संजना सिंह को 2025 का विद्यार्थी कप देकर सम्मानित किया था। इस उपलब्धि पर संयुक्त संचालक प्राचीस जैन, सहायक संचालक डी.के. खरे , शाला प्राचार्य श्रीमती आभा वानखेडे, शाला परिवार और जन शिक्षा केंद्र सालीवाडा गौर के समस्त शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अमरकंटक क्षेत्र में भ्रमण कर रही बाघिन को वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**अनूपपुर,देशबन्धु।** वन संरक्षक वनवृत्त शहडोल श्री अजय कुमार पाण्डये के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी अनूपपुर श्री विपिन कुमार पटेल के कुशल मार्गदर्शन में एक मादा बाघ का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। उक्त रेडियो कॉलर्ड मादा बाघ दिनांक 19 जनवरी 2025 से वनमण्डल अनूपपुर के वन परिक्षेत्र अमरकंटक अंतर्गत ग्राम उमरगोहान, भंवरिया, लाली, बिजौरी, दोनिया, जामकछार, जालेश्वर, फर्रीसेमर, गुम्माघटी एवं छत्तीसगढ़ राज्य के ग्राम जालेश्वर (तबाडबरा) तथा वनमण्डल डिण्डौरी के परिक्षेत्र करंजिया (पूर्व) के ग्राम बालको, खुरखुरीदादर, चौरादादर के आवासीय क्षेत्रों में लगातार विचरण कर रही थी।जानकारी के अनुसार 03 से 05 फरवरी 2025 तक अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव का होने जा रहा है।

### जबलपुर में दूसरा स्लीपर कोच लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रेन के जबलपुर पहुंचने पर दूसरा स्लीपर कोच लगाया गया। सभी एस-5 के यात्रियों को उनकी बर्थ के अनुसार बैठाया। इस कार्य में जबलपुर स्टेशन में कार्यरत मुख्य टिकट निरीक्षक महमूद अली एवं मोहन वर्मा की अहम भूमिका रही। उन्होंने कोच के अंदर जाकर सभी यात्रियों को नए लगाए गए कोच तक क्रम वार पहुंचाया। नया स्लीपर कोच इंजन के पीछे लगाया गया था। इस कारण यात्रियों को असुविधा हुई।



# मप्र अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एमपी द्विवेदी सेवानिवृत्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा एवं मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री एमपी द्विवेदी 62 वर्ष की उम्र पूर्ण कर शासकीय सेवा से रिटायर हो गए है।

शासकीय सेवा में रहते हुए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के पद में रहते हुए अनेकों कर्मचारियों के हित के निर्णय करवाने के प्रयास किए थे।

जबलपुर से मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला संयोजक अटल उपाध्याय, मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सन्तोष मिश्रा, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वदिप पटेरिया, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सह संयोजक नरेश शुक्ला, देवेंद्र पचौरी, मध्य प्रदेश स्वास्थ कर्मचारी संघ के इंद्रप्रताप यादव, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रांतीय सचिवअजय दुबे, मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजिनियर एसोसियेसन के देव दोनेरिया , योगेन्द्र मिश्रा,वाहन चालक संघ के बिहारी ने सेवा निवृत होने पर एम पी द्विवेदी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। सेवा निवृत होने के पश्चात पेंसनरों की मांगों के साथ कर्मचारियों की समस्याओं को भी उठाते रहने का आग्रह किया है।

# शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी को बढ़ावा दें



**सिहोरा,देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र स्तर का कक्षा एक और दो पढ़ने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया नाका में आयोजित किया गया।

शैक्षिक संवाद में सहजकर्ता के रूप में जनशिक्षक श्याम राव मांडेलकर सह सहज कर्ता के रूप में विष्णु पटेल और अनिल सहलाम ने बच्चों के शिक्षा में माता-पिता और अभिभावकों की सहभागिता के बारे में बताते हुए कहा कि सभी शिक्षक साथी अपने स्कूलों को अपने बच्चों की शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए साथ ही बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। क्या शिक्षण का काम शिक्षकों पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। विद्यार्थियों की शैक्षणिक सफलता में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, और शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी के कई सकारात्मक प्रभाव होते हैं। माता पिता अभिभावक के बच्चे की शिक्षा में शामिल होने से स्कूल के बारे में गहरी जानकारी मिल सकती है। इस तरह, आप स्कूल का परीक्षण कर सकते हैं और जान सकते हैं कि यह कैसे काम करें करता है। साथ ही, यदि आवश्यक हो, तो आप सुधार के लिए कह सकते हैं। बताया गया कि बच्चे अपने माता-पिता के साथ सबसे ज़्यादा समय बिताते हैं - शिक्षकों, दोस्तों या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ की तुलना में कहीं ज़्यादा।

# छात्राओं को औषधीय पौधों के महत्व के बार में बताया

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय मोहन लाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर में वनस्पति शास्त्र एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने सर जेसी बोस क्लब के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण हर्बल/ मेडिसिनल गार्डन पादप कार्यिकी विभाग जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय में विगत 31 जनवरी को किया गया, जिसमें बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राओं को डॉ. तिवारी,



विभागाध्यक्ष पादप कार्यिकी विभाग, जवाहरलाल नेहरू कृषि विवि ने विभिन्न प्रकार के औषधिय पौधों के महत्व की जानकारी दी, जैसे सीता, अशोक, सिन्दूरी सतावर, गुडमार, गुग्गल, मोलश्री खमेर, रामफल, मामाफल, शिवनाग, ब्रह्मी ममीरा, फुचला, कोको ट्री आदि। उपरोक्त कार्यालय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.समीर कुमार शुक्ला, के मार्गदर्शन एवं वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा दवे के निर्देशानुसार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. प्रणिता भटेले, डॉ. विनोद लोधी एवं डॉ. सचिन नागरे का विशेष सहयोग रहा।

# मृतकों के घर पहुंचकर परिवार को जीतू पटवारी ने दी सांत्वना

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन तहसील के टिमरी गांव में हुए जघन्य हत्याकांड में जान गंवाने वाले दुबे एवं पाठक परिवार के घर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे.27 जनवरी सुबह 9-30 से 10 बजे की बीच टिमरी गांव में जुआं खिलाने से मना करने पर दो पक्षों के बीच आपसी विवाद हो जाने के कारण सतीश उर्फ कुंजत पाठक पिता गनेश पाठक उम्र 45 वर्ष,मनीष उर्फ चंदन पिता गनेश पाठक उम्र 38 वर्ष, समीर उर्फ भूरी पिता राजेश दुबे उम्र-39 वर्ष,अनिकेत पिता विजय दुबे उम्र 31 वर्ष की धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी गई थी वही विपिन दुबे पिता राजेश दुबे एवं मुकेश पिता क्षीरसागर दुबे गंभीर रूप से घायल हुए थे।



शनिवार को मृतकों के परिजनों से मिलकर जीतू पटवारी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की.शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में सांत्वना देने के साथ उनका ढांढस बंधाया.श्री पटवारी ने मृत युवकों के माता-पिता को सांत्वना देते हुए कहा कि वे उनके साथ हैं.आगे उन्होंने कहा कि पाटन थाना क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण में खुले आम जुआं सट्टा,अवैध शराब,गांजा का व्यापार फल फूल रहा है जिसकी वजह से आए दिन ग्रामीण इलाकों में लड़ाई झगड़ों में बढ़ोतरी हुई है। यदि पुलिस समय रहते पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कार्यवाही कर देती तो आज इतनी बड़ी घटना घटित नहीं होती वही सिर्फ नुनसर चौकी प्रभारी को हटा दिया जबकि पाटन थाना प्रभारी पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पाटन शराब दुकान से पांच लाख रुपए महीना नहीं मिलने पर पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य ने एक माह से शराब ठेके पर छ्पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा रखी थी इससे सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस किसके लिए काम कर रही है। उन्होंने दुबे एवं पाठक परिवार से जरूरत पड़ने पर बेहिचक संपर्क करने की बात कही.इस दौरान राज्य सभा सांसद विवेक तंखा,विधायक लखन घनघोरिया,पूर्व मंत्री तरुण भनोट,विनय सक्सेना,ठा.विक्रम सिंह,संजय यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# आम आदमी और व्यापार के लिए सकारात्मक बजट : जबलपुर चेम्बर




**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बजट को आम आदमी और व्यापार के प्रति सकारात्मक माना गया जिसमें सरकार द्वारा मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाने की कोशिश की गई। वहीं इंजीनियरिंग और मेडिकल सीट बढ़ाने से युवा वर्ग को शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा। बिजली उत्पादन में एटोमिक एनर्जी के इस्तेमाल से वृद्धि होगी।

फुड प्रोसेसिंग क्षेत्र में नई संस्था खोलने का प्रावधान जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र को विकास प्रदान करेगा। जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे का कहना है कि टेक्स स्लेब को 12 लाख रुपये तक बढ़ा कर अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रयास किया गया वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की घोषणा छोटे उद्योगों को बढ़ावा देगी। चेयरमेन कमल ग्रोवर ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा गया कि मुफ्त की योजनाओं एवं रेवड़ियों पर लगाम कसनी चाहिए। कर विशेषज्ञ अनिल अग्रवाल ने कहा कि इन्कम टेक्स के सरलीकरण के क्षेत्र में काफी अच्छे प्रावधान किए गए और खासकर स्टार्टअप युनिट को पांच साल का रजिस्ट्रेशन और बढ़ाया जाना स्वागत योग्य कदम है। चेंबर सचिव पंकज माहेश्वरी ने कहा कि एमएसएमई को ऋण सुविधा बढ़ाए जाने का कदम छोटे उद्योगों को राहत प्रदान करेगा। कर अधिवक्ता अभिषेक ध्यानी ने कहा कि कि सरकारी घाटा काफी बढ़ रहा है और जीएसटी सरलीकरण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए। चेम्बर उपाध्यक्ष नरिन्दर सिंह पांधे ने कहा कि कि टूरिज्म क्षेत्र में प्रावधान रोजगार हित में है लेकिन डीजल और पेट्रोल को जीएसटी में शामिल न होने से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी निराश है। जितेन्द्र पचौरी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में ओर प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है।

वही सुनील महावर ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट को 3 लाख से 5 लाख तक बढ़ाने को अच्छा कदम बताया।चेम्बर कोषाध्यक्ष अजय बख्तावर ने बताया कि मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसे आने से सोने चांदी के उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। चेम्बर प्रवक्ता शशिकांत पांडेय ने बताया कि सुक्ष्म उद्योगों को 5 लाख रुपये के क्रेडिट कार्ड देने के प्रावधान को अच्छा कदम बताया ।चेम्बर सदस्य सुकुमाल जैन और सतीश जैन ने कपड़ा उद्योग क्षेत्र में कस्टम डयूटी कम किए जाने का स्वागत किया।चेम्बर सदस्य निखिल पहवा ने बताया कि उड़ान योजना के तहत नए एयरपोर्ट बनाने का स्वागत किया गया।

## इनकम टैक्स में मध्यम वर्ग को बहुत राहत

नए स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट बहुत अच्छी पहल है। मेडिकल स्टूडेंट्स के वलिए कॉलेज में 10000 सीट बढ़ाया जाना बहुत अच्छी पहल है । आई .टी. सेक्टर में 6500 सीट बढ़ाई जाएगी यह एक बहुत अच्छी पहल है । देश में बदलते हुए युग को देखते हुए आई शिक्षा पर 500 करोड़ का बजट बहुत अच्छी खबर है। किसानों के लिए भी बहुत अच्छी पहल है किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से 5 लाख किया जाना एक अच्छी पहल है। पेट्रोल एवं डीजल पर जीएसटी लागू न होने से आम जनता में निराशा ।

**जितेंद्र पचौरी, केट**

## कर्मचारियों के लिए 18 महीने के डीए एरियर की घोषणा नहीं की

वित्त मंत्री को सीधे घोषणा करनी चाहिए थी कि 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा और 12 लाख रुपये से अधिक की आय पर ही कर लगेगा, न कि 12 लाख रुपये के भीतर अलग-अलग स्लैब रखने चाहिए। हमें सरकारी अधिसूचना का इंतजार करना होगा क्योंकि जब आदेश जारी होंगे तो बहुत सी बातें छिपी होंगी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 18 महीने के डीए एरियर की घोषणा नहीं की गई पुरानी पेंशन योजना की बहाली की कोई घोषणा नहीं की गई केंद्र सरकार के विभागों में खाली पड़े 13 लाख पदों को भरने की कोई घोषणा नहीं की गई

**सी. श्रीकुमार महासचिव एआईडीईएफ**

## कृषि की लागत कम करने के उपायों के सुझावो पर ध्यान नही दिया

इस वर्ष देश के कुल बजट 50.65 लाख करोड़ों रुपये मे से 1.71 करोड़ रुपये कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र को आबंटित हुआ, यानी 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी का हिस्सा 3.37 प्रतिशत रहा। विगत वर्ष (3.15 प्रतिशत) की तुलना मे गांव, खेत, किसान के बजट मे केवल 0.22 प्रतिशत की बृद्धि से ग्रामीण आबादी की समृद्धि की कल्पना बेमानी होगी। कृषि उपकरण व कृषि आदान सामग्रियों को कर मुक्त कर कृषि की लागत कम करने के उपायों के सुझावो पर ध्यान नही दिया गया। कुल मिलाकर बजट किसानों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका के.सी.सी. की लिमिट 3 से 5 लाख तक बढ़ाए जाने तथा प्रधान मंत्री धन धान्य कृषि योजना का निर्णय स्वागत योग्य है।

**इंजी. के. के. अग्रवाल**
**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारत कृषक समाज**

## छोटे एवं मझोले व्यापार एवं उद्योग में नई आशा : महाकोशल चेम्बर

महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने बजट में एमएसएमई हेतु की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए इसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उधमों की अपने स्थायित्व हेतु बढ़ती चिंता पर अंकुश लगाने का प्रयास मान्य किया जावेगा। आयकर की टैक्स एवं करों के वर्गीकरण से उपभोक्ताओं को प्राप्त होने वाले लाभ से खुदरा व्यापार में खपत का अनुमान बढ़ा है। महंगाई, बेरोजगारी एवं कौशल विकास पर हुई घोषणाओं का विस्तृत विवरण प्राप्त होने पर बजट प्रस्तावों के प्रभाव का असर देखने को मिलेगा। मध्यम आय समाज के महत्व को स्वीकार करते हुए बजट में की गई पहल के लाभ से सरकार के प्रति विश्वास बढ़ाएगा। महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली, समीर पाल, प्रदीप बिस्वारी ने महाकोशल चेम्बर में शीघ्र ही बजट प्रस्तावों का विवरण प्राप्ति के साथ ही बजट विश्लेषण हेतु संगोष्ठी आयोजन किए जाने की जानकारी दी है।

## फिलाडेल्फिया विमान हादसे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जताया दुख

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि फिलाडेल्फिया में शुक्रवार को एक प्लेन क्रैश पर दुख जताते हुए कहा कि, और निर्दोष लोगों की जान चली गई। दो दिन पहले ही वाशिंगटन में भीषण विमान दुर्घटना हुई थी जो अमेरिका में 20 वर्षों में सबसे घातक विमान हादसा था। ट्रंप ने विमान दुर्घटना के बारे में कहा, फिलाडेल्फिया, पेनसिल्वेनिया में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से बहुत दुख हुआ। और निर्दोष लोगों की जान चली गई। अधिकारियों के अनुसार विमान में छह लोग सवार थे। हालांकि किसी भी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक शुक्रवार रात को एक ट्विन इंजन मेडीवैक जेट, जिसमें एक बीमार बच्चा और उसकी मां सवार थी, पूर्वोत्तर फिलाडेल्फिया के एक इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे भयंकर विस्फोट हुआ। संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) के मुताबिक लीयरजेट 55 विमान, जिसमें छह लोग सवार थे, पूर्वोत्तर फिलाडेल्फिया एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद क्रैश हो गया। फ्लाइट ऑपरेटर जेट रेस्क्यू एयर एम्बुलेंस के प्रवक्ता शाई गोल्ड ने बताया कि विमान में एक बाल रोगी और उसकी मां सवार थीं।

## खालिस्तान के बारे में क्या सोचते हैं कनाडा के लोग, जस्टिन ट्रूडो पर ही उठा दिए सवाल, सर्वे में क्या निकला



**ओटावा।** कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर भारत ने कई बार चिंता जताई है और जस्टिन ट्रूडो सरकार से ऐक्शन की अपील भी की है। इस बीच एक सर्वे भी आया है, जो बताता है कि आखिर कनाडा में लोग खालिस्तानियों के बारे में क्या सोचते हैं।

सर्वे में तीन चौथाई यानी 75 फीसदी लोगों ने कहा कि सरकार को ऐसी गतिविधियों को कनाडा की जमीन पर नहीं होने देना चाहिए। किसी दूसरे देश को लेकर कनाडा से एजेंडा चलाना ठीक नहीं है। एजेंसी लेगर की ओर से किए गए सर्वे में कहा गया, सिख अलगाववादी गतिविधियों को 10 फीसदी लोगों ने ही समर्थन किया, जो काफी कम आंकड़ा है। वहीं 54 फीसदी लोगों ने इसका विरोध किया। इसके अलावा 72 फीसदी लोगों ने मांग की है कि दूसरे देश के खिलाफ चलने वाले एजेंडे को रोकने की जरूरत है। यह सर्वे इस बात को जानने के लिए किया गया था कि आखिर कनाडा के मामलों में भारत की ओर से आंतरिक दखल के आरोपों पर लोगों की क्या राय है।

इसे लेकर 53 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें इन आरोपों की जानकारी है। वहीं 68 फीसदी लोगों ने कहा कि यह चिंता की बात है। ऐसा नहीं होना चाहिए। वहीं कनाडा के 30 फीसदी लोगों ने कहा कि सिख समुदाय को खालिस्तानी गतिविधियों को चलते गैर-जरूरी जांच से गुजरना पड़ता है। वहीं 33 फीसदी लोगों ने इस बात से इनकार किया तो वहीं 37 फीसदी लोगों ने कहा कि वह इसे लेकर अनिश्चित हैं। दरअसल कनाडा ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि उसकी चुनावी प्रक्रिया में दखल देने वाले देशों में भारत दूसरे नंबर पर हैं। वहीं चीन पहले पायदान पर है। सर्वे में कुछ लोगों ने यह भी कहा कि भारत खालिस्तान को लेकर दो समूहों के बीच अंतर नहीं कर पा रहा है। एक समूह ऐसा है, जो खालिस्तानी विचारधारा का समर्थक है। वहीं दूसरे समूह ऐसा है, जो हिंसक गतिविधियां भी करता है। भारत इन दोनों को मिलाकर देखता है। लेकिन सर्वे से साफ है कि कनाडा में खालिस्तानी गतिविधियों के संचालन को लोगों ने स्वीकार किया है।

यही नहीं वे मानते हैं कि जस्टिन ट्रूडो सरकार को इन पर रोक लगानी चाहिए। हालांकि भारत के साथ अच्छे रिश्ते रखने के भी कनाडा के लोग पक्षधर हैं। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में तनाव बढ़ा हुआ है। बीते साल कनाडा ने भारत पर निज्जर हत्याकांड में शामिल होने के आरोप लगाए थे, लेकिन वह अब तक साबित नहीं कर सका है।

## मालदीव की बर्बादी तय? मुइज्जू को भारत का सख्त संदेश, बिना नाम लिए चीन-तुर्किये को लपेटा

मालदीव की डगमगाती अर्थव्यवस्था पर भारत ने गंभीर चिंता जताई है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व में मालदीव लगातार ऐसे व्यापारिक समझौते कर रहा है जो उसके वित्तीय हालात को और बिगाड़ सकते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि हाल के समझौतों से मालदीव का राजस्व प्रभावित हो सकता है, जिससे उसकी दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को खतरा पैदा होगा। भले ही भारत ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन यह साफ है कि भारत का इशारा चीन और तुर्किये की ओर था जिनसे मालदीव ने हाल ही में व्यापारिक समझौते किए हैं। मालदीव की अर्थव्यवस्था पहले से ही संकट में है। 7.8 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले इस द्वीपीय देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भारी कमी आ रही है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। चीन ने मालदीव को 1.37 अरब डॉलर का ऋण दिया है, जिससे मालदीव की आर्थिक निर्भरता चीन पर बढ़ती जा रही है।

**चीन के जाल में फंस रहा मालदीव-** इसी बीच 1 जनवरी से लागू चीन-मालदीव मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) देश के व्यापार संतुलन को और नुकसान पहुंचा सकता है। यह सौदा मालदीव की सीमाशुल्क व्यवस्था पर बुरा असर डाल सकता है और सप्लाई चेन को भी अस्थिर कर सकता है। इसके अलावा, तुर्किये के साथ हुए व्यापारिक समझौते को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने स्पष्ट कहा कि इन



सौदों से मालदीव का राजस्व प्रभावित होगा, जो दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता के लिए सही संकेत नहीं है।

**भारत ने की मालदीव की काफी मदद-** भारत ने पिछले साल मालदीव की अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए 400 मिलियन डॉलर की सहायता और 30 अरब रुपये (346 मिलियन डॉलर) की मुद्रा अदला-बदली की थी। बावजूद इसके, मुइज्जू सरकार भारत से दूरी बनाकर चीन के करीब जाती दिख रही है। इसके अलावा, तुर्किये के साथ हुए व्यापारिक समझौते को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने स्पष्ट कहा कि इन सौदों से मालदीव का राजस्व प्रभावित होगा, जो दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता के लिए सही संकेत नहीं है।

**भारत ने मालदीव की काफी मदद-** भारत ने पिछले साल मालदीव की अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए 400 मिलियन डॉलर की सहायता और 30 अरब रुपये (346 मिलियन डॉलर) की मुद्रा अदला-बदली की थी।

## आज का इतिहास

1509- भारत में दीव (गोवा, दमन और दीव) के पास पुर्तगाल एवं तुर्की के बीच युद्ध हुआ।
1556- चीन के शैन्सी प्रांत में आए विनाशकारी भूकंप में करीब आठ लाख तीस हजार लोगों की मौत हुई।
1626- चार्ल्स प्रथम इंग्लैंड के सम्राट बने।
1788- देश में प्रशासनिक सुधारों के लिये पिट्स नियामक अधिनियम को लागू किया गया।
1814- कलकत्ता (अब कोलकाता) संग्रहालय की स्थापना हुई।
1862- शंभूनाथ पंडित कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।
1889- भारत की एक प्रख्यात गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी और एक सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी अमृत कौर का जन्म।
1890- अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म हुआ।
1902- दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार आन्दोलन के संगठक मोटूरि सत्यनारायण का जन्म।
1915- भारत के प्रसिद्ध पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार खुशवंत सिंह का जन्म।

## सुडोकू 6813

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में दो की मौत, 10 घायल

**बेरूत, ( आईएएनएस )।** अनुसार पूर्वी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में दो लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर ने एक बयान जारी किया। बयान में उन्होंने पुष्टि की है कि शुक्रवार को इजरायली हवाई हमलों में बेका क्षेत्र के एक गांव को निशाना बनाया गया, जिसमें कई लोग हताहत हुए। नाम न बताने की शर्त पर एक सूत्र ने सिन्हुआ को बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने शुक्रवार को भोर में चार हवाई हमले किए। इन हमलों में जनता और पूर्वी लेबनान में लेबनान-सीरियाई सीमा पर अवैध क्रॉसिंग को निशाना बनाया गया। सूत्र ने आगे कहा कि इजरायली जेट विमानों ने टारगेट पर हवा से जमीन पर मार करने वाली 8 मिसाइलें दागीं। इन हमलों में कई लोग हताहत हुए, एक ट्रक नष्ट हो गया और लेबनान और सीरिया को जोड़ने वाली अवैध क्रॉसिंग को काफी नुकसान पहुंचा। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने शुक्रवार को सुबह करीब 3 बजे बेका क्षेत्र में पूर्वी पर्वत श्रृंखला पर कई हवाई हमले किए। इसमें कहा गया है कि हमलों ने अल-वावियात क्षेत्र में बैटरी और स्क्रैप मेटल ले जा रहे एक ट्रक को निशाना बनाया। साथ ही हमलों में पूर्वी लेबनान के हनीदर शहर के बाहरी इलाके के पास जब्ब अल-वार्ड क्रॉसिंग भी शामिल है। लेबनानी नागरिक सुरक्षा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सिन्हुआ को बताया कि बचाव दल ने टारगेट वाले स्थान से दो शवों और कई घायल व्यक्तियों को बेका क्षेत्र के अस्पतालों में पहुंचाया है। घायलों में से एक की हालत गंभीर है, और बचाव कार्य अभी भी जारी है।

## कनाडा जवाब देने के लिए तैयार अमेरिकी टैरिफ पर जस्टिन ट्रूडो

**ओटावा, ( आईएएनएस )।** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडाई आयात पर शुल्क लगाते हैं तो कनाडा उद्देश्यपूर्ण, सशक्त, उचित, तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है। टोरंटो में कनाडा-अमेरिका संबंध परिषद की बैठक में भाषण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सीबीसी न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि विदेश मंत्री मेलानी जोली, सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी और आव्रजन मंत्री मार्क मिलर सभी अमेरिकी राजधानी में हैं। यह सभी रिपब्लिकन सांसदों और ट्रंप की टीम के संपर्क में है ताकि राष्ट्रपति ट्रंप को मनाया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके तहत मैक्सिको और कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कनाडाई तेल के लिए कहा कि टैरिफ दर 10त्न होगी, जबकि कनाडा के दूसरे आयातों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ दर होगी लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि तेल और प्राकृतिक गैस पर व्यापक टैरिफ फरवरी के मध्य में आएंगे।

## ऐक्शन मोड में डोनाल्ड ट्रंप, कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ की चोट, चीन पर भी कसा शिकंजा

**कनाडा।** मैक्सिको और चीन पर शनिवार से अमेरिका टैरिफ लगाने जा रहा है। व्हाइट हाउस की ओर से कहा गया कि कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। चीन से आयात होने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत का शुल्क लागू होगा। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि क्या इन उपायों में कोई छूट होगी।

दरअसल, इन टैरिफ के चलते अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए सामान काफी महंगे हो सकते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में इन टैरिफ की घोषणा की थी। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अवैध आव्रजन और फेंटेनाइल के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रसायनों की तस्करी को रोकने के लिए देशों से अधिक सहयोग सुनिश्चित करने के मद्देनजर टैरिफ लगाने का दावा कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने



यह भी कहा है कि इसका मकसद डोमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, शनिवार से ये शुल्क लागू हो होंगे।

ये वादे राष्ट्रपति की ओर से किए गए थे और अब इन्हें पूरा किया जा रहा है।'

**तेल आयात के लिए छूट जारी रखने पर विचार-** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह कनाडा और मैक्सिको से तेल आयात के लिए छूट जारी रखने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, कैरोलिन लेविट ने कहा कि उनके पास राष्ट्रपति के किसी भी संभावित कटौती के फैसले के बारे में साझा करने के लिए कोई जानकारी नहीं है। इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि अगर ट्रंप टैरिफ लागू करते हैं तो कनाडा इसका उचित जवाब देने के लिए तैयार है। मगर, उन्होंने इस बारे में कुछ विस्तार से नहीं बताया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शैनबॉम ने कहा कि टैरिफ लागू होने की स्थिति में मैक्सिको के पास अमेरिकी सरकार जो भी निर्णय लेती है उसके लिए प्लान ए, प्लान बी, प्लान सी है।

## नौकर बन गए हैं शहबाज शरीफ, उनके पास कोई पॉवर नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता उमर अयूब ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर जमकर




निशाना साधा। शरीफ की आलोचना करते हुए अयूब ने उन्हें बिना शक्ति वाला नौकर कह दिया। उमर अयूब ने मौजूदा पीएम की भूमिका को नौकर या क्लर्क के तौर पर पेश किया और दावा किया कि उनके पास कोई वास्तविक शक्ति नहीं है। विपक्ष के नेता का यह पीटीआई और सरकार के बीच बाचतीच विफल रहने के बाद आया।

अयूब का बयान पाकिस्तानियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पीटीआई प्रमुख ने सरकार के साथ रुकी हुई बातचीत संसदीय समिति के माध्यम से फिर से शुरू करने की पेशकश को खारिज कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, शहबाज ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक को संबोधित किया और कहा कि सरकार इमरान खान की पार्टी के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए संसदीय समिति गठित करने को तैयार है। इमरान की ओर से गठित पार्टी ने 9 मई 2023 और 26 नवंबर 2024 की घटनाओं की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन न करने पर बातचीत बंद कर दी है। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बातचीत फिर से शुरू करने की पेशकश को खारिज करते हैं।' पार्टी की मांगों को दोहराते हुए अयूब ने कहा कि हमारी मांगें स्पष्ट हैं।

## कांगो हिंसाः शांति और सुरक्षा के लिए सभी पक्ष बातचीत का रास्ता अपनाएं

**सोल, ( आईएएनएस )।** दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) ने लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में शांति और सुरक्षा बहाल करने के लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत की अपील की। संगठन ने चिंता व्यक्त की कि हाल के हमलों से डीआरसी में सुरक्षा और मानवीय स्थिति और खराब हो रही है। शुक्रवार को जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे में आयोजित एसएडीसी राष्ट्राध्यक्ष एवं सरकार शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक विज्ञप्ति में यह बात कही गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संगठन ने पूर्वी डीआरसी में सक्रिय एक सशस्त्र समूह एम23 की ओर से डीआरसी सैनिकों में एसएडीसी मिशन पर हमलों की निंदा की। इसने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों ने 30 जुलाई, 2024 को लुआंडा प्रक्रिया के माध्यम से किए गए युद्धविराम का उल्लंघन किया और डीआरसी और एसएडीसी क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को कमजोर किया। क्षेत्रीय निकाय ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में पानी, बिजली, संचार के साधन, भोजन और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति की तत्काल बहाली की अपील की। अपने समापन भाषण में, दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय के अध्यक्ष और जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति एमर्सन मनांगाग्वा ने डीआरसी में संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से स्थायी शांति के लिए संवाद और शांतिपूर्ण विवाद समाधान तंत्र को अपनाने की अपील की।

## वर्ग पहेली 6813



**दायें से बायें:-**
१. संकीर्ण हृदय, कंजुस, न देने वाला
३. योगासन का एक भेद
५. प्रमाणित (उर्दू)
६. अस्तित्व (उर्दू)
७. दुख से भरा (उर्दू)
८. किसी व्यक्ति-वस्तु आदि की सुरक्षा के लिए नियुक्त व्यक्तियों का दल
१३. चीरने वाला
१५. चिल्लाना, बहुत जोर की आवाज निकालना (उर्दू)
१६. श्रृंगार रस, पारा
१७. हृदय, मन
१८. बीच का, दरमियानी, राशियोंके जोड़ को उनकी संख्या को भाग देने पर प्राप्त भागफल २०. अनुदेश, निर्देश (उर्दू)
२२. कहानी
२३. आजीवन कुंआरी रहने वाली

**ऊपर से नीचे:-**
१. कृष्णपक्ष की अंतिम तिथि
२. श्रीकृष्ण
३. कमल, सौ पंखुड़ियों वाला
४. पर्यायवाची
५. सिद्ध करने वाला, पूरा करने वाला,तपस्वी
९. नाश करने वाला
१०. न्यायालय (उर्दू)
११. पूर्व दिशा
१२. अनुग्रह, कृपा, प्रदान (उर्दू)
१४. हार, मात
१७. आकाश
१९. प्राणवान
२०. कल्याण, भलाई
२१. निश्चित, निर्धारित

## वर्ग पहेली-6812

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ख | ट्टे | २ हो | ना | ■ | ■ | ३ अ | स्त | ४ ब | ल |
| ट | ■ | शि | ■ | ५ वि | लो | प | ■ | ल | ■ |
| ६ प | र्सि | या | ■ | जि | ■ | ७ ला | ज | वा | ब |
| ट | ■ | ८ र | ९ ज | त | कुं | भ | ■ | ई | ■ |
| ■ | १० ह | ■ | क | ■ | ■ | ■ | ११ भो | ■ | १२ अ |
| १३ मु | ठ | भे | ड़ | ■ | १४ द | ■ | १५ र | ग | ड़ |
| ■ | ध | ■ | १६ ना | ग | र | ता | ■ | ■ | च |
| १७ श | र्मी | ली | ■ | ■ | बा | ■ | १८ यौ | १९ व | न |
| शां | ■ | ■ | २० ना | ज | री | २१ न | ■ | स | ■ |
| २२ क | ष्ट | प्र | द | ■ | ■ | २३ भ | या | व | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

व्यवस्था

### रेलवे ने नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों का सफल संचालन किया

## रेलवे ने 700 से अधिक ट्रेन चलाकर श्रद्धालुओं को उनके घर पहुंचाया

**महाकुंभ नगर, (देशबन्धु)। आस्था के महापर्व महाकुंभ के सबसे प्रमुख अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। मौनी अमावस्या पर्व के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं के महाकुंभ में आने का क्रम जारी रहा। पर्व के दूसरे दिन भी लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया।**

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के महाकुंभ में सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने पिछले दो दिनों में रिकॉर्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए होल्डिंग एरिया और कलर कोडेड आश्रय स्थलों के माध्यम से तीर्थयात्रियों को सुरक्षित तरीके से रवाना किया गया।

मौनी अमावस्या महाकुंभ का सबसे बड़ा स्नान पर्व माना जाता



- दो दिनों में रिकॉर्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया
- मौनी अमावस्या पर्व पर रिकॉर्ड आठ करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया

है। परंपरा के अनुसार इस दिन करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने प्रयागराज आते हैं। मौनी अमावस्या पर्व पर रिकॉर्ड आठ करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया। पर्व के दूसरे दिन भी लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में आए करोड़ों श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने रिकॉर्ड मेला स्पेशल और नियमित ट्रेनों का संचालन किया। पर्व के दिन 29 जनवरी को शहर के सभी रेलवे स्टेशनों से रिकॉर्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। पर्व के दूसरे दिन 30 जनवरी को भी लगभग 175 स्पेशल ट्रेनों के साथ 300 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं। पिछले दो दिनों में प्रयागराज रेल मंडल ने 20 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया।

प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया कि मौनी अमावस्या और उसके दूसरे दिन मिलाकर लगभग 700 से अधिक नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इनमें से सर्वाधिक ट्रेनों का संचालन प्रयागराज जंक्शन से हुआ, इसके अलावा एनसीआर के नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज, नार्दर्न रेलवे के प्रयाग, फाफामऊ और पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग और झूंसी स्टेशनों से भी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया।

इसके साथ ही रेलवे स्टेशन परिसर में सफल भीड़ प्रबंधन के लिए पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुरूप तीर्थ यात्रियों को होल्डिंग एरिया, कलर कोडेड आश्रय स्थलों और कलर टिकट के जरिए दिशावार उनकी ट्रेनों तक पहुंचाया गया।

# खेल जगत

## दुबे के कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर उपयुक्त विकल्प नहीं थे राणा : बटलर

**पुणे।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 में हर्षित राणा को शिवम दुबे के कन्कशन सब्सटीट्यूट के तौर पर इस्तेमाल किए जाने पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि राणा दुबे के उपयुक्त विकल्प नहीं थे। उस समय टेलीविजन पर कॉमेंट्री कर रहे निक नाइट और केविन पीटरसन ने भी दुबे की जगह राणा को रिप्लेस किए जाने पर आपत्ति जताई। 34 गेंद पर 53 रनों की पारी खेलने वाले दुबे को दो बार हेलमेट पर चोट लगी और वह भारत की गेंदबाज़ी के दौरान फील्ड पर नहीं आए। भारत की शुक्रवार को 15 रनों की जीत के बाद बटलर ने कहा कि यह लाइक फोर लाइक रिप्लेसमेंट नहीं है, हम इससे सहमत नहीं हैं। या तो दुबे ने अपनी गेंद की गति 25 मील प्रति घंटा बढ़ा ली है या फिर राणा ने वास्तव में अपनी बल्लेबाज़ी में काफी सुधार कर लिया है।



## महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप फाइनल

# फाइनल में पहुंची टीम इंडिया, आज होगा दक्षिण अफ्रीका से होगा सामना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। निकी प्रसाद की अगुआई वाली मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम दूसरे आईसीसी महिला अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को भी हरा बयुमास ओवल(क्वालालंपुर) में रविवार को लगातार सातवीं जीत की बदौलत अजेय रह खिताब बरकरार रखने के मकसद से उतरेगी। मौजूदा संस्करण का इकलौता शतक जड़ने सहित सहित छह मैचों कुल 265 रन बना शीर्ष पर चल रही तृषा गोंगाडी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ अर्द्धशतक सहित कुल दो अर्द्धशतक जड़ कुल 135 रन बना रन बनाने में तीसरे स्थान पर चल रही जी कमलिनी के साथ पांच मैचों में सबसे ज्यादा कुल 15 विकेट चटका शीर्ष पर चल रही वैष्णवी शर्मा, आयुषी शुक्ला (छह मैच 12 विकेट), परुणिका सिसोदिया (5 मैच आठ विकेट) की बाएं हाथ के स्पिनरों की त्रिमूर्ति से सज्जित रंग में चल रही भारतीय टीम को फाइनल में रोकना दक्षिण अफ्रीका के लिए वाकई बड़ी चुनौती होगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका से अपने पिछले पांच चारों मैच बेहद आसानी से जीते हैं जबकि एक बारिश के चलते एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया था। शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने तृषा की 29 गेंदों पर 24 रन की पारी की बदौलत 2023 मे पिछले पहल) आईसीसी महिला अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के सात विकेट से पहला चैंपियन बनने का गौरव पाया था। भारत एक बार फिर फाइनल में तृषा से रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी बड़ी पारी खेल बरकरार रखने की आस के साथ उतरेगा।



■ भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल सहित अपने सभी छह मैच बेहद आसानी से जीते

भारत ने मौजूदा संस्करण में तृषा के अविजित 110 रन की बदौलत स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाया था 20 ओव मं एक विकेट पर 208 रन का सबसे बड़ा स्कोर। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में 18.1 ओवर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट पर 106 रन का अपना सबसे बड़ा स्कोर बना जीत दर्ज की थी।

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल सहित अपने सभी छह मैच बेहद आसानी से जीते हैं। भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को नौ विकेट से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया को कड़े संघर्ष में पांच विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची। भारत की सभी छह मैचों में आसान जीत में शीर्ष चार बल्लेबाजों से ज्यादा का बल्लेबाजी करने का नंबर कम ही आया है। मौजूदा संस्करण का इकलौता शतक और सर्वोच्च अविजित 110 रन का स्कोर भी भारत की ओपनर तृषा ने स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाया था। तृषा की स्ट्राइक रेट 149.71 है। वहीं दक्षिण अफ्रीका की जिमा बोथा पांच पारियों कुल 89 रन आठवें स्थान पर हैं जबकि साइमन लॉरेन पांच मैचों में एक बार अविजित रह कुल 71 रन बना 14 वे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर कयाला रेंकी पांच में दस विकेट चटका) चौथे, तेज गेंदबाज मोनालिसा लिगोड़ी और नबीशिंग निनी ने समान रूप से पांच पांच मैचों में छह-छह विकेट चटकाए हैं। भारत की कप्तान निकी प्रसाद को कप्तान के रूप में ही अपना कौशल दिखाने का मौका मिला जबकि बल्लेबाजी में ओपनर तृषा, जी कमलिनी और उपकप्तान सानिका चालके का ही बल्लेबाजी का नंबर आया जबकि बाकी बल्लेबाजों को तो क्रीज पर उतरने का मौका ही बहुत कम मिला है। निकी प्रसाद ने श्रीलंका के खिलाफ 11 रन बनाय और 31 रन की भागीदारी कर औा बांग्लादेश के खिलाफ दो गेंदो में पांच रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। इंग्लैंड की डेविना पेरिन ने जरूर भारत को परेशान किया तो उन्होंने चतुराई से गेंदबाजी बदलाव कर उन्हें आउट कर पेवेलियन लौटाया। निकी प्रसाद ने अपनी वैष्णवी शर्मा, आयुषी शुक्ला, परुणिका सिसोदिया की बाएं हाथ के स्पिनरों की मिलकर कुल 30 विकेट चटकाने वाली स्पिन त्रिमूर्ति के साथ कामचलाउ आफ स्पिनर के रूप मे पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तृषा का चतुर उपयोग किया और उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ आखिरी तीन विकेट ले भारत का आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा दस विकेट चटकाने वाली उसकी कप्तान कयाला रेंकी के खिलाफ चौकस रहने की जरूरत होगी। रैंकी निचले क्रम की उपयोगी बल्लेबाज है और ऐसे में भारत की स्पिनरों और उसकी तेज गेंदबाज शबनम शकील और जोशिता को निचले क्रम को जमने का कतई मौका नही देना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में में कयाला ने 26 रन की उपयोगी पारी खेली थी।

# बंगाल टाइगर्स ने तमिलनाडु ड्रैगंस को सेमीफाइनल में सडनडेथ में 4-3 से दी शिकस्त

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने निर्धारित समय मे 0-2 से पिछड़ने के बाद प्रदीप सिंह संधू और सैम लेन के एक एक मैदानी गोल से दो दो और फिर शूटआउट में भी दो दो की बराबरी पाने के बाद सडन डेथ में अभिषेक के नैन के चौथे प्रयास को गोल में बदलने और मैन ऑफ द' मैच गोलरक्षक जैमी कार के उत्तम सिंह के पांचवें प्रयास को नाकाम किए जाने की सात बरस के बाद वापसी करने वाली पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल)2024-25 के पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ड्रैगंस को शुक्रवार रात राउरकेला के बिरसामुंडा स्टेडियम 4-3 से हरा दिया। श्राची रार बंगाल टाइगर्स की टीम फाइनल में शनिवार को हैदराबाद तूफांस से भिड़ेगी।



बंगाल टाइगर्स को मैच के शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन खासतौर पर दूसरे पर ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह के ड्रैग फ्लिक को तमिलनाडु ड्रैगंस के गोलरक्षक डेविड हार्ट ने रोका। पहला क्वॉर्टर के खत्म होने से ठीक पहले अभिषेक द्वारा बनाए तीसरे और चौथे पेनल्टी कॉर्नर पहले जुगराज के फ्लिक को गोलरक्षक हार्ट ने रोका और चौथे पर जुगराज द्वारा बढ़ाई गेंद पर बोकार्ड ने गेंद को बाहर फ्लिक कर बंगाल टाइगर्स को बढ़त लेने से रोक दिया। तमिलनाडु ड्रैगंस को शुरू के पांच मिनट में ही दो पेनल्टी कॉर्नर वह भी इन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहा। नाथन एफ्रामस ने दाएं से नौजवान स्ट्राइकर उत्तम सिंह द्वारा बढ़ाई गेंद पर बंगाल टाइगर्स के कप्तान रूपिंदर पाल सिंह को छका दूसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल कर तमिलनाडु ड्रैगंस को 1-0 से आगे कर दिया। प्रदीप सिंह संधू के बाएं से बढ़िया पास पर अफ्फान यूसुफ ने गेंद को गोल में डालने की कोशिश की लेकिन तमिलनाडु ड्रैगंस के कप्तान अमित रोहिदास ने गेंद को रोक बंगाल टाइगर्स को गोल करने से रोक दिया। प्रदीप सिंह संधू ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले गोल कर बंगाल टाइगर्स को एक एक की बराबरी दिला दी। काति 'सेल्वम ने तीसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट मे गोल कर तमिलनाडु ड्रैगंस को फिर 2-1से आगे कर दिया। सैम लेन ने लांग कार्नर पर गोल कर बंगाल टाइगर्स को दो दो की बराबरी दिला दी। अगले ही मिनट मिले पेनल्टी कॉर्नर जुगराज का गोल अमान्य कर दिया और निर्धारित समय तक दोनों टीमें दो दो की बराबरी रही और मैच शूटआउट में खींच गया। शूटआउट में श्राची रार बंगाल टाइगर्स के लिए दूसरे प्रयास में सुखजीत सिंह ने और तीसरे प्रयास में स्यां फिनले ने गोल किए जबकि पहले प्रयास में अब वान फ्लोरेंट, चौथे प्रयास में अभिषेक और पांचवें और अंतिम प्रयास को तमिलनाडु ड्रैगंस के गोलरक्षक डेविड हार्ट ने रोका। वहीं तमिलनाडु ड्रैगंस के लिए शूटआउट में पहले प्रयास में मार्टिन लुडविग और तीसरे प्रयास में ब्लैक गोवर्स ने गोल किए जबकि तमिलनाडु ड्रैगस के उत्तम सिह के दूसरे, अबारन सुदेव के चौथे और नाथन एफ्रामस के पांचवें प्रयास को बंगाल टाइगर्स के गोलरक्षक जैमी कार ने रोका। सडन डेथ में बंगाल टाइगर्स के लिए शुरू के चार प्रयास में सुखजीत सिंह, स्यां फिंडले,फ्लोरेंट अबूल और अभिषेक ने गोल किए जबकि तमिलनाडु ड्रैगंस के लिए मॉरित्ज लुडविग, ब्लैक गोवर्स और नाथन एफ्रामस ने शुरू के तीन प्रयास में गोल किए जबकि उत्तम सिंह के चौथे प्रयास को बंगाल टाइगर्स के गोलरक्षक जैमी कार ने रोका।

■ बंगाल टाइगर्स फाइनल में हैदराबाद तूफांस से भिड़ेगी

# सूर्यकुमार ने टीम के लचीलेपन और सकारात्मक इरादे की प्रशंसा की

**पुणे,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में 15 रन से जीत हासिल करने के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और सकारात्मक मानसिकता की प्रशंसा की। इस जीत ने भारत को पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त दिला दी है। यादव ने शुक्रवार को मैच के बाद कहा कि मैदान पर सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शुरुआत से लेकर आखिर तक दर्शकों की भीड़ रही, वे हमेशा हमारे पीछे थे और सभी ने हमारा समर्थन किया। हम 12/3 के बाद पीछे नहीं हटना चाहते थे और लड़कों को पता है कि हम किस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। भारत की पारी की शुरुआत साकिब महमूद के रिकॉर्ड-तोड़ ट्रिपल-विकेट मेडन से हुई, जिससे मेजबान टीम दो ओवर में 12/3 पर सिमट गई। लेकिन यादव ने अपनी टीम की अटूट भावना पर जोर दिया, खासकर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने संकट का सामना करने के तरीके पर। दोनों ने 87 रन की साझेदारी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने 53 रन बनाए, जिससे भारत ने 181/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। सूर्या ने कहा कि एक ओवर में तीन विकेट, यह हमारे लिए बहुत ज्यादा था। लेकिन जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, जिस तरह से उन्होंने जवाब दिया, जिस तरह से उन्होंने बीच में सकारात्मक इरादा दिखाया और जिस तरह से हार्दिक और दुबे ने अपना अनुभव दिखाया, वह शानदार था। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं-खुद को अभिव्यक्त करना और आप उसी तरह से बल्लेबाजी करते हैं जैसे आप नेट्स में करते हैं। इंग्लैंड की ओर से आक्रामक शुरुआत हुई क्योंकि सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावर-प्ले के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों को परेशान किया। डकेट, विशेष रूप से शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों पर 39 रन बनाए। इंग्लैंड छह ओवर में 62/0 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में दिख रहा था।



■ बल्लेबाज फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावर-प्ले के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों को परेशान किया

## शिवम का पंजा, दिल्ली ने रेलवे को 19 रनों से रौंदा

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। ऑफ स्पिनर शिवम शर्मा के शानदार पांच विकेट की बदौलत दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रनों से हराकर शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी लीग चरण का अपना अंतिम मैच जीत लिया। हालांकि दिल्ली को अपने घरेलू मैदान पर शानदार जीत के साथ बोनस अंक मिला, लेकिन यह रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए पर्याप्त नहीं था। एक ऐसी पिच पर जहां गेंद नीचे रह रही थी, दिल्ली ने तीन दिनों के भीतर जीत हासिल कर ली, जिसका श्रेय शिवम के शानदार स्पैल और रेलवे के बल्लेबाजों के शॉट चयन को जाता है। लगभग चार साल बाद घरेलू सत्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करते हुए शिवम ने 11 ओवर में 5-33 विकेट लिए, जो रेड-बॉल क्रिकेट में उनका तीसरा पांच विकेट था, क्योंकि रेलवे अपनी दूसरी पारी के 30.5 ओवर में 114 रन पर ढेर हो गई।

## कोहली के जोरदार नारे के बाद बिशन सिंह बेदी स्टैंड के किनारे पर लगाए गए काले कवर

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच का तीसरा दिन शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में फिर से शुरू हुआ, तो विराट कोहली पवेलियन में स्थित ड्रेसिंग रूम से सटे बिशन सिंह बेदी स्टैंड के किनारे पर काले कवर लगाए गए।



इस बारे में पूछे जाने पर, डीडीसीए के सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह काले कवर लगाए गए थे, क्योंकि दिल्ली और रेलवे दोनों टीमें पिछले दो दिनों से बिशन सिंह बेदी स्टैंड में स्थित ड्रेसिंग रूम के किनारे भीड़ लगाए हुए प्रशंसकों के शोर से परेशान थीं। यह नारा तब और तेज हो गया जब शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल के दौरान प्रशंसकों ने करिश्माई विराट कोहली की एक झलक पाने के लिए किनारे को घेर लिया, जो छह रन पर आउट होने के बाद दिल्ली टीम के ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठे थे और उनका, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और उनके उपनाम 'चीकू' का नाम लेकर नारे लगा रहे थे। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों से दिल्ली और रेलवे दोनों ही टीमें बिशन सिंह बेदी स्टैंड में ड्रेसिंग रूम के किनारे प्रशंसकों के शोर से परेशान थीं और उन्होंने इसकी शिकायत की। नतीजतन, डीडीसीए और सुरक्षा अधिकारियों ने फैसला किया कि शनिवार को तीसरे दिन के खेल के लिए उक्त किनारे पर काले कवर लगाए जाएंगे। इसके अलावा, सुरक्षा के दृष्टिकोण से, शनिवार को प्रशंसकों के प्रवेश के लिए गेट 17 और 18 को भी बंद कर दिया गया है। तीसरे दिन के खेल के लिए, अरुण जेटली स्टेडियम में एक्शन देखने के लिए उत्सुक प्रशंसक गौतम गंभीर और मोहिंदर अमरनाथ स्टैंड में बैठेंगे, जबकि ओल्ड क्लबहाउस स्टैंड में डीडीसीए के सदस्य बैठेंगे। वेस्ट स्टैंड पर प्रवेश नहीं होने के बावजूद, दर्शकों की छोटी संख्या लगातार कोहली का नाम चिल्ला रही थी।

## हैदराबाद तूफान ने सूरमा क्लब को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**राउरकेला,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। हैदराबाद तूफान ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में प्रवेश करते हुए सीज़न का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद तूफान का सामना शनिवार को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। सेमीफाइनल जैसे मैच में, हैदराबाद तूफान ने 25वें मिनट में अमनदीप लाकड़ा के जरिए पहला गोल किया, जिसके बाद जैकब एंडरसन (35%) और नीलकांत शर्मा (43%) ने उनके स्कोर में इजाफा किया, जबकि जेरेमी हेवर्ड (60%) ने मैच के अंतिम समय में सूरमा के लिए सांत्वना भरा गोल किया। इससे पहले, तूफान ने आठवें मिनट में तलविंदर सिंह के शानदार प्रदर्शन के बाद खेल का पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता। गोंजालो पेइलट ने पेनल्टी कॉर्नर से गेंद को वापस तलविंदर की ओर भेजा, लेकिन वह समय पर गेंद को पकड़ नहीं पाए। दो मिनट बाद मुकुल शर्मा और टिम ब्रैंड ने मिलकर तूफान को कई मौके दिए। मुकुल ने दाएं तरफ से एक शानदार क्रॉस बनाया और ब्रैंड ने गेंद को गोल की ओर मोड़ने में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन विन्सेंट वानाश की पोजिशनिंग एकदम सही थी और उन्होंने गेंद को रोक दिया। शुरुआती कुछ मिनटों में खतरनाक

## लीजेंड-90 लीग के पहले मैच में रैना और धवन के बीच होगा मुकाबला

**रायपुर (छत्तीसगढ़),** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन 6 फरवरी को रायपुर में होने वाले लीजेंड 90 लीग के ब्लॉकबस्टर ओपनिंग मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच आमने-सामने होंगे। ओपनिंग मैच में एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है, क्योंकि अनुभवी सितारे अपनी ऑन-फील्ड प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए एक साथ आएंगे। इस मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुरेश रैना और शिखर धवन आमने-सामने होंगे, जो एक एक्शन से भरपूर टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। ओपनर के बाद, राजस्थान किंग्स 7 फरवरी को दूसरे मैच में दुबई जायंट्स से भिड़ेगी, जबकि उसी दिन बाद में गुजरात सैम्प आर्मी

# भारतीय नौसेना हॉफ मैराथन के उद्घाटन सत्र में 10,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां) भारतीय नौसेना 2 फरवरी को राजधानी में भारतीय नौसेना हाफ मैराथन (आईएनएचएम) के उद्घाटन संस्करण की मेजबानी करेगी जिसमें तीन दौड़ श्रेणियों में दस हजार से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। तीन श्रेणियां 21.1 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ हैं, जो इसे सभी क्षमताओं और पृष्ठभूमि के धावकों के लिए एक समावेशी कार्यक्रम बनाती हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए तैयारियां चल रही हैं। यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें दौड़ का मार्ग इंडिया गेट और ऐतिहासिक कर्तव्य पथ को कवर करेगा। आईएनएचएम को भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख एल मंडाविया हरी झंडी दिखाएंगे। इस उद्घाटन संस्करण के साथ, भारतीय नौसेना स्वास्थ्य, लचीलापन और सौहार्द की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम 2 फरवरी 25 को होने वाली रोमांचक रेस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और नई दिल्ली के दिल में होने वाले इस शानदार खेल आयोजन में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, इस आयोजन में सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिष्ठित व्यक्ति, नागरिक अतिथि और प्रसिद्ध खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह आयोजन इंडियन नेवी स्लैम का हिस्सा है-यह एक प्रतिष्ठित सम्मान है जो कोच्चि, विशाखापत्तनम, मुंबई और नई दिल्ली में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित सभी चार रेसों को पूरा करने वालों को दिया जाता है। यह विशिष्ट मान्यता भारतीय नौसेना के अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जो धावकों की दृढ़ता और धैर्य को दर्शाता है।



# भारत ने रामकुमार और मुकुंद के दमदार प्रदर्शन की बदौलत हासिल की 2-0 की बढ़त

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत ने शनिवार को डेविस कप 2025 अभियान की शानदार शुरुआत की और डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में वर्ल्ड ग्रुप प्लेऑफ के पहले दिन टोगो पर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। मुकुंद शशिकुमार और रामकुमार रामनाथन ने अपने-अपने एकल मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे टीम इंडिया जीत के करीब पहुंच गई। मुकुंद ने पहले मैच में लिओवा अजवोन पर निर्णायक जीत हासिल की, जिससे भारत के अभियान की शुरुआत 1-0 की बढ़त के साथ हुई। इसके बाद रामकुमार ने थॉमस सेतोदजी पर शानदार जीत के साथ भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया, जिससे डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में मौजूद भारतीय प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। फैन्स ने तिरंगे झंडे लहराए, जीते गए हर अंक के लिए अपने खिलाड़ियों के समर्थन में नारे लगाए और ऐसा माहौल बनाया जिसने भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को और भी बढ़ा दिया। घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए मुकुंद के लिए शुरुआती सेट की शुरुआत सकारात्मक रही। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ पहला गेम जीता। हालांकि इसके बाद अजवोन ने स्कोर बराबर करके मुकाबला तनावपूर्ण बना दिया। तीसरे गेम के दौरान गति मुकुंद के पक्ष में बदल गई।

■ घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए मुकुंद के लिए शुरुआती सेट की शुरुआत सकारात्मक रही



# शमी ने साहा को विदाई दी, कहा `आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी'

**नई दिल्ली,** 1 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को क्रिकेट के खेल पर 'अमिट छाप' छोड़ने के लिए बधाई दी है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन साहा को उनके साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शमी ने कहा कि आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई देते हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान, आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी! 141 प्रथम श्रेणी मैचों में, साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं।



**सार संक्षेप**

## शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए उतरेंगे एफसी गोवा और जमशेदपुर एफसी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग 2024-25 मुकाबले में एफसी गोवा की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जमशेदपुर एफसी 17 मैचों में 10 जीत, एक ड्रा और छह हार से 31 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है। रेड माइनर्स का पहला लक्ष्य आगामी मुकाबला जीतकर एफसी गोवा को पीछे छोड़ना होगा, जो 17 मैचों में नौ जीत, छह ड्रा और दो हार से 33 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। वहीं, गौर्स को जीत उन्हें लीग लीडर्स मैरिनर्स (18 मैचों में 40 अंक) के करीब ले जाएगी।इसके अलावा कोच खालिद जमील के रेड माइनर्स के पास जीत से एफसी गोवा पर लीग डबल करने का मौका है, क्योंकि उन्होंने 17 सितंबर, 2024 को रिवर्स फिक्सचर में मैनोलो मार्क्वेज के गौर्स को 2-1 से हराया था।

## दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** कप्तान आयुष बडोनी (99) और सुमित माथुर (86) शानदार पारियों के बाद शिवम शर्मा (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दिल्ली ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के तीसरे दिन रेलवे को पारी और 19 रन से हरा दिया है। दिल्ली ने आज सात विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। रेलवे के गेंदबाजों ने आज दिल्ली की पारी को 374 स्कोर पर रोक दिया। दिन का पहला विकेट सिद्धांत शर्मा (18) के रूप में गिरा। सुमित माथुर (86) को हिमांशु सांगवान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद सांगवान ने मनी ग्रेवाल (शून्य) को आउट कर दिल्ली की पारी का अंत कर दिया। इसी के साथ दिल्ली को 133 रनों की बढ़त मिल गई। रेलवे की ओर से हिमांशु सांगवान ने चार विकेट लिये। कुनाल यादव को तीन विकेट मिले। राहुल शर्मा, आयन चौधरी और कर्ण शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सुडोकू 6813 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |

# अर्थ जगत

## बजट से पहले 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर सस्ता

**नई दिल्ली।** बजट से पहले आम जनता के लिए राहत की खबर आई है। 1 फरवरी से कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 7 रुपये की कमी की गई है। यह घटा हुआ दाम सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर पर लागू होगा। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछले महीने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने 6 महीने बाद 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में 14.5 रुपये की कटौती की थी, जो कुछ मेट्रो शहरों में 16 रुपये तक पहुंच गई थी। नए साल की शुरुआत के बाद लगातार दूसरे महीने 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर के दाम कम हुए हैं।



# किसानों पर मेहरबान रहा बजट 2025, सामने आईं 6 नई योजनाएं

*__नई दिल्ली।__ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के मकसद से छह नई योजनाओं की घोषणा की तथा सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण प्राप्त करने की सीमा को तीन लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य, देशभर में रोजगार से लेकर फसल उत्पादकता बढ़ाने तक, हर चीज को बढ़ावा देना है। संसद में अपना आठवां बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कृषि को 'विकास का पहला इंजन बताया और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रस्ताव किया।*



यह सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, कम फसल लेने वाले क्षेत्र (जिन स्थानों पर दो या तीन की जगह कम या केवल एक ही फसल ली जाती हो) और ऋण लेने के औसत मापदंडों से कम ऋण लेने वाले 100 कृषि-जिलों को लक्षित करना है। राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में लागू की जाने वाली इस योजना से कृषि उत्पादकता बढ़ने, फसल विविधीकरण और कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे में सुधार के जरिये 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

**ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम**- ग्रामीण बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार एक व्यापक 'ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम लागू करेगी। सीतारमण ने कहा, ''इनका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर पैदा करना है ताकि पलायन एक विकल्प रहे, लेकिन अनिवार्यता न होने पाये। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, ग्रामीण युवाओं, सीमांत और छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों पर केंद्रित होगा। दलहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए एक बड़े कदम के रूप में छह साल का मिशन अरहर, उड़द और मसूर उत्पादन को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। इस पहल के तहत, सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ इन एजेंसियों के साथ समझौते करने वाले पंजीकृत किसानों से चार साल तक दालों की खरीद करेंगी।

**मखाना बोर्ड की स्थापना**- में फ्रोजन फिश पेस्ट पर कस्टम ड्यूटी में कटौती, आयात सस्ता होगा। बिहार के मखाना क्षेत्र के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में सुधार के लिए एक समर्पित मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। बोर्ड किसानों को एफपीओ में संगठित करेगा और सरकारी योजना के लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण सहायता प्रदान करेगा।

**केसीसी से मिलेगा ज्यादा कर्ज**- वित्त मंत्री ने केसीसी लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की, 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए सब्सिडी वाले अल्पकालिक ऋण की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का प्रस्ताव किया। एक नया रिसर्च इकोसिस्टम मिशन, अधिक उपज, कीट-प्रतिरोधी और प्रतिकूल जलवायु-सहिष्णु बीजों को विकसित करने और प्रचारित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें जुलाई, 2024 से शुरू की गई 100 से अधिक बीज किस्मों को व्यावसायिक रूप से जारी करने की योजना है।

**पांच वर्षीय कपास मिशन** - इसके अतिरिक्त, एक पांच वर्षीय कपास मिशन उत्पादकता में सुधार और 'एक्स्ट्रा-लांग स्टेपल कपास किस्मों को बढ़ावा देने पर काम करेगा, जो कपड़ा क्षेत्र के लिए भारत के एकीकृत 5-एफ दृष्टिकोण का समर्थन करेगा। मछली और जलीय कृषि में दूसरे सबसे बड़े वैश्विक उत्पादक के रूप में भारत की स्थिति को मान्यता देते हुए 60,000 करोड़ रुपये के समुद्री खाद्य निर्यात के साथ सरकार भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र और दूर समुद्र में स्थायी मछली पकड़ने के लिए एक रूपरेखा पेश करेगी और इसके लिए विशेष रूप से अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह पर ध्यान केंद्रित करेगी।

**असम में लगेगा यूरिया प्लांट**- अन्य घोषणाओं में असम के नामरूप में एक नए यूरिया संयंत्र की योजना भी शामिल है, जिसकी वार्षिक क्षमता 12.7 लाख टन है। इसके अलावा सहकारी क्षेत्र के ऋण संचालन के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को समर्थन बढ़ाने की घोषणा की गई है। बागवानी क्षेत्र में, बढ़ती आय के कारण से प्रेरित बढ़ती खपत पद्धति को ध्यान में रखते हुए, सब्जियां, फल और श्री अन्न उगाने वाले किसानों के लिए उत्पादन, कुशल आपूर्ति श्रृंखला, प्रसंस्करण और लाभकारी कीमतों को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम लागू किया जाएगा।

इस पहल को राज्यों के साथ साझेदारी में लागू किया जाएगा, जिसमें उचित संस्थागत तंत्र के माध्यम से किसान-उत्पादक संगठनों और सहकारी समितियों को शामिल किया जाएगा। बजट पर टिप्पणी करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह एक दूरदर्शी बजट है, जिसमें समाज के हर वर्ग के साथ-साथ हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। बजट में कृषि और किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। चौहान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''इसमें विश्वास की खुशबू है, विकास की तड़प है और विकसित भारत के निर्माण की बैचैनी है। उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है।

# बजट के बाद घटे सोने-चांदी के दाम



*__नई दिल्ली।__ केंद्रीय बजट 2025-26 के बाद सोने और चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में गोल्ड और सिल्वर पर कस्टम ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं किया गया लेकिन इसके बावजूद दोनों धातुओं की कीमतों में कमी आई।*

खबर लिखे जाने के समय एमसीएक्स पर सोने की कीमत 0.03 फीसदी गिरकर 82,211 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास जबकि चांदी की कीमत 0.22 फीसदी गिरी, ये 93,123 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। हालांकि कुछ समय बाद दोनों के वायदा भाव में फिर से तेजी आई। शनिवार सुबह बजट पेश होने से पहले सोने-चांदी में तेजी देखी गई थी।

**शुक्रवार को सोने की कीमत**- राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 84,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे सत्र में तेजी जारी रही और यह 1,100 रुपए की तेजी के साथ 84,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। एक जनवरी को स्थानीय बाजार में सोना 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जिसके बाद से इसमें 5,510 रुपए या सात प्रतिशत की तेजी आई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में 1,100 रुपए की तेजी आई और यह अबतक के सर्वोच्च स्तर 84,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछली बंद भाव 83,400 रुपए प्रति 10 ग्राम था। शुक्रवार को चांदी 850 रुपए की तेजी के साथ 95,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को चांदी 94,150 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 400 अंक गिरा, मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा बिकवाली

*__नई दिल्ली।__ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में आज यानी 1 फरवरी को बजट पेश किया। इसके बाद से बाजार में दिन के ऊपरी स्तर 77,899 से 649 अंक की गिरावट देखने को मिल रही है। अभी सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 77,080 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में 100 अंक की गिरावट है, ये 23,400 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।*



सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 20 में तेजी है। हस्श्व सेक्टोरल इंडेक्स के मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.89 प्रतिशत की गिरावट है।

**बजट से एक दिन पहले विदेशी निवेशकों ने 1,188.99 करोड़ के शेयर बेचे**- एनएस ई के डेटा के अनुसार, 31 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 1,188.99 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,232.22 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 31 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,544 पर बंद हुआ। एसएण्डपी 500 इंडेक्स 0.50 प्रतिशत गिरकर 6,040 पर बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.28 प्रतिशत की गिरावट रही।

**कल बाजार में 740 अंक की तेजी थी**- कल यानी 31 जनवरी को सेंसेक्स 740 अंक की तेजी के साथ 77,500 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 258 अंक की बढ़त रही, ये 23,508 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 6 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों से 44 में तेजी और 7 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत की तेजी रही।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 65 |
| एक यूरो | 89. 28 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 106 . 92 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 69 |
| एक जापानी येन | 0. 55 |


परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


## सराफा बाजार


दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 84300 चांदी -95000

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 84300 चांदी -95000


## दाल- चावल भाव


महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 11500-12500, मीडियम बोल्ड 12500-14000, फाइन 150000-16500, एकस्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8000-8100 चना दाल मार्का 8200-8300, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8400-8500, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-12000, फाइन 12000-13000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10200, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4800-5200, दुबार- 5200-5500, तिबार- 6000-6500, बासमती 8000-8500, बेस्ट 9500-10500 पोहा- 4400-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7500-8000 रु.।


## लोहा भाव


अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# फ्रोजन फिश पेस्ट पर कस्टम ड्यूटी घटने से समुद्री उत्पादों की कीमतें घटेंगी

*__नई दिल्ली।__ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में एक अहम घोषणा करते हुए फ्रोजन फिश पेस्ट पर कस्टम ड्यूटी को 15 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इस फैसले से समुद्री खाद्य उत्पादों के आयात को सस्ता किया जाएगा, जो भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है।*

विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से समुद्री उत्पादों की कीमतों में कमी आएगी और भारतीय बाजार में इन उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी। इसके अलावा, यह कदम समुद्री खाद्य निर्यातकों को भी सहारा दे सकता है, जो उच्च ड्यूटी दरों के कारण संघर्ष कर रहे थे। कस्टम ड्यूटी में यह कमी भारत में समुद्री उत्पादों के व्यापार को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



**मछली पालन करने वालों के लिए बड़ा ऐलान**- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2025-26 पेश करते हुए कहा कि सरकार विशेष आर्थिक क्षेत्रों और उच्च समुद्रों में मछली पालन क्षेत्र की पैदावार को बनाए रखने के लिए एक सक्षम ढांचा लाएगी। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए विनिर्माण मिशन नीति समर्थन और विस्तृत ढांचे के माध्यम से छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करेगा।

# ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में विकसित किया

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुंचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में एस1 एक्स (2किलोवाट) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर एस1 प्रो. 5.3 (किलोवाट) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा।



ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा हमारे पहले जनरेशन के स्कूटर्स के साथ हमने ग्राहकों को एक एस्पायरेशनल इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश किया था, जिसने देश में एक इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एक मुहिम छेड़ दी। दूसरी जनरेशन के स्कूटरों को हमने ज्यादा स्मार्ट बनाया और अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जिसके साथ हर भारतीय को अलग-अलग मूल्य वर्ग में स्कूटर मिल सके। आज हम जेन 3 पेश कर रहे हैं। इनके साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग नैक्स्ट लेवल में पहुंच रहा है। जेन 3 के स्कूटर बेजोड़ परफ्रामेंस और बेहतर एफिशियंसी प्रदान करते हैं, जो नए मानक स्थापित करते हुए एक बार फिर से इस उद्योग में परिवर्तन लेकर आएंगे।'' जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप एस1 प्रो. 5.3 किलोवाट और 4किलोवाट हैं, जिनके मूल्य क्रमश: 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। एस1 प्रो 4 किलोवाट और 3 किलोवाट बैटरी विकल्पों में क्रमश: 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है।

# टीडीएस में राहत से लेकर हाऊस प्रॉपर्टी टैक्स तक

## टैक्स और टीडीएस में राहत से ज्यादा बचत का मौका मिलेगा

*__नई दिल्ली।__ केंद्रीय बजट 2025 ने टैक्सपेयर्स को राहत की सौगात दी है। सरकार ने न सिर्फ इनकम टैक्स में छूट दी है, बल्कि कई ऐसे बदलाव किए हैं, जिनसे आम आदमी की जिंदगी आसान होगी और ज्यादा बचत का मौका मिलेगा। आइए जानते हैं इस बजट की 5 बड़ी खुशखबरियां!*

**1. अब 4 साल तक भर सकते हैं संशोधित रिटर्न**- पहले अगर रिटर्न में कोई गलती हो जाती थी तो उसे सुधारने के लिए सिर्फ 2 साल का समय मिलता था। लेकिन अब ये समयसीमा बढ़ाकर 4 साल कर दी गई है। मतलब, अब चिंता की कोई बात नहीं, आराम से रिटर्न में सुधार कर सकते हैं।

**2. टीडीएस और टीसीएस के नियमों में राहत**- किराया- अब किराए पर टीडीएस की सीमा 2.4 लाख रुपये से बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दी गई है। यानी अगर आप किराए पर प्रॉपर्टी दे रहे हैं तो आपको कम टैक्स देना पड़ेगा। विदेश में पैसा भेजने पर राहत एलआरएस स्कीम के तहत विदेश में धन भेजने पर अब 10 लाख रुपये तक कोई बड़ी परेशानी नहीं होगी क्योंकि टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़कर 10 लाख रुपये हो गई है।

टीसीएस भुगतान में देरी-अगर टीसीएस का भुगतान समय पर नहीं हुआ तो अब इसे अपराध नहीं माना जाएगा।

**3. सीनियर सिटिज़न्स के लिए खुशखबरी**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर टैक्स कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। यानी अब उन्हें ज्यादा ब्याज पर टैक्स छूट मिलेगी और बचत बढ़ेगी।

**4. छोटे धर्मार्थ ट्रस्टों के लिए राहत**

अब छोटे ट्रस्टों और संस्थाओं को बार-बार पंजीकरण की झंझट से राहत मिलेगी। पंजीकरण की अवधि 5 साल से बढ़ाकर 10 साल कर दी गई है, जिससे वे बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं।

**5. दो घरों पर टैक्स छूट का फायदा**

अब अगर आपके पास दो घर हैं (दोनों आपकी अपनी प्रॉपर्टी हैं), तो उन पर टैक्स देने में आपको छूट मिलेगी। पहले, अगर आपकी प्रॉपर्टी खाली पड़ी रहती थी या किराए पर नहीं दी जाती थी, तब भी सरकार उसकी एक तय राशि पर टैक्स लेती थी। लेकिन अब सरकार ने ये नियम आसान कर दिया है। अब आपकी दो प्रॉपर्टी पर टैक्स नहीं लगेगा (उसे शून्य वार्षिक मूल्य माना जाएगा)। इसका मतलब है कि आपको ज्यादा टैक्स नहीं देना पड़ेगा और आपकी बचत बढ़ेगी।





देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

फ्लैट बेचना है
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

CII Confederation of Indian Industry



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# सफल निवेश की अनंत संभावनाओं का परिवेश - मध्यप्रदेश

## इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

24 25 फरवरी 2025, भोपाल

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारंभ**

निवेश के प्रमुख क्षेत्र

टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स | फार्मा, मेडिकल डिवाइस एवं हेल्थ केयर | कृषि, खाद्य एवं डेयरी प्रसंस्करण | फिनटेक, आईटी/आईटीईएस/ ईएसडीएम एवं रोबोटिक्स इकोसिस्टम | ईवी, ऑटोमोबाइल एवं ऑटो कंपोनेंट्स | खनन एवं खनिज | नवीकरणीय ऊर्जा | कौशल विकास लॉजिस्टिक्स | पर्यटन | शहरी परिवहन एवं औद्योगिक अधोसंरचना



सेक्टोरल समिट

एग्जीबिशन एवं एक्सपो

थीमैटिक सेशन्स

प्रवासी मध्यप्रदेश समिट

आज ही रजिस्टर करें और संभावनाओं के नए द्वार खोलें

www.investmp.in

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11174/24